बीजगणित।

पूर्वार्ध

बहुत उदाहरणों से युक्त

बनारस के राजकीय संस्कृत पाठशाला में

गणित और ज्योतिःशास्त्र के

अध्यापक

श्रीबापूदेव शास्त्री ने बनाया।

दूसरी बार छापा

ELEMENTS OF ALGEBRA.

FIRST PART

WITH NUMEROUS EXAMPLES,

BY

PANDITA BÁPÚ DEVA SÁSTRÍ,

PROFESSOR OF MATHEMATICS AND ASTRONOMY IN THE SANSKRIT COLLEGE, BENARES
HONORARY MEMBER OF THE ROYAL ASIATIC SOCIETY OF GREAT BRITAIN
AND IRELAND, HONORARY MEMBER OF THE ASIATIC SOCIETY OF
BENGAL AND FELLOW OF THE CALCUTTA UNIVERSITY.

SECOND EDITION.

BENARES:

PRINTED AT THE MEDICAL HALL PRESS.

PRINTED BY E. J. LAZARUS & CO.,
AT THE MEDICAL HALL PRESS, BENARES.

TRANSLATION OF THE PREFACE.

The science of computation comprehends three branches:—

1st.—*That which treats of numbers.*—As the result at which we arrive in each case by the employment of numbers does not in general apply to other cases in which the numbers employed are different, this branch (viz. Arithmetic) is called in Hindí VYAKTA-GAṆITA, *i. e.* the computation of particulars. This department of mathematics was originally cultivated in India, whence it spread into other countries. This proposition is strongly supported by the circumstance that the Europeans acknowledge that they owe their knowledge of figures to the Arabs, by whom the science is called '*The Indian.*'

2d.—*That which treats of lines.*—In this branch of inquiry our investigations and conclusions are general; but it does not answer all the purposes of computation. The fundamental principles of this branch were at a very early date known in India, whence a knowledge of this science spread into Egypt and other countries. For a minute detail of the circumstances connected with this, the reader is referred to the preface to my KSHETTRAMITI (a treatise on Geometry in Sanskrit).

This department of Mathematics was termed REKHÁ-GAṆIT by Paṇḍita Jagannátha of the court of Jayasiñha, but I prefer the term KSHETTRA-MITI.

3d.—*That which treats of the relations of abstract quantities by means of letters and symbols.*—As the letters do not, like numbers, disappear when any operation is performed on them, and the result therefore must hold good whatever numbers are substituted for the letters the results arrived at by this method of computation are general. Hence it is called the computation of genera (TATTVA), or the root (MÚLA) of Arithmetic, or the computation of what are not merely particulars (AVYAKTA).

Regarding the invention of this science, *viz.* Algebra, I am disposed to think that it was orignally cultivated in India, whence it spread into other countries, as examples of Algebraical computation are to be found even in such ancient treatises as the SÚRYA-SIDDHÁNTA.

There is for instance in the SÚRYA-SIDDHÁNTA a rule, (which we give in a note),* deducible only by Algebraical computation,

---

* Subtract the square of the sine of the amplitude from the half of the square of the radious. Multiply the remainder by 144. Divide the product by the half of the square of the gnomon (that is, by 72) added to the square of the equinoctial shadow *i. e.* the midday-shadow of the gnomon when the sun is in the equinoctial points. Let the name of the result arrived at by this process of calculation be KARAṆÍ. Let the calculator write down this number for future reference. Then having multiplied twelve times the equinoctial shadow by the sine of the amplitude, let him divide it by the former divisor (*i. e.* by 72 added to the square of the equinoctial shadow). Let the result be called PHALA.

Let the PHALA be subtracted from, or added to, the square root of the KARAṆÍ increased by the square of the PHALA, according as the sun is south or north of the equinoctial. The result is called KOṆA-ŚANKU—*i. e.* "The sign of the altitude of the sun when situated in the vertical circle, of which the azimuth distance is 45.°" If the sun be south of the calculator, then the KOṆA-ŚANKU will be south-east or south-west, but if it be north of him, then it will be north-east or north-west.

Dem. Let x represent the KOṆA-ŚANKU.

" p " " PALABHÁ (*i. e.* the equinoctial shadow).

Let a represent AGRÁ (*i. e.* the sine of the amplitude).

" k " KARAṆÍ.

" f " PHALA.

Then $12 : p :: x : \frac{p}{12}x =$ ŚAKUNTALA.

Now, since the result of adding the AGRÁ to, or subtracting it from, the SANKUTALA, according as the sun is south or north of the equator, is called BHUJA (*i. e.* the sine of the difference between the sun's place and the prime vertical),

$$\therefore \frac{p}{12} x \pm a = \text{BHUJA}.$$

but when the sun is N. E., N. W., S. E., or S. W., it is equidistant from the prime vertical circle and meridian. Therefore the hypotenuse of a right-angled triangle, of which one side is the BHUJA and the other equal to it, is the sine of the zenith distance.

for determining the sine of the altitude of the sun when situated in the vertical circle of which the Azimuth distance is 45.° But all the original treatises on Algebra have perished, and of those compiled since the time of ÁRYA BHAṬA that of BHÁSKARÁCHÁRYA only is in use: the others are rarely to be met with.

The first treatise on Algebra published in Greece was that prepared about 1500 years ago by an ingenious Greek named Diophantus.

The Arabs and Persians have never been the inventors of any science. They have always borrowed from other nations. Algebra therefore could not have been a science of their invention.

$$\therefore \overline{\text{hyp.}}\Big]^2 = 2\left(\frac{p}{12}x \pm a\right)^2 = \frac{p^2}{72}x^2 \pm \frac{ap}{3}x + 2a^2$$

Now, since the square of the sine of the zenith distance added to the square of the sine of the altitude is equal to the square of the radius.

$$\therefore x^2 + \frac{p^2}{72}x^2 \pm \frac{ap}{3}x + 2a^2 = R^2$$

Clearing fractions, $72x^2 + p^2x^2 \pm 24\,apx + 144\,a^2 = 72\,R^2$

or $(p^2 + 72)\,x^2 \pm 24\,apx = 72\,R^2 - 144\,a^2$

$$\therefore x^2 \pm \frac{24\,ap}{p^2 + 72}x = \frac{72\,R^2 - 144\,a^2}{p^2 + 72} = \frac{144\,(\frac{1}{2}R^2 - a^2)}{p^2 + 72}$$

Now, in the foregoing equation it will be observed, that the value of the side containing the known quantities is what has been already spoken of under the name of KARAṆÍ, and that the half of the co-efficient of x is what has been already spoken of under tha name of PHALA.

$$\therefore x^2 \pm 2fx = k$$

Completing the square $x^2 \pm 2fx + f^2 = f^2 + k$

Extracting the square root $x \pm f = \sqrt{f^2 + k}$

$$\therefore x = \sqrt{f^2 + k} \mp f \qquad \text{(A)}$$

From this it is evident that PHALA is subtracted from, or added to, the square root of the KARAṆÍ increased by the sqaure of the PHALA according as the sun is south or north of the equinoctial.

in (A), if $\sqrt{f^2 + k}$ be assumed as negative, then the value of x (*i. e.* of the KOṆAŚANKU) will also be negative, (*i. e.* the sun will be below the horizon).

As the foregoing calculation is effected by a method of procedure clearly Algebraical, it follows that the Hindus were in possession of that science at the date of the earliest of their mathematical treatises.

Now we cannot say that they borrowed from the Greeks, since the mathematical works of the Arabs are essentially different from those of Diophantus. Hence there can be little doubt that they derived their Algebra, as well as Arithmetic, from the Hindús. This science was in course of time introduced by the Arabs into Europe, and thence spread into other quarters of the globe.

The first European treatise on Algebra was that of the Italian Lucas de Burgo A. D. 1478. The science was next cultivated in Germany, and Stifel introduced the symbols +, —, and √ in the year 1544. In 1557, Robert Recorde introduced the science into England. Spreading over the whole of Europe, it has now reached a very high degree of perfection.

There are a great variety of problems admitting of an easy solution by the aid of European Algebra, which cannot be solved by the Hindú method. Mr. D. F. M'Leod (then Magistrate of Benares and afterwards Lieutenant Governor of the Punjab) therefore desired me to prepare a treatise on European Algebra in the Hindí language. Although to write properly on such a subject requires a very intelligent person, seeing that Bháskaráchárya declares the science to be nothing else than "reason exerted," yet, however incompetent for the task, being anxious to meet the wishes of this gentleman, I ventured upon the undertaking. When the first part of this work was completed, it was lithographed at Bombay in the year 1850 by order of Government, N. W. P. The first part is out of print and the second part is ready for the press. As many people are now very anxious to get the whole work *i. e.* the first and second parts printed, Mr. Kempson the director of Public Instruction, N. W. P. has encouraged me to publish it.

The work is compiled from various European and Native authors, and Ślokas of Bháskaráchárya are occasionally quoted.

The first part, which contains 5 chapters, has now been considerably improved and many examples have been added to it.

Chapter I. Definition of terms.

Chapter II. Simple Rules including Involution, Evolution, Properties of prime quantities, &c.

Chapter III. The Greatest Common Measure and Least Common Multiple.

Chapter IV. Algebraic Fractions, Determination of the real values of $\frac{0}{0}$ and $\frac{\infty}{\infty}$, Circulating decimal periods &c.

Chapter V. Nature and Classifications of Equations, Simple Equations involving one unknown quantity, Simple Equations of two or more unknown quantities, Problems producing simple Equations and Single and Double Position.

BENARES SANSKRIT COLLEGE:
The 18*th February*, 1874.

BÁPÚ DEVA ŚÁSTRÍ.

॥ श्रीः ॥

भूमिका ।

गणित तीन प्रकार का है । उस में

१ । जो एक, दो इत्यादि संख्याओं से बनता है वह एक गणित है । इस में जो गणनाप्रकार एकत्र उपपन्न हो सो प्रायः अन्यत्र उपपन्न नहीं होता इसलिये यह विशेष गणित कहलावे और इसी लिये इस की व्यक्त गणित अर्थात् स्पष्ट गणित संज्ञा है । यह पहिले भारतवर्ष में उत्पन्न हुआ और फिर यहां से सब पृथ्वी में फैल गया क्योंकि यह अत्यन्त प्रसिद्ध है कि यह गणित युरोपीयन लोगों ने आरबों से लिया और आरब लोगों ने भारतवर्ष से लिया क्योंकि वे इस को हिसाबे हिन्द कहते हैं ।

२ । जो गणित रेखाओं से बनता है यह दूसरा । इस से जो गणनाप्रकार एकत्र उपपन्न हो वह सर्वत्र उपपन्न होता है परन्तु इससे गणितमात्र का निर्वाह नहीं है । इस गणित की तत्त्वबातें अतिप्राचीन काल से भारतवर्ष में प्रसिद्ध हैं इस में किसी को संशय नहीं, परन्तु यह मिश्रादि देशों में बहुत फैल गया । इस का सविस्तर वृत्तांत मत्कृत क्षेत्रमिति ग्रन्थ की भूमिका में देख लेओ । इस प्रकार का नाम जयसिंह राजा के जगन्नाथ नामक पण्डित ने रेखागणित रखा है परन्तु हम ने इस का नाम क्षेत्रमिति रखा है ।

३ । जो गणित संख्याओं के स्थान में अक्षर रखके उन से बनाते हैं वह तीसरा । इस में एकत्र जो गणितप्रकार उपपन्न हो उस का व्यभिचार अन्यत्र कहीं नहीं होता क्योंकि जो अक्षर किसी एक संख्या का द्योतक हो तो वह संख्याओं के ऐसा दूसरे अक्षर में लुप्त नहीं हो जाता

इसलिये इस में फल में जो एक २ अक्षर के स्थान में कोइ संख्या रखो तो वह फल कभी अशुद्ध नहीं होता अतएव यह सामान्य गणित कहलावे। और इसी लिये इस को बीज अर्थात् तत्त्व वा मूल और अव्यक्त कहते हैं। अब यह गणित पृथ्वीपर पहिले किस देश में उत्पन्न हुआ इस का विचार करते हैं।

मेरे विचार में यह आता है कि यह गणित पहिले हिन्दुस्थान में उत्पन्न हुआ फिर यहां से सर्वत्र फैला है। इस का कारण यह है कि, सूर्यसिद्धान्तादिक जो अति प्राचीन ग्रन्थ हैं इन सभों में इस गणित से उपपन्न हुए प्रकार मिलते हैं। जैसा सूर्यसिद्धान्त में कोणशङ्कु का आनयन जो* टिप्पणी में लिखा है इस की उपपत्ति बीजगणित के

---

* त्रिज्यावर्गार्धतोऽग्रज्यावर्गोनाद्द्वादशाहतात्। पुनर्द्वादशनिघ्नाच्च लभ्यते यत् फलं बुधैः॥
शङ्कुवर्गार्धसंयुक्तविषुवद्वर्गभाजितात्। तदेव करणी नाम तां पृथक् स्थापयेद्बुधः॥
अर्कघ्नी विषुवच्छायाग्रज्यया गुणिता तथा। भक्ता फलाख्यं तद्वर्गसंयुक्तकरणीपदम्॥
फलेन हीनसंयुक्तं दक्षिणोत्तरगोलयोः। याम्ययोर्विदिशोः शङ्कुरेवं याम्योत्तरे रवौ॥
परिभ्रमति शङ्कोस्तु शङ्कुरुत्तरयोस्तु सः॥

इस का अर्थ। त्रिज्या के वर्ग के आधे में अग्रा का वर्ग घटा के शेष को १२ से गुण के फिर उस को १२ से गुण देओ और इस में शङ्कुवर्ग के आधे अर्थात् ७२ से सहित जो पलभावर्ग उस का भाग देओ इससे जो भजनफल गणक लोग पावेंगे उस का नाम करणी होवे उस करणी को गणक अलग लिख रखे फिर १२ गुनी पलभा को अग्रा से गुण के उस में वैसाहि भाग देओ अर्थात् ७२ से सहित जो पलभावर्ग उस का भाग देओ जो लब्ध होगा उस का नाम फल होवे। अब इस फल के वर्ग से सहित जो करणी उस का वर्गमूल उस फल से रहित वा सहित करो जब सूर्य दक्षिण वा उत्तर गोल में होवे अर्थात् जो सूर्य दक्षिण गोल में होवे तो करणी के वर्गमूल में फल घटा देओ और जो उत्तर गोल में होवे तो फल जोड़ देओ सो शङ्कु होता है। यह शङ्कु जिस स्थान के लिये शङ्कु सिद्ध करते हो उस की दक्षिण की ओर सूर्य भ्रमण करता हो तो अग्नेयी और नैर्ऋती दिशाओं में बनता है और जो उत्तर की ओर सूर्य भ्रमण करता हो तो ईशानी और वायवी दिशाओं में बनता है।

इस की उपपत्ति यह है।

यहां मानो य = कोणशङ्कु। तब १२: पलभा :: य: $\frac{प}{१२}$ य = शङ्कुतल।

बिना नहीं हो सकतों इसलिये इन अतिप्राचीन ग्रन्थों के भी पहिले से बीजगणित यहां प्रसिद्ध है यह सिद्ध होता है । परन्तु बीजगणि के आर्ष ग्रन्थ सब नष्ट हुए सांप्रत आर्यभट के काल से इधर जो बीज

अब जो दक्षिण गोल में सूर्य हो तो शङ्कुतल में अग्रा जोड़ देने से और जो उत्तर गोल में हो तो घटादेने से भुज बनता है $\therefore \frac{\text{प}}{१२}\text{य} \pm \text{अ} = \text{भुज}$ ।

परंतु जब कोण में सूर्य रहता है तब उस का जितना अन्तर सममण्डल से रहता है उतनाहि याम्योत्तर वृत्त से रहता है इसलिये तब दृग्ज्या अर्थात् नतांशों की ज्या कर्ण होती है और भुज और कोटी ये दोनों भुज के समान होते हैं ।

$$\therefore \text{दृग्ज्या}^{२} = २\left(\frac{\text{प}}{१२}\cdot\text{य} \pm \text{अ}\right)^{२} = \frac{\text{प}^{२}}{७२}\text{य}^{२} \pm \frac{\text{अप}}{३}\text{य} + २\,\text{अ}^{२} \text{ ।}$$

अब शङ्कुवर्ग और दृग्ज्यावर्ग इन का योग त्रिज्यावर्ग के समान होता है ।

$$\therefore \text{य}^{२} + \frac{\text{प}^{२}}{७२}\text{य}^{२} \pm \frac{\text{अप}}{३}\text{य} + २\,\text{अ}^{२} = \text{त्रि}^{२}$$

छेदगमसे, $\quad ७२\,\text{य}^{२} + \text{प}^{२}\text{य}^{२} \pm २४\,\text{अपय} + १४४\,\text{अ}^{२} = ७२\,\text{त्रि}^{२}$

वा, $\quad (\text{प}^{२} + ७२)\,\text{य}^{२} \pm २४\,\text{अपय} = ७२\,\text{त्रि}^{२} - १४४\,\text{अ}^{२}$

$$\therefore \text{य}^{२} \pm \frac{२४\,\text{अप}}{\text{प}^{२} + ७२}\text{य} = \frac{७२\,\text{त्रि}^{२} - १४४\,\text{अ}^{२}}{\text{प}^{२} + ७२} = \frac{१४४\,(\frac{१}{२}\text{त्रि}^{२} - \text{अ}^{२})}{\text{प}^{२} + ७२}$$

इस से स्पष्ट प्रकाशित होता है कि इस में जो व्यक्त पक्ष है उस की करणी संज्ञा किई है और य के वारद्योतक के आधे की फलसंज्ञा किई है ।

$\therefore \text{य}^{२} \pm २\,\text{फय} = \text{क}$

वर्गपूर्ति से, $\text{य}^{२} \pm २\,\text{फय} + \text{फ}^{२} = \text{फ}^{२} + \text{क}$

मूल लेने से, $\text{य} \pm \text{फ} = \sqrt{\text{फ}^{२} + \text{क}}$

$\therefore \text{य} = \sqrt{\text{फ}^{२} + \text{क}} \mp \text{फ}$

इस से फल के वर्ग से सहित जो करणी उस का वर्गमूल उस फल से रहित वा सहित करो जब सूर्य दक्षिण वा उत्तर गोल में होवे यह स्पष्ट प्रकाशित होता है

इस में जो $\sqrt{\text{फ}^{२} + \text{क}}$ यह व्यक्तपक्ष का मूल ऋण मानो तो दोनों गोल में शङ्कुमान ऋण होगा अर्थात् तब सूर्य क्षितिज के नीचे कोणवृत्त में आवेगा ।

यह ऊपर का गणित केवल बीजही से बनता है इस से स्पष्ट है कि इन अतिप्राचीन सिद्धान्तों के भी पहिले से बीजगणित का प्रचार यहां था ।

बने हैं उन में एक श्रीभास्कराचार्य का बीजगणित प्रसिद्ध है और एक क्वचित् मिलते हैं।

अनुमान १५०० बरस पहिले ग्रीस देश में एक डायाफण्टस नामें विद्वान् हुआ उस ने वहां बीज का ग्रन्थ पहिले बनाया।

आरब वा फारस के लोगों से कोई विद्या कभी उत्पन्न नहीं हुई इन्हों ने सब विद्याओं का संग्रह इधर उधर से किया तब बीजगणित अवश्य इन्हों ने दूसरे से लिया है इस में संशय नहीं सोभी ग्रीक लोगों से न लिया होगा क्योंकि डायाफण्टस का बीज और आरबों का बीज इन में बड़ा बीच है इसलिये उन्होंने यह ग्रीक लोगों से नहीं लिया यही सिद्ध होता है। तब अवश्य वे जैसा व्यक्तगणित हिन्दुस्थान से ले गये वैसा बीजगणित भी यहां से ले गये होंगे यह सम्भाव्य है। फिर आरब से युरोप में गया। यों समय पृथ्वी में बीजगणित हिन्दुस्थान से गया है।

युरोप में बीजगणित का ग्रन्थ पहिले ईसवी सन् १४७८ में लुकास डी बर्गो नामक एक विद्वान इटली देश में ले गया फिर वहां से जर्मनी देश में गया वहां सन् १५४४ में स्टिफेल नामक एक विद्वान नें धन, ऋण और मूल इन को द्योतित करने के लिये क्रम से +, −, √ ये चिह्न ठहराए। फिर थोड़ेही काल से सन् १५५७ में राबर्ट रिकार्ड ने इग्लंड में इस विद्या का प्रचार किया यों युरोप में यह विद्या फैल गई। वह अब वहां परमावधि के निकट पहुंची है संप्रति युरोपियन रीति से जो २ बीज के विषय सिद्ध होते हैं वे हमारे भारतवर्षीय बीजों से किसी प्रकार से साध्य नहीं हैं इस कारण वे बीज के प्रकार इस देश में प्रसिद्ध होने के लिये पहिले श्रीयुत डी. एफ. मेक्लाड साहिब ने (जो फिर पंजाब के गवर्नर हुए थे) मुझ को यह ग्रन्थ हिन्दी में बनाने की आज्ञा दिई। फिर यद्यपि बीज का ग्रन्थ करना यह अतिशय सूक्ष्म बुद्धि जिस की होगी उसी का काम है क्योंकि यह केवल बुद्धि का व्यापार है (यों भास्करा-

चार्य ने भी अपने ग्रन्थ में लिखा है) तथापि मैं अल्पबुद्धि केवल उस पूर्वोक्त महाशय की इच्छा पूरी करने के लिये उस की आज्ञा के अनुसार इस ग्रन्थ के बनाने में प्रवृत्त हुआ। और जब इस ग्रन्थ का पूर्वार्धं बन गया तब वह पश्चिमोत्तर देशाध्यक्ष श्रीगवर्नर साहिब की आज्ञा से सन् १८५० में बंबई में छापा गया। फिर पहिली बार छपीहुई पूर्वार्धं की प्रति सब उठ गई, और इस ग्रन्थ का उत्तरार्धं भी हमारा बनाया हुआ छापने के लिये सिद्ध हुआ। और जब बहुत लोगों को इस समग्र ग्रन्थ के छपजाने की बड़ी उत्कण्ठा हुई तब पश्चिमोत्तर देश की सब शाखाओं के डैरेक्टर श्री केमसन् साहिब ने इस समग्र ग्रन्थ के छप जाने में मुझ को बड़ा प्रोत्साहन और साहाय्य किया।

यह ग्रन्थ अनेक अंग्रेजी के और इस देश के बीजगणितों को देख के बनाया है इस में प्रसंग से श्रीभास्कराचार्य के श्लोक भी कहीं २ लिखे हैं। इस का पूर्वार्धं जो पहिली बार छपा था उस से सांप्रत के पूर्वार्धं में बहुत विशेष हैं और अभ्यास के लिये उदाहरण भी पहिले से बहुत अधिक इस में लिखे हैं।

इस पूर्वार्धं में ५ अध्याय हैं।

१ ले अध्याय में परिभाषा, और उस का अच्छी भांति बोध होने के लिये कुछ उत्थापन के उदाहरण और प्रत्यक्ष बातें इतने विषय हैं।

२ रे में संकलन, व्यवकलन इत्यादि ६ परिकर्म और अन्त में प्रकीर्णक अर्थात् अग्रिम विषयों के उपयोगी कुछ फुटकर विषय लिखे हैं। इस प्रकीर्णक में पहिले समान वा विषम दो पक्षों का समशोधन वा पक्षान्तरनयन, संक्रमण, बीजात्मक अदृढ राशि के गुण्यगुणकरूप अवयवों का ज्ञान होने के लिये कुछ उपयोगी युक्ति और परस्पर जो दो राशि दृढ़ हैं उन के गुण इतने विषय कहे हैं।

३ रे में बीजात्मक पदों का महत्समापवर्तन और लघुतमापवर्त्य जानने के प्रकार हैं ।

४ थे में बीजात्मक, भिन्नपद, उन के भेद, उन के संकलनादिक ६ परिकर्म और प्रकीर्णक इतने विषय कहे हैं । इस प्रकीर्णक में छेदगम, विषमपत्तों का गणित, ऋणात्मक और भिन्नात्मक घातमापक, ० और ∞ इन के गुण और $\frac{0}{0}$ और $\frac{\infty}{\infty}$ इन राशिओं का वास्तव मान जानने की रीति, और अन्त में दशमलव भिन्नराशिओं का गणित है ।

५ वे में समीकरण, उस के भेद, एकवर्ण एकघातसमीकरण, अनेकवर्ण एकघातसमीकरण, एकघातसमीकरणसंबन्धि प्रश्न, और अन्त में इष्टकर्म और द्वीष्टकर्म है ।

॥ अनुक्रमणिका ॥

अध्याय ५

नत्वेभास्यं वक्ष्ये गुरोपियनरीतितो बीजमें
स्फुटया हिन्द्याख्यगिरा बापूदेवाभिधानोऽहम् ॥ १ ॥

बीजगणित ।

अध्याय १ ।

प्रक्रम १ । अ, क, ग, इत्यादि अक्षरों को संख्याओं के द्योतक अर्थात् दिखलाने हारे मान के उन्हीं अक्षरों से जो गणित करते हैं उस को बीजगणित कहते हैं । यह प्रायः सब गणितों का उपयोगी है ।

यहां जो जो संख्या व्यक्त अर्थात् जानी हुई हैं उन के द्योतक अ, क, ग, इत्यादि वर्णमाला के पहिले अक्षर मानलिये हैं। और जो संख्या अव्यक्त अर्थात् अज्ञात हैं उन के द्योतक य, र, ल, इत्यादि वर्णमाला के अन्त के अक्षर मानलिये हैं । और जिन संख्याओं के व्यक्तत्व का वा अव्यक्तत्व का निश्चय नहीं है उन के द्योतक त, थ, द, इत्यादि मध्यम वर्ण मानलिये हैं । और इन सब वर्णों के संकलन, व्यवकलन इत्यादि परिकर्मों को कितने एक +, −, ×, ÷ इत्यादि चिह्नों से दिखलाते हैं ।

परिभाषा ।

२ । + यह चिह्न संकलन का द्योतक, इस को धन चिह्न कहते हैं । यह चिह्न जिस पद के अर्थात् किसी संख्या के दिखलाने हारे बीजात्मक चिह्न के पहिले रहता है सो दिखलाता है कि उस केवल पद की संख्या जोड़ी हुई है उस को धन पद कहते हैं। और इसीलिये कोई दो पदों के बीच में वा बहुत पद होवें तो पास २ के दो २ पदों के बीच में + इस चिह्न को लिखने से जो बनता है वह दिखलाता है कि उन सब

पदों की संख्या मिलके इकट्ठां किई हुई है। जैसा। अ + क यह दिखलाता है कि अ की संख्या में क की संख्या मिलाई है। और अ + क + ग यह अ, क और ग इन की संख्याओं के योग को दिखलाता है।

३। − यह चिह्न व्यवकलन का द्योतक, इस को ऋण चिह्न कहते हैं। यह चिह्न जिस पद के आदि में रहता है सो दिखलाता है कि उस केवल पद की संख्या घटाई है। और उस को ऋण पद कहते हैं। जैसा। अ − क यह दिखलाता है कि अ की संख्या में क की संख्या घटाई है।

४। $\overline{\text{अ}+\text{क}} + \overline{\text{ग}-\text{घ}}$, (अ + क) + (ग − घ), {अ + क} + {ग − घ}, वा, [अ + क] + [ग − घ] ये सब चारों प्रत्येक दिखलाते हैं कि अ + क की संख्या में ग − घ की संख्या जोड़ दिई है। और $\overline{\text{अ}+\text{क}} - \overline{\text{ग}-\text{घ}}$, (अ + क) − (ग + घ) इत्यादि प्रत्येक दिखलाते हैं कि अ + क की संख्या में ग − घ, की संख्या घटा दिई है। ‒‒ इस चिह्न को शृङ्खल और ( ), { } और [ ] इन को कोष्ठ कहते हैं। ये सब प्रत्येक दिखलाते हैं कि अपने अन्तर्गत जो पद हैं वे मिलके एक पद है।

एक हि अर्थ दिखलाने के लिये एक शृङ्खल और तीन कोष्ठ ये चार चिह्न कल्पना करने का प्रयोजन यह है कि जब एक कोष्ठ का काम हो तब तो प्रायः ( ) यही कोष्ठ लिखते हैं और एक के बाहर एक ऐसे अनेक कोष्ठ करने का काम पड़े तब जो एक हि प्रकार का कोष्ठ का चिह्न हो तो कौन कोष्ठ कहां तक है इस का तुरंत बोध न होगा और विजातीय कोष्ठ हों तो इस में व्यामोह न होगा।

जैसा। च − [घ − {ग − (अ + क)}] यह दिखलाता है कि अ + क की संख्या को ग की संख्या में घटा के शेष को फिर घ की संख्या में घटा के इस शेष को च की संख्या में घटा देओ। जो एक हि प्रकार का कोष्ठ का चिह्न हो तो इस अर्थ की शीघ्र उपस्थिति न होगी। इस लिये अनेक प्रकार के कोष्ठ के चिह्न कल्पना किये हैं।

५। × यह वा · यह चिह्न गुणन का द्योतक है। जैसा, अ × क वा अ·क यह अ और क इन के गुणनफल को दिखलाता है। इसी भांति अ × क × ग, वा, अ·क·ग यह अ, क और ग इन के गुणनफल को दिखलाता है। यहां अ, क और ग इन को गुण्यगुणकरूप अवयव कहते हैं। परंतु जो गुण्यगुणकरूप अवयव केवल बीजात्मक पद हों तो उन के गुणनफल में लाघव के लिये प्रायः गुणनचिह्न नहीं लिखते,। जैसा। अ, क और ग इन के गुणनफल को प्रायः अकग, यों लिखते हैं और ३, य और र इन के गुणनफल को ३यर यों लिखते हैं।

इसी भांति अ (क + ग), वा, अ × $\overline{क + ग}$ इत्यादि प्रत्येक दिखलाते हैं कि क + ग की संख्या को अ की संख्या से गुण दिया है। और $\overline{अ + क} \times \overline{अ + ग}$, वा, (अ + क) (अ + ग) इत्यादि प्रत्येक अ + क और अ + ग के गुणनफल को दिखलाते हैं।

किसी पद के गुण्यगुणकरूप दो अवयव मान के गुणक को गुण्य का वारद्योतक कहते हैं। जैसा। ५ अय, यहां ५ को अय का वारद्योतक कहते हैं। ५ अ को य का वारद्योतक कहते हैं। और इसी लिये अ का वारद्योतक १ है।

६। ÷ यह चिह्न भागहार का द्योतक है। जैसा। अ ÷ क यह दिखलाता है कि अ की संख्या में क की संख्या का भाग दिया है। परन्तु भिन्नपद का अंश भाज्य है और छेद भाजक है इसलिये भाज्यभाजकों को भिन्नपद की रीति से भी लिखते हैं। जैसा, $\frac{अ}{क}$।

ऐसाहि। $\overline{अ + क} \div \overline{ग - घ}$, (अ + क) ÷ (ग − घ), $\frac{अ + क}{ग - घ}$ ये हर एक दिखलाते हैं कि अ + क की संख्या में ग − घ की संख्या का भाग दिया है।

७। समान अर्थात् एकरूप दो वा बहुत पदों के गुणनकर्म को घातक्रिया कहते हैं। और समान पदों की संख्या को घातमापक कहते हैं।

यही घातमापक घातक्रिया का द्योतक चिह्न है इस को मूलपद के ऊपर दहिनी ओर लिखते हैं ।

जैसा । अ × अ वा अअ इस के स्थानपर अर्थात् अ को इसी से गुणके जो फल होगा उस के स्थानपर $अ^{२}$ यों लिखते हैं । और $अ^{२}$ इस को अ का वर्ग वा अवर्ग कहते हैं ।

ऐसाहि । अ × अ × अ, वा, अअअ के स्थानपर $अ^{३}$ यह लिखते हैं । और इस को अ का घन वा अघन कहते हैं ।

और अ × अ × अ × इत्यादि न पदों के गुणनफल के स्थानपर $अ^{न}$ यों लिखते हैं । और इस को अ का नघात वा अनघात कहते हैं ।

और इसी लिये अ का घातमापक १ है वा अ यह $अ^{१}$ इस के समान है ।

इसी भांति $(अ + क)^{२}$, $(अ + क)^{३}$, $(अ + क)^{म}$ ये क्रम से अ + क के वर्ग, घन और मघात को दिखलाते हैं ।

८ । कोई एक पद जिस किसी दूसरे पद का वर्गादिक घात हो उस दूसरे पद को उस घातरूप पद का वर्गादिमूल कहते हैं । और उस घात के घातमापक को उस मूलरूप पद का मूलमापक कहते हैं । यही मूलमापक इस चिह्न में रह के मूलक्रिया को दिखलाता है ।

जैसा । $\sqrt[२]{अ}$ यह अ के वर्गमूल को दिखलाता है । इस को प्रायः $\sqrt{अ}$ यों ही लिखते हैं ।

$\sqrt[३]{अ}$ यह अ के घनमूल को दिखलाता है ।

$\sqrt{अ}$ यह अ के चतुर्घातमूल को दिखलाता है ।

$\sqrt[न]{अ}$ यह दिखलाता है कि जितनी न की संख्या होगी उतना अ का मूल लिया है इस को अ का नघातमूल कहते हैं ।

ऐसाहि । $\sqrt{अ + य}$ यह अ + य के वर्गमूल को दिखलाता है ।

क $\sqrt[३]{अ - य}$ यह दिखलाता है कि अ − य के घनमूल को क से गुण दिया है।

सातवे प्रक्रम में जो घातमापकों के लिखने का प्रकार कहा है उस से यह सिद्ध होता है कि घातमापक का छेद मूलमापक है* । इस हेतु से घात और मूल इन के कर्म समान क्रिया से बनने के लिये भिन्नघातमापक के द्वारा मूलक्रिया को दिखलाते हैं।

जैसा । $अ^{\frac{१}{२}}$ यह अ के एकघात के वर्गमूल को अर्थात् अ के वर्गमूल को दिखलाता है।

इसी भांति $अ^{\frac{१}{३}}$ यह अ के घनमूल को दिखलाता है। $अ^{\frac{१}{४}}$ यह अ के चतुर्घातमूल को दिखलाता है। और $अ^{\frac{१}{न}}$ यह अ के नघातमूल को दिखलाता है।

और $अ^{\frac{२}{३}}$ यह दिखलाता है कि अ के वर्ग का घनमूल लिया है वा अ के घनमूल का वर्ग किया है।

ऐसाहि । $\overline{अ + क}\big\backslash^{\frac{१}{२}}$ यह वा $(अ + क)^{\frac{१}{२}}$ यह अ + क के वर्गमूल को दिखलाता है। $(अ - य)^{\frac{३}{४}}$ यह अ − य इस के घन के चतुर्घातमूल को वा चतुर्घातमूल के घन को दिखलाता है।

८ । इस प्रक्रम में दूसरे कितने एक उपयोगी चिह्नों को लिखते हैं।

(१) :, ::, : यह वा :, =, : यह तीन अवयवों का चिह्न अनुपात को दिखलाता है। जैसा, अ : क :: ग : घ, वा, अ : क = ग : घ, यह दिखलाता है कि अ का क में भाग देने से जो लब्ध होगा वही ग का घ में ।

(२) = यह चिह्न समता को वा एकरूपता को दिखलाता है। जैसा, अ + य = क − ग, यह दिखलाता है कि अ में य को जोड़ देने से जो बनता है सो क में ग को घटा देने से जो बचता है उस के समान है।

---

* इस को उपपत्ति (७२) वे प्रक्रम के (८) वी युक्ति में देखो।

ऐसाहि । य + अ = र − क = ल + २ ग यह दिखलाता है कि य + अ, र − क और ल + २ ग इन तीनों का मोल समान है ।

(३) जिन दो पदों के बीच में < यह वा > यह चिह्न रहता है उन में जो पद चिह्न के अग्र की ओर रहता है वह दूसरी ओर के पद से न्यून होता है । जैसा । अ > क, वा, क < अ, यह दिखलाता है कि अ से क न्यून है ।

(४) ∽ यह चिह्न अन्तर को दिखलाता है । जैसा, अ ∽ क, यह अ और क इन में जो छोटा होगा उस को बड़े में घटा देने से जो शेष बचेगा उस को दिखलाता है ।

(५) ∵ इस को क्योंकि बोलते हैं ।

(६) ∴ इस को इसलिये बोलते हैं ।

(७) इ०, इत्या०, ····· ये हर एक चिह्न इत्यादि के द्योतक हैं ।

१० अङ्कों से वा बीजात्मक अक्षरों से जो संख्या वा राशि दिखलाया जाता है उस को पद कहते हैं सो दो प्रकार का । एक केवल और एक संयुक्त ।

(१) जो पद एक हि संख्या को दिखलाता है वह केवल पद है । जैसा । ७ अ, ९ कग, ५ अय^{२} ।

(२) जहां दो वा तीन इत्यादि अनेक केवल पद परस्पर संबद्ध हैं वह संयुक्त पद है । जैसा । अ + क, वा, य^{२} + २ अय − क ··· ।

संयुक्त पद में जो पहिला पद है सो और जो केवल पद है सो यदि धन हो तो वहां प्रायः धन चिह्न नहीं लिखते । जैसा, यहां अ वा य^{२} ।

संयुक्त पद में जो केवल पद रहते हैं उन के लिखने का कुछ क्रम नहीं है । जैसा । अ + ५ क − ४ ग, वा, अ − ४ ग + ५ क, वा, ५ क − ४ ग + अ, वा, ५ क + अ − ४ ग, वा, − ४ ग + अ + ५ क, वा, − ४ ग

+ ५क + अ, इन छओं का मोल वही है जो अ और ५क के योग में ४ग को घटाने से बचता है।

(३) जिस संयुक्त पद में दो वा तीन इत्यादि केवल पद हैं उस को क्रम से द्वियुक्पद वा त्रियुक्पद इत्यादि कहते हैं और जिस में बहुत केवल पद रहते हैं उस को बहुयुक्पद कहते हैं।

जैसा। अ + क यह द्वियुक्पद है।

अ^{२} − २ अय + ५ य^{२} यह त्रियुक्पद है।

अ − ४क + ५ग − घ यह चतुर्युक्पद है।

और अ − २क + ३घ − ४च + ५छ − इ॰ यह बहुयुक्पद है।

११। जिन के अक्षर और वर्गादिक समान हैं वे पद सजातीय कहलाते हैं। जैसा। ३अ, ७अ, वा, − ५अय^{२}, ९अय^{२}, ७अय^{२}।

१२। जिन के अक्षर और वर्गादिक भिन्नरूप हैं वे पद विजातीय कहलाते हैं। जैसा। ७अ, ५क, वा, ३अ, ६अय, ८अ^{२}।

१३। जो चिह्न सब धन वा सब ऋण हैं वे सजातीय हैं।

१४। विजातीय चिह्न वेही हैं जो कुछ धन और कुछ ऋण हैं।

१५। जब किसी पद का मोल अव्यक्त रहता है तब उस मोल को उन्मिति कहते हैं और जब वह मोल ज्ञात रहता है तब उस को मान कहते हैं।

१६। किसी पद के स्थान में उसी पद के उन्मिती के वा मान के रखने की क्रिया को उत्थापन कहते हैं।

१७। अब इस परिभाषा का अच्छा ज्ञान होने के लिये अलग २ चिह्नों से जुड़े हुए पदों का समुदित मान उत्थापन से जानने के लिये

कुछ उदाहरण लिखते हैं। इन उदाहरणों में अ = ५, क = ४, ग = ३, घ = २, च = १ और छ = ० माना है।

(१) $अ + २क - ग + २घ = ५ + २ \times ४ - ३ + २ \times २$
$= ५ + ८ - ३ + ४ = १७ - ३ = १४$ ।

(२) $अक - (ग - घ) = ५ \times ४ - (३ - २) = २० - १ = १९$ ।

(३) $(अ + ३च)(घ - ४छ) = (५ + ३ \times १)(२ - ४ \times ०) = ८ \times २ = १६$ ।

(४) $\dfrac{अ + क - (ग - घ)}{अ + क - ग - घ} = \dfrac{५ + ४ - (३ - २)}{५ + ४ - ३ - २} = \dfrac{९ - १}{९ - ५} = \dfrac{८}{४} = २$ ।

(५) $\dfrac{(अ + क)(ग - घ)}{अ + क ग - घ} = \dfrac{(५ + ४)(३ - २)}{५ + ४ \times ३ - २} = \dfrac{९ \times १}{३ + १२} = \dfrac{९}{१५} = \dfrac{३}{५}$ ।

(६) $(अ - क)^२ = (५ - ४)^२ = १^२ = १$ ।

(७) $(अ + ४चछ)^३ = (५ + ४ \times १ \times ०)^३ = (५ + ०)^३ = ५^३ = १२५$ ।

(८) $\{अ - (क - ग)^२\}^४ = \{५ - (४ - ३)^२\}^४ = (५ - १^२)^४ = ४^४ =$ २५६ ।

(९) $\sqrt{अ + २क + ग} = \sqrt{५ + २ \times ४ + ३} = \sqrt{८ + ८} = \sqrt{१६}$ $= ४$ ।

(१०) $\sqrt{अ^२ - ३क - \sqrt{अ^२ - ग^२}} = \sqrt{२५ - १२ - \sqrt{२५ - ९}}$ $= \sqrt{९} = ३$ ।

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) $अ + ५क - य + १३र$ इस का मान क्या है? जो इस में अ = ७, क = २, य = ५ और र = १ ।

उत्तर, २५ ।

(२) $अय - २कर + ८गल$ इस का मान क्या है? जो इस में $अ = ४$, $क = ३$, $ग = २$, $य = ५$, $र = ६$ और $ल = १$ ।

उत्तर, ० ।

(३) $अकग - अकय + अगय - कगय$ इस का मान क्या है? जो इस में $अ = ६$, $क = ५$, $ग = ३$ और $य = २$ ।

उत्तर, ३६ ।

(४) $अ (क + य) + ग (क - य)$ इस का मान क्या है? जो इस में $अ = २$, $क = ७$, $ग = ४$ और $य = ५$ ।

उत्तर, ३२ ।

(५) $अ^२ + ३अय - ५य^२$ इस का मान क्या है? जो इस में $अ = ६$ और $य = ३$ ।

उत्तर, ४५ ।

(६) $(अ + य)^२ - ३ (अ - य) (क - य)$ इस का मान क्या है? जो इस में $अ = ९$, $क = ८$ और $य = ५$ ।

उत्तर, १६० ।

(७) $(य + र)^२ - (य^२ + यर + र^२)$ इस का मान क्या है? जो इस में $य = ९$ और $र = ४$ हो ।

उत्तर, ३६ ।

(८) जो $अ = ३$ और $य = १$ हो तो $\frac{अ^२ + य^२}{अ - य} - \frac{अ^२ - य^२}{अ + य}$ इस का मान क्या होगा?

उत्तर, ३ ।

(९) जो $अ = २$, $क = १३$ और $ग = ५$ हो तो $अ \sqrt[३]{(क - ग)^२} - \sqrt{अ (क + ग)}$ इस का मान क्या होगा?

उत्तर, २ ।

(१०) $\sqrt{\{य(य+२र)+८ल\}} + \sqrt[३]{\{ल(२र-ल)^{२}-५य\}}$ इस का मान क्या होगा ? जो इस में य = ३, र = ४ और ल = ६ हो ।

उत्तर, १२ ।

१८ । इस शास्त्र में कितनी एक प्रत्यक्ष बातें बहुत उपयोगी हैं जिन को सिद्ध करने के लिये कुछ उपपादन नहीं करने पड़ता । और जिन को सुनते हि सब लोग मान्य करते हैं उन को लिखते हैं ।

(१) जितने राशि हर एक किसी दूसरे राशी के समान हैं वे सब परस्पर समान हैं ।

(२) समान दो राशिओं में समान हि मिलाने से वा घटाने से वा उन को समान से गुण देने से वा उन में समान का भाग देने से उन का समत्व बिगड़ता नहीं ।

(३) जिन दो राशियों का अन्तर जितना होता है वे यदि एक हि राशि से अधिक वा न्यून किये जावें तौभी उन का अन्तर उतना हि रहता है ।

(४) जिन दो राशियों का योग जितना होता है उन में से एक राशि यदि किसी एक राशि से अधिक किया जावे और उसी से दूसरा न्यून किया जावे तौभी उन अधिक और न्यून किये हुए राशिओं का योग उतना हि होता है ।

(५) न्यून और अधिक दो राशिओं को एक हि राशि से गुण देओ वा भाग देओ तौभी क्रम से वे न्यून और अधिक हि रहते हैं ।

(६) जितने राशि हर एक किसी एक हि राशि से द्विगुण वा अधिक गुण हैं अथवा किसी एक हि राशि के आधे वा कोइ अंश हैं वे सब राशि परस्पर समान हैं ।

(७) जो राशि किसी दूसरे राशि से जोड़ के घटाया जावे वा गुण के भागा जावे तौभी वह राशि जों का त्यों रहता है ।

(८) कोइ राशि अपने अंश से बड़ा होता है और अपने सब अंशों के योग के समान होता है ।

अध्याय २ ।

इस में संकलन, व्यवकलन इत्यादि छ परिकर्म और प्रकीर्णक हैं ।

संकलन ।

१९ । यहां संकलनीय पदों को अपने २ धन ऋण चिह्न के साथ अलग २ लिखने से जो बनता है सो संकलित अर्थात् योग है* । इस में यदि कुछ सजातीय पद हों तो उन को मिला के एक हि पद करि देओ और यदि विजातीय पद हों तो उन को अपने २ धन ऋण चिह्न के साथ अलग २ लिखो सो हि उन का योग है† ।

यहां सजातीय संकलनीय पदों का संकलन दो प्रकार का है ।

पहिला प्रकार । जब सजातीय संकलनीय पदों के चिह्न सजातीय हैं ।

२० । रीति । संकलनीय पदों के संख्यात्मक वारद्योतकों का व्यक्त-गणित की रीति से योग करो और उस योग के पीछे सजातीय पद के अक्षर वा अक्षरों को लिख के पूर्व में द्योतक चिह्न जो धन वा ऋण होगा सो लिखो ।

---

* इस की युक्ति यह है। $+\text{अ}$ और $+\text{क}$ इन का योग परिभाषा से $+\text{अ}+(+\text{क})$ यह है । अब चौथी प्रत्यक्ष बात से ।

$+\text{अ}+(+\text{क})=+\text{अ}+\text{क}+(+\text{क}-\text{क})=+\text{अ}+\text{क}+0=\text{अ}+\text{क}$ ।

ऐसाहि । $-\text{अ}$, $-\text{क}$ इन का योग $=-\text{अ}+(-\text{क})$

$=-\text{अ}-\text{क}+(-\text{क}+\text{क})=-\text{अ}-\text{क}+0=-\text{अ}-\text{क}$ ।

इस से स्पष्ट है कि पदों को अपने २ धन ऋण चिह्न के साथ अलग २ लिखने से संकलन बनता है ।

† इस की युक्ति यह है । यदि अ एक रुपया का द्योतक हो और क एक पैसे का द्योतक हो तो अ और क इन दोनों का योग दो रुपये भी न होगा दो पैसे भी न होगा किन्तु $\text{अ}+\text{क}$ एक रुपया और एक पैसा यही होगा । भास्कराचार्यजी ने भी कहा है कि (योगोन्तरं तेषु समानजात्योर्विभिन्नजात्योश्च पृथक् स्थितिः स्यात्)

उदाहरण। (१) (२) (३)

(१)	(२)	(३)
५ अ	−५ क^2	५ यर − ल^2
४ अ	−७ क^2	२ यर − ४ ल^2
अ	−२ क^2	३ यर − ६ ल^2
१० अ	−१४ क^2	१० यर − ११ ल^2

(१) यहां ५ अ, ४ अ और अ इन का योग १० अ होता है। क्योंकि अ यह एक हि पदार्थ पांच बेर, चार बेर और एक बेर मिल के दस हि बेर होगा यह स्पष्ट है।

(२) यहां −५ क^2, −७ क^2 और −२ क^2 इन का योग −१४ क^2 होता है। इस का भी कारण स्पष्ट हि है कि जो क^2 यह एक हि पदार्थ पांच बेर, सात बेर और दो बेर ऋण किया जावे तो वह पदार्थ चौदह बेर ऋण होगा।

(३) इस में पहिले ५ यर, २ यर और ३ यर इन का योग १० यर और −ल^2, −४ ल^2 और −६ ल^2 इन का योग −११ ल^2 होता है। अब १० यर और −११ ल^2 ये दोनों विजातीय हैं इसलिये इन का १० यर −११ ल^2 यही योग है।

दूसरा प्रकार। जब सजातीय संकलनीय पदों के चिह्न विजातीय हैं

२१। रीति। धन वारद्योतकों का और ऋण वारद्योतकों का अलग २ योग करो फिर जिस योग की संख्या अधिक हो उस में जिस की संख्या न्यून हो उस को घटा के जो शेष बचेगा उस के आदि में अधिक योग का चिह्न लिखो और उस के पीछे सजातीय पद लिख देओ।

उदा० (४) (५) (६)

(४)	(५)	(६)
७ अ	−३ क^2 + ५ अय^2	अ^2 − ३ अक + २ क^2
−३ अ	१३ क^2 − ३ अय^2	४ अ^2 + ७ अक − ५ क^2
−२ अ	−४ क^2 + अय^2	२ अ^2 − ५ अक + ६ क^2
अ	९ क^2 − १० अय^2	८ अ^2 + अक − ९ क^2
३ अ	१५ क^2 − ७ अय^2	१५ अ^2 − ६ क^2

(४) इस में पहिले ७ अ और अ इन का योग ८ अ । फिर − ३ अ और − २ अ इन का योग − ५ अ है । अब ८ अ, और − ५ अ इन का योग ८ अ − ५ अ, वा, ३ अ है ।

इसी भांति पांचवें और छठवें उदाहरण में भी योग जानो ।

२२ । अब यदि संकलनीय पदों में सजातीय पदों के नीचे सजातीय पद न होवें तो जो २ सजातीय पद इधर उधर होंगे उन पदों को खोज के उन के अलग २ योग करो फिर वे योग और जितने शेष विजातीय पद होंगे उन सभों को अपने २ धन वा ऋण चिह्न के साथ अलग २ लिखो ।

उदा० (७)

२ कग − २ अक + ग^2
क^2 − ५ − २ कग + क^3
अ^2 + ५ अक − क^2
१७ − २ग^2 + कग − ३ अक

योग कग − ग^2 + १२ + क^3 + अ^2

यहां
२ कग − २ कग + कग = कग
− २ अक + ५ अक − ३ अक = ०
ग^2 − २ ग^2 = − ग^2
क^2 − क^2 = ०
− ५ + १७ = १२
और क^3 = क^3
अ^2 = अ^2

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) २ अ, ८ अ, अ, और १४ अ इन का योग करो ।

उत्तर, २५ अ ।

(२) ६ अ^2 + ७ अक, १३ अ^2 + २ अक, अ^2 + ५ अक और ९ अ^2 + ४ अक इन का योग क्या होगा ?

उत्तर, २९ अ^2 + १८ अक ।

(३) ५ य^2 + ७ अ, ३ य^2 + २ अ, ८ य^2 + ३ अ और १३ य^2 + अ इन को जोड़ो ।

उत्तर, २९ य^2 + १३ अ ।

(४) $१२ य^२ - २ यल + ल^२$, $३ य^२ - ५ यल + ७ ल^२$, $११ य^२ - ३ यल + २ ल^२$ और $९ य^२ - ४ यल + ८ ल^२$ इन का योग क्या है?

उत्तर, $३५ य^२ - १४ यल + १८ ल^२$ ।

(५) $७ य + ६ र + २ ल$, $४ य + ५ र + ९ ल$, $६ य + ३ र + ल$ और $८ य + ५ र + ४ ल$ इन का योग क्या है?

उत्तर, $२५ य + १९ र + १६ ल$ ।

(६) $४ अ^२ - ५ अक + ७ ग^२$, $- ५ अ^२ - ९ अक + ३ ग^२$, $८ अ^२ + १२ अक - ग^२$ और $९ अ^२ - अक + २ ग^२$ इन का योग क्या होता है ?

उत्तर, $१६ अ^२ - ३ अक + ११ ग^२$ ।

(७) $८ अ^२ - ९ य^२$, $२ अ^२ - ३ य^२$, $५ अ^२ - १० य^२$ और $६ अ^२ - ७ य^२$ इन को इकट्ठा करो ।

उत्तर, $२१ अ^२ - २९ य^२$ ।

(८) $य^३ - ५ अय^२ + ७ अ^२य - अ^३$, $५ य^३ + ४ अय^२ - ४ अ^२य - २ अ^३$, $३ य^३ - ७ अय^२ + ५ अ^२ य - ३ अ^३$ और $४ य^३ + २ अय^२ - ८ अ^२ य + ९ अ^३$ इन का योग कहो ।

उत्तर, $१३ य^३ - ६ अय^२ + ३ अ^३$ ।

(९) $अय^२ + ५ कय - ७ ग$, $३ अय^२ + ८ कय - २ ग$, $५ अय^२ + ९ कय - ४ ग$ और $७ अय^२ + कय - ६ ग$ इन का योग क्या होगा ?

उत्तर, $१६ अय^२ + २३ कय - १९ ग$ ।

(१०) $३ क^२ग - ७ घ^२च^२$, $४ क^२ग + ३ घ^२च^२$, $- ७ क^२ग - घ^२च^२$, $२ क^२ग + २ घ^२च^२$ और $- ५ क^२ग + ९ घ^२च^२$ इन को जोड़ के योग कहो ।

उत्तर, $- ३ क^२ग + ६ घ^२च^२$ ।

(११) $५ य^३ - ७ य^२ + ४ य + १७$, $- २ य^३ + ५ य^२ + ११ य - ८$, $७ य^३ + ९ य^२ - ६ य + ३$, $८ य^३ - य^२ + ७ य + ४$ और $- १३ य^३ + २ य^२ - १६ य + ५$ इन का योग कहो ।

उत्तर, $५ य^३ + ८ य^२ + २१$ ।

(१२) ६ य^{5} + ४ अय^{4} − ७ अ^{2}य^{3} + १० अ^{3}य^{2} − २ अ^{4} य + ८ अ^{5}, ९ य^{5} − ३ अय^{4} + ५ अ^{2}य^{3} + ४ अ^{3}य^{2} − ७ अ^{4}य + ११ अ^{5}, − ८ य^{5} + अय^{4} − ३ अ^{2}य^{3} − ५ अ^{3}य^{2} − २ अ^{4}य − ६ अ^{5}, − २ य^{5} − २ अय^{4} − ४ अ^{2}य^{3} − ४ अ^{3}य^{2} + ६ अ^{4}य + ४ अ^{5} और ७ य^{5} + ८ अय^{4} + ६ अ^{2}य^{3} + ९ अ^{3}य^{2} − ५ अ^{4}य − १० अ^{5} इन का योग करो।

उत्तर, १२ य^{5} + ८ अय^{4} − ३ अ^{2}य^{3} + १४ अ^{3}य^{2} − १० अ^{4}य + ७ अ^{5}।

(१३) अ^{2} + ७ अय − ५ क^{2} − ४ ग^{2}, ग^{3} − ४ क^{2} + ७ अ^{2} + अय, अय + ५ ग^{2} − २ य^{2} + ५ र^{2} और ४ क^{2} − ४ घ − २ अय + २ अ^{2} इन का योग क्या होता है?

उत्तर, १० अ^{2} + ७ अय − ५ क^{2} + ग^{2} + ग^{3} − २ य^{2} + ५ र^{2} − ४ घ।

(१४) ७ य^{2} + ९ यर − ८ र^{2}, ६ यर − ४ य^{2} + २ र^{2}, − २ र^{2} + ५ य^{2} + ५ यर, १२ य^{2} − ११ र^{2} − ७ यर और ८ यर + ३ र^{2} + १० य^{2} इन को जोड़ो।

उत्तर, ३० य^{2} + २१ यर − १६ र^{2}।

(१५) ४ अ^{3} − ८ अ^{2}य + ५ अय^{2}, ७ अ^{2}य + ४ अय^{2} − ९ य^{3}, ८ य^{3} + ५ अ^{3} − ११ अ^{2}य, और − १३ अय^{2} − ७ य^{3} + ९ अ^{3} इन को जोड़ो।

उत्तर, १८ अ^{3} − १२ अ^{2}य − ४ अय^{2} − ८ य^{3}।

(१६) यर − ३ ल^{2} + ४ अक − ५ क^{2}, ४ क − २ क^{2} + ७ यर − अ^{2}, ७ क^{2} + ३ अक + २ ल^{2} + य^{2}, और ५ अक + ४ अ − २ क + अ^{2} इन का योग क्या है?

उत्तर, ८ यर − ल^{2} + १२ अक + २ क + य^{2} + ४ अ।

(१७) ८ अ − ९ आ + ४ इ, अ − ५ आ + २ इ, ७ अ − ३ आ + इ और ४ अ − आ + ६ इ इन का योग क्या होता है?

उत्तर, २० अ − १८ आ + १३ इ।

(१८) ६ क + ४ ग − २ घ, ३ क − १३ ग + ९ घ, − ९ क − ग + ७ घ, और क + ५ ग − १० घ इन का योग क्या होता है?

उत्तर, क − ५ ग + ४ घ।

(१९) $३च - २छ + ९ज$, $५ज - ३च - ८झ$, $- ३झ - ५ज + ८च$, और $७ज - ४छ + ११झ$ इन का योग क्या होता है?

उत्तर $८च - ६छ + १६ज$ ।

(२०) $६अ^{४} + ५अ^{३}क + ४अ^{२}क^{२}$, $- २अ^{३}क + ३अ^{२}क^{२} - ७अक^{३}$, $६अ^{२}क^{२} - ८अक^{३} + ६क^{४}$, $- ७अक^{३} + क^{४} - ५अ^{४}$ और $३क^{४} + ७अ^{४} - १५अ^{३}क$ इन को जोड़ो ।

उत्तर, $८अ^{४} - १२अ^{३}क + १३अ^{२}क^{२} - २२अक^{३} + १०क^{४}$ ।

(२१) $२य^{७} - ४य^{५}र^{२} + २य^{३}र^{४}$, $६य^{६}र + ५य^{४}र^{३} - ८य^{२}र^{५}$, $४य^{५}र^{२} - २य^{३}र^{४} + ९यर^{६}$, $- ३य^{४}र^{३} + य^{२}र^{५} - ३र^{७}$ और $५य^{३}र^{४} - ३यर^{६} + ८य^{७}$ इन का योग करो ।

उत्तर, $१०य^{७} + ६य^{६}र + २य^{४}र^{३} + ५य^{३}र^{४} - ७य^{२}र^{५} + ६यर^{६} - ३र^{७}$ ।

(२२) $६अ^{३} + ११अ^{२}क - १०अक^{२} - १९अ^{२}ग$, $- ६अ^{२}क - ११अक^{२} - १०क^{३} + १९अकग$, $६अ^{२}ग + ११अकग - १०क^{२}ग - १९अग^{२} + १९कग^{२}$ और $१९अकग - ७अग^{२} - १९क^{२}ग + ७कग^{२} - ७ग^{३}$ इन का योग करो ।

उत्तर, $६अ^{३} + ५अ^{२}क - २१अक^{२} - १०क^{३} - १३अ^{२}ग + ४९अकग - २९क^{२}ग - २६अग^{२} + २६कग^{२} - ७ग^{३}$ ।

(२३) $५अ^{३} + ३अ^{२}य - ७अय^{२} + य^{३}$, $९य^{३} - १२अ^{३} + ७अ^{२}य - ५अय^{२}$, $४अ^{२}य + ३अय^{२} - ५य^{३} - ७अ^{३}$, $अय^{२} - ५अ^{२}य + ११अ^{३} - ७य^{३}$ और $८अय^{२} + २य^{३} + ३अ^{३} - ९अ^{२}य$ इन का योग करो ।

उत्तर, ० ।

(२४) $अय^{\frac{१}{२}} - २यर^{\frac{१}{३}} + ३\sqrt{अ + क} + ४ल\sqrt{इ}$, $३अय^{\frac{१}{२}} - ५यर^{\frac{१}{३}} - ४\sqrt{अ + क} + ७ल\sqrt{इ}$, $- ५अय^{\frac{१}{२}} + यर^{\frac{१}{३}} + ५\sqrt{अ + क} - २ल\sqrt{इ}$ और $२अय^{\frac{१}{२}} + ९यर^{\frac{१}{३}} - ११\sqrt{अ + क} - ९ल\sqrt{इ}$ इन का योग क्या होता है?

उत्तर, $अय^{\frac{१}{२}} + ३यर^{\frac{१}{३}} - ७\sqrt{अ + क}$ ।

(२५) ३ (अ + य)² − ४ क (अ + य) + ७ ग², ७ (अ + य)² + ९ क (अ + य) + ५ ग², ४ (अ + य)² + २ क (अ + य) − ६ ग², (अ + य)² − ३ क (अ + य) − २ ग² और ८ (अ + य)² − ७ क (अ + य) − ६ ग² इन का योग क्या होगा?

उत्तर, १५ (अ + य)² − ३ क (अ + य) − २ ग² ।

---

२ व्यवकलन ।

२३ । रीति । जिस पद में किसी दूसरे पद को घटाना हो उस पद को ऊपर लिख के उस के नीचे उस दूसरे पद को लिखो ऐसा कि जिस से सजातीय पदों के नीचे सजातीय पद आवें । फिर नीचे लिखे हुए पद में जो २ केवल पद धन वा ऋण होगा उस का द्योतक चिह्न जो धन हो तो ऋण और ऋण हो तो धन करो वा वैसा किया समझो। फिर योग की रीति से उन का योग करो वही अन्तर होगा* ।

उदा० (१) १३ अ	(२) − ७ कग²	(३) ९ य − ५ र
८ अ	− ३ कग²	४ य + २ र
५ अ	− ४ कग²	५ य − ७ र

(१) यहां ८ अ को ऋण करके १३ अ में जोड़ देने से ५ अ अन्तर हुआ ।

(२) यहां − ३ कग² को धन करके − ७ कग² में जोड़ देने से − ४ कग² अन्तर सिद्ध हुआ ।

---

* इस की युक्ति यह है । + अ, और + क, इन का परिभाषा से अन्तर + अ − (+ क) यह है ।

अब तीसरी प्रत्यक्ष बात से

अ − (+ क) = अ − क − (+ क − क) = अ − क, वा अ + (− क)

ऐसाहि + अ, − क इन का अन्तर = अ − (− क)

= अ + क − (− क + क) = अ + क, वा अ + (+ क)

इस से स्पष्ट है कि घटाने के पद के धन ऋण चिह्न का व्यत्यास कर के उस को जोड़ देओ यही व्यवकलन है ।

(३) यहां ९य − ४य = ५य, और −५र − २र = −७र इस लिये ९य − ५र − (४य + २र) = ५य − ७र यह अन्तर है ।

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) ९य में ५य को और १३अय^{२} में −अय^{२} को घटा के शेष कहो ।

उत्तर, ४य और १४अय^{२} ।

(२) ६अ + ११क इस में २अ + ८क इस को घटा देने से शेष क्या रहेगा ?

उत्तर, ४अ + ३क ।

(३) २अ − ९य^{२} इस को ५अ − ७य^{२} इस में और −९य + १५र इस को १७य + ८र इस में घटा देओ ।

उत्तर, ३अ + २य^{२} और २६य − ७र ।

(४) ९अय − ८कल^{२} इस में ७अय − ११कल^{२} इस को घटा देओ ।

उत्तर, २अय + ३कल^{२} ।

(५) १५अ^{२} + २क^{२} इस में १२अ^{२} − ३क^{२} इस को और −६य^{२} −७यर इस को −३य^{२} + ५यर इस में घटा देओ ।

उत्तर, ३अ^{२} + ५क^{२} और ३य^{२} + १२यर ।

(६) ५अय^{२} + ९कर इस में ८अय^{२} − ३कर + ५ल^{३} इस को घटा देओ ।

उत्तर, −३अय^{२} + १२कर − ५ल^{३} ।

(७) ७अय − ९कर + ८गल इस में ३अय − ५कर + ५गल इस को घटा देओ ।

उत्तर, ४अय − ४कर + ३गल ।

(८) ५अ^{२} − ३य + ५क − ४ग इस में ३ग − ४अ^{२} + ८घ − य इस को घटा देओ ।

उत्तर, ९अ^{२} − २य + ५क − ७ग − ८घ ।

(९) $-६ य^{२} + ४ यर - ३ र^{२}$ इस को $९ य^{२} - ५ यर + ८ र^{२}$ इस में घटा के शेष कहो ।

उत्तर, $१५ य^{२} - ९ यर + ११ र^{२}$ ।

(१०) $२ अ^{३} + ३ अ^{२}य + ४ अय^{२} + ५ य^{३}$ इस को $५ अ^{३} - ७ अ^{२}य + ६ अय^{२} - ४ य^{३}$ इस में घटा देने से शेष क्या रहेगा ?

उत्तर, $३ अ^{३} - १० अ^{२}य + २ अय^{२} - ९ य^{३}$ ।

(११) $५ अय^{२} + ७ कयर - ९ गर^{२}$ इस में क्या जोड़ देने से योग $८ अय^{२} + ४ कयर + ३ गर^{२}$ इतना होगा ?

उत्तर, $३ अय^{२} - ३ कयर + १२ गर^{२}$ ।

(१२) $अ^{२} + ४ अक - ५ अग + २ क^{२} - ३ कग$ इस में $३ अक - ५ ग^{२} + २ क^{२} + ७ अग - ९ अ^{२}$ इस को घटाने से शेष क्या रहेगा ?

उत्तर, $१० अ^{२} + अक - १२ अग - ३ कग + ५ ग^{२}$ ।

(१३) $-७ य^{३} - १३ य^{२} + २ य - ९$ इस से $१८ य^{३} - १५ य^{२} + ७ य + १२$ यह कितना अधिक है ?

उत्तर, $२५ य^{३} - २ य^{२} + ५ य + २१$ ।

(१४) $-५ अ^{२} + ३ अय - ८$ इस को $-८ अ^{२} - ९ अय + १७$ इस में घटा देओ ।

उत्तर, $-३ अ^{२} - १२ अय + २५$ ।

(१५) $६ य^{४} + ४ य^{३}र - २ य^{२}र^{२} + ५ यर^{३} - ७ र^{४}$ इस में $-२ य^{४} + ५ य^{३}र - ७ य^{२}र^{२} + यर^{३} + ८ र^{४}$ इस को घटा देओ ।

उत्तर, $८ य^{४} - य^{३}र + ५ य^{२}र^{२} + ४ यर^{३} - १५ र^{४}$ ।

(१६) $अ^{२} + अक + क^{२} - १५$ इस में $क^{२} - ५ कग - ग^{२} - १२$ इस को घटा देओ ।

उत्तर, $अ^{२} + अक + ५ कग + ग^{२} - ३$ ।

(१७) $८ य^{५} - ७ य^{४} + १९ य^{३} + ३ य^{२} - ५ य + १३$ इस में $-१५ + २ य - य^{२} + ४ य^{३} + ६ य^{४} - ९ य^{५}$ इस को घटा देओ ।

उत्तर, $१७ य^{५} - १३ य^{४} + १५ य^{३} + ४ य^{२} - ७ य + २८$ ।

(१८) ७अ − ९क + २य इस में −७ग + ३र इस को घटा देओ।

उत्तर, ७अ − ९क + ७ग + २य − ३र ।

(१९) ७(य + र)^{२} − ५ (य + र) ल − १३ल^{२} इस में ६ (य + र)^{२} − ८ (य + र) ल + १२ल^{२} इस को घटा के शेष कहो ।

उत्तर, (य + र)^{२} + ३ (य + र) ल − २५ ल^{२} ।

(२०) २य − ३कर$^{\frac{१}{२}}$ − ४ $\sqrt[३]{६}$ + ५ $\sqrt{\text{अ} - \text{य}}$ इस को ७ य + ६ कर$^{\frac{१}{२}}$ + ५ $\sqrt[३]{६}$ + २ $\sqrt{\text{अ} - \text{य}}$ इस में घटा देने से शेष क्या रहेगा ?

उत्तर, ५ य + ९ कर$^{\frac{१}{२}}$ + ९ $\sqrt[३]{६}$ − ३ $\sqrt{\text{अ} - \text{य}}$ ।

संकलन और व्यवकलन में कोष्ठ की व्याप्ति ।

२४ । जिस कोष्ठ के आदि में धन चिह्न लगा है वह दिखलाता है कि उस कोष्ठ के भीतर का पद जोड़ा हुआ है * । इस लिये उस कोष्ठ को मिटा देने से भी उस भीतर के पद का मोल यथास्थित हि रहेगा क्योंकि जोड़ने के पद को अपने चिह्न के साथ अलग लिखने से योग बनता है ।

और जिस कोष्ठ के आदि में ऋण चिह्न लगा है वह द्योतित करता है कि उस कोष्ठ के भीतर का पद घटा हुआ है । इस लिये यदि ऋण चिह्न से जुड़े हुए कोष्ठ को मिटा देना हो तो उस के भीतर जितने केवल पद हों उन सभों के धन ऋण चिह्न को पलटा देओ क्योंकि उस पद को घटा देना है ।

यदि किसी पद के कोष्ठ के भीतर और कितने एक कोष्ठ हों और उन सभों को उड़ा देना हो तो उतनी बेर यह पहिला कर्म करने से सब कोष्ठ उड़ जायंगे । जैसा,

* चौथे प्रक्रम में देखो ।

(१) $अ + (+क) = अ + क$ ।

(२) $य + (-र) = य - र$ ।

(३) $अ + (क - ग) = अ + क - ग$ ।

(४) $(य^२ - ३ य - ७) + (य^२ + २ य + ७)$
$= य^२ - ३ य - ७ + य^२ + २ य + ७ = २ य^२ - य$ ।

(५) $अ - (+क) = अ - क$ ।

(६) $प - (-फ) = प + फ$ ।

(७) $अ - (क - ग) = अ - क + ग$ ।

(८) $(य^२ + २ यर + ५ र^२) - (य^२ - ४ यर - २ र^२) = ६ यर + ७ र^२$ ।

(९) $अ - (अ - क) + (२ अ + क) - (अ - ३ ग) = अ + २ क + ३ ग$ ।

(१०) $२ अ - \{अ - (अ - क)\} = २ अ - अ + (अ - क)$
$= अ + अ - क = २ अ - क$ ।

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) $(अ - क) + (क - ग) = अ - ग$ ।

(२) $(अ^२ + २ अक - ४ क^२) + (३ अ^२ - ५ अक + ४ क^२) = ४ अ^२$
$- ३ अक$ ।

(३) $४ य - ५ र + २ ल + (३ य + ७ र - ५ ल) = ७ य + २ र - ३ ल$ ।

(४) $(य + २ र) - (य - ५ र) = ७ र$ ।

(५) $(अ + क) - (क + ग) + (ग + घ) - (घ + च) = अ - च$ ।

(६) $(य^२ + ३ यर + र^२) - (य^२ - ५ यर + २ र^२) = ८ यर - र^२$ ।

(७) $४ अक - \{(अ^२ + २ अक + क^२) - (अ^२ - २ अक + क^२)\} = ०$ ।

(८) $५ य^३ + २ र^३ - (३ य^२र - यर^२) - \{३ य^३ - ७ र^३ + (२ य^२र + यर^२)\}$
$= २ य^३ - ५ य^२र + ९ र^३$ ।

(९) $७ अ^२ + \{२ अ^२ - (५ अक - क^२)\} - \{६ अ^२ - (२ अक + ९ क^२)\}$
$= ३ अ^२ - ३ अक + १० क^२$ ।

(१०) $४ य^२ + ५ यर - (३ य^२ + \{२ यर - (६ य^२ - ५ र^२)\})$
$= ७ य^२ + ३ यर - ५ र^२$ ।

२५ । अनुमान १ । धन चिह्न से जुड़े हुए कोष्ठ में किसी पद को लिखने से उस का मोल बिगड़ता नहीं । और ऋण चिह्न से जुड़े हुए कोष्ठ में किसी पद को लिखने से उस पद में जो केवल पद होंगे उन सभों के धन ऋण चिह्न को पलट देने से उस पद का मोल नहीं बिगड़ता ।

जैसा, अ + २क − ३ग + ५घ = अ + (२क − ३ग + ५घ)
= अ + २क + (−३ग + ५घ) ।

और २अ − ३क − ५ग + घ = २अ − (३क + ५ग − घ)
= २अ − ३क − (५ग − घ) ।

२६ । अनुमान २ । कोष्ठ का धन ऋण चिह्न पलट के जो उस के भीतर के सब केवल पदों के धन ऋण चिह्न को भी पलट दिया जावे तो उस कोष्ठविशिष्ट पद का मोल बिगड़ता नहीं ।

जैसा, अ + (क − ग) र = अ − (− क + ग) र,
य − अ (२क − ५र) = य + अ (− २क + ५र),
− ४ (अ − २क + ३ग) = ४ (− अ + २क − ३ग) ।

जिन सजातीय पदों के वारद्योतक अक्षरात्मक हैं उन का संकलन ।

२७ । जब सजातीय संकलनीय पदों के चिह्न सजातीय हैं तब यदि वारद्योतक केवल पद हों तो उन वारद्योतकों को धन चिह्न के साथ कोष्ठ में अलग२ लिखो । और यदि वारद्योतक संयुक्त पद हों तो उन का योगरीति से योग करके उस को कोष्ठ में लिखो फिर उस कोष्ठ के पीछे सजातीय पद लिख के आदि में द्योतक चिह्न जो धन वा ऋण होगा सो लिख देओ ।

उदा० (१)	अय − २गर	(२)	(त + ३थ) अ − (४प − ३फ) य
	३कय − घर		(३त − ५थ) अ − (३प + ५फ) य
	४चय − ५छर		(२त + ९थ) अ − (प − ७फ) य
	(अ + ३क + ४च) य − (२ग + घ + ५छ) र ।		(६त + ७थ) अ − (८प − ५फ) य ।

२८ । जब सजातीय संकलनीय पदों के चिह्न विजातीय हैं तब यदि वारद्योतक केवल-पद हों तो उन केवल पदों को अपने २ धन ऋण चिह्न के साथ एक कोष्ठ में लिख के उस कोष्ठ के आदि में धन चिह्न लिखो और उस कोष्ठ के पीछे सजातीय पद लिख देओ । और यदि वारद्योतक संयुक्त पद हों तो वहां जितने संकलनीय पद ऋण चिह्न से जुड़े होंगे उन को (२६) वे प्रक्रम के अनुसार धन चिह्न से युक्त करो वा जितने धन चिह्न से युक्त होंगे उन को (२६) वे प्रक्रम से ऋण चिह्न से युक्त करो यों संकलनीय पदों के चिह्नों को सजातीयकर के (२७) वें प्रक्रम से उन का योग करो ।

उदा० (१)	(२)
३ अय + ३ पर	(३ अ − २ क) र − (च + ६ ज) ल
कय − २ फर	− (२ अ − ५ क) र + (३ च − ज) ल
− ५ गय − ४ बर	(७ अ + ४ क) र − (९ च + २ ज) ल
(३ अ + क − ५ ग) य + (३ प − २ फ − ४ ब) र ।	(८ अ + ७ क) र − (७ च + ९ ज) ल

जिन सजातीय दो पदों के वारद्योतक अन्तरात्मक हैं उन का व्यवकलन ।

२९ । रीति । घटाने के पद का धन ऋण चिह्न पलटा के अव्यवहित प्रक्रमों से योग करो ।

उदा० (१)	(२)
अय − कल	(७ अ − प) य + (ग + ५ फ) र
गय + घल	(२ अ + ३ प) य − (४ ग − फ) र
(अ − ग) य − (क + घ) ल ।	(५ अ − ४ प) य + (५ ग + ४ फ) र ।

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) अय − घर + २ जल, ५ कय − ३ चर − ९ झल और ८ गय − ४ छर + १२ ल इन का योग क्या होता है ?

उत्तर, (अ + ५ क + ८ ग) य − (घ + ३ च + ४ छ) र + (२ ज − ९ झ + १२) ल ।

(२) ३ पय + ५ फर, ७ बय − ४ मर, और − ८ य + बर इन का योग करो ।

उत्तर, (३ प + ७ ब − ८) य + (५ फ − ४ म + ब) र ।

(३) अय − कर + गल − घव, कय − गर − घल + चव,

गय − घर + चल + छव, घय − चर − छल − जव

इन चार पदों का योग क्या होता है ?

(१८) य^{६} − ४ य^{५} + १० य^{४} − १५ य^{२} + ३६ य + ३६ इस का और अ^{२} + २ अक^{२} + २ अग^{३} + क^{४} + २ क^{२}ग^{३} + ग^{६} इस का वर्गमूल क्या है?

उत्तर, य^{३} − २ य^{२} + ३ य + ६ और अ + क^{२} + ग^{३} ।

(१९) किस का वर्ग १६ य^{२} − ४० यर + २५ र^{२} + २४ य − ३० र + ९ यह है?

उत्तर, ४ य − ५ र + ३ ।

(२०) १६ अ^{८} − ३२ अ^{७}क + २८ अ^{४}क^{४} − ४ अक^{७} + क^{८} इस का वर्गमूल क्या है?

उत्तर, ४ अ^{४} − ४ अ^{३}क − २ अ^{२}क^{२} − २ अक^{३} + क^{४} ।

(२१) $६५६१ य^{८} र^{८} + ८७४८ य^{७} र^{७} + २२६८ य^{४} र^{४} + ९६ यर + १६$ इस का वर्गमूल कहो ।

उत्तर, $८१ य^{४} र^{४} + ५४ य^{३} र^{३} - १८ य^{२} र^{२} + १२ यर + ४$ ।

(२२) $अ^{२} - २ अकय + (क^{२} + २ अग) य^{२} - २ कगय^{३} + ग^{२} य^{४}$ इस का वर्गमूल क्या है?

उत्तर, $अ - कय + गय^{२}$ ।

(२३) $य^{६} + ८ य^{५} + (२ अ - ६४) य^{३} + (८ अ + ६४) य^{२} - १६ अय + अ^{२}$ इस का वर्गमूल क्या है?

उत्तर, $य^{३} + ४ य^{२} - ८ य + अ$ ।

(२४) $य^{६} + २ कय^{५} + (क^{२} + २ ग) य^{४} + (२ कग + २ घ) य^{३} + (२ कघ + ग^{२}) य^{२} + २ गघय + घ^{२}$ इस का वर्गमूल क्या है?

उत्तर, $य^{३} + कय^{२} + गय + घ$ ।

(२५) $(य^{२} + ५ य - २)(य^{२} + य - ८) + (२ य + ६)^{२}$ इस का वर्गमूल क्या है?

उत्तर, $य^{२} + ३ य - ५$ ।

(२६) $(५ य^{२} - २ य - १)^{२} - (८ य^{२} - ९ य + ३)(२ य^{२} + ५ य - ५)$ इस का वर्गमूल क्या है?

उत्तर, $३ य^{२} - ७ य + ४$ ।

(२७) $(१२ य^{२} + ३४ य + १०)^{२} + (५ य^{२} - १४ य - २४)^{२}$ इस का वर्गमूल कहो ।

उत्तर, $१३ य^{२} + २६ य + २६$ ।

(२८) $य (य + अ)(य + २ अ)(य + ३ अ) + अ^{४}$ इस का वर्गमूल क्या है?

उत्तर, $य^{२} + ३ अय + अ^{२}$ ।

(२९) $१ - ८ य^{२}$ इस का वर्गमूल क्या है?

उत्तर, $१ - ४ य^{२} - ८ य^{४} - ३२ य^{६} - १६० य^{८} -$ इत्यादि अनन्त ।

(३०) १ + ४ अय − ४ कय^{२} इस का वर्गमूल क्या है ?

उत्तर, १ + २ अय − २ (अ^{२} + क) य^{२} + ४ (अ^{३} + अक) य^{३} − इत्यादि अनन्त ।

३६ । बीजात्मक संयुक्तपद का कोई मूल निकालने का प्रकार ।

जब कि (अ + क)^{न} = अ^{न} + न·अ$^{न − १}$क + ···· तो इस पर से जाना जाता है कि उद्दिष्टघात को सुधार के लिखने से अर्थात् उस में किसी एक अक्षर के घातों के घातमापक उत्तरोत्तर घटते वा बढ़ते हुए रहें यों लिखने से अभीष्टमूल के मूलमापक का द्योतक न अक्षर मान के जो उद्दिष्ट घात के पहिले पद का नघातमूल आवे वह अभीष्टमूल का पहिला पद है । उस के नघात को समय उद्दिष्ट घात में घटा देने से जो शेष बचेगा उस के पहिले पद में मूल के पहिले पद के (न − १) घात को न से गुण के उस गुणनफल का भाग देने से अभीष्टमूल का दूसरा पद मिलता है । फिर मूल के ये दो पद मिल के जो एक द्वियुक्पद बनेगा उस को अभीष्टमूल का पहिला पद समझ के फिर पूर्ववत् क्रिया करने से अभीष्टमूल के सब पद स्पष्ट हो जायेंगे ।

उदा० (१) य^{६} + ६ य^{५} − ४० य^{३} + ९६ य − ६४ इस का घनमूल क्या है ?

न्यास । य^{६} + ६ य^{५} − ४० य^{३} + ९६ य − ६४ (य^{२} + २ य − ४ ।

य^{६}

३ य^{४}) + ६ य^{५}

य^{६} + ६ य^{५} + १२ य^{४} + ८ य^{३} = (य^{२} + २ य)^{३}

३ य^{४}) − १२ य^{४}

य^{६} + ६ य^{५} − ४० य^{३} + ९६ य − ६४ = (य^{२} + २ य − ४)^{३}

उदा० (२) य^{८} + १२ य^{७} + ४२ य^{६} − १९९ य^{४} + ३७८ य^{२} − ३२४ य + ८१ इस का चतुर्घातमूल क्या है ?

न्यास । $य^{८}+१२य^{७}+४२य^{६}-१८९य^{४}+३७८य^{२}-३२४य+८१ \left(य^{२}+३य-३\right.$ ।

$य^{८}$

$४य^{६}) \;\; +१२य^{७}$

$य^{८}+१२य^{७}+५४य^{६}+१०८य^{५}+८१य^{४}=(य^{२}+३य)^{४}$

$४य^{६}) \;\; -१२य^{६}$

$य^{८}+१२य^{७}+४२य^{६}-१८९य^{४}+३७८य^{२}-३२४य+८१=(य^{२}+३य-३)^{४}$

अथवा जब कि वर्गमूल का वर्गमूल चतुर्घातमूल होता है इस लिये जिस बहुयुक्पद का चतुर्घातमूल जानना हो उस का पहिले (३५) वें प्रक्रम से वर्गमूल जान के फिर उस वर्गमूल का भी वर्गमूल जानो वह चतुर्घातमूल होगा ।

इस लिये पहिले वर्गमूल जानने के लिये न्यास ।

$\left(य^{४}+६य^{३}+३य^{२}-१८य+९\right.$

$य^{८}+१२य^{७}+४२य^{६}-१८९य^{४}+३७८य^{२}-३२४य+८१$

$य^{८}$

$२य^{४}+६य^{३}) \;\; +१२य^{७}+४२य^{६}$

$+१२य^{७}+३६य^{६}$

$२य^{४}+१२य^{३}+३य^{२}) \;\; ६य^{६}-१८९य^{४}$

$६य^{६}+३६य^{५}+९य^{४}$

$२य^{४}+१२य^{३}+६य^{२}-१८य) \;\; -३६य^{५}-१९८य^{४}+३७८य^{२}$

$-३६य^{५}-२१६य^{४}-१०८य^{३}+३२४य^{२}$

$२य^{४}+१२य^{३}+६य^{२}-३६य+९) \;\; +१८य^{४}+१०८य^{३}+५४य^{२}-३२४य+८१$

$+१८य^{४}+१०८य^{३}+५४य^{२}-३२४य+८१$

फिर इस वर्गमूल का भी वर्गमूल लेने के लिये न्यास ।

$य^{४}+६य^{३}+३य^{२}-१८य+९ \left(य^{२}+३य-३\right.$

$य^{४}$

$२य^{२}+३य) \;\; +६य^{३}+३य^{२}$

$+६य^{३}+९य^{२}$

$२य^{२}+६य-३) \;\; -६य^{२}-१८य+९$

$-६य^{२}-१८य+९$

इस प्रकार से भी $य^{२} + ३ य - ३$ यह वही चतुर्घातमूल मिला जो ऊपर पूर्व प्रकार से मिला है ।

इसी भांति जब कि वर्गमूल का घनमूल अथवा घनमूल का वर्गमूल षड्घातमूल होता है और वर्गमूल के वर्गमूल का वर्गमूल अष्टघातमूल होता है इस लिये षड्घातमूल वा अष्टघातमूल जानना हो तो उक्त के अनुसार बार२ मूल लेने से भी अभीष्टमूल मिलेगा ।

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) $४९ अ^{२} + ७० अकय + २५ क^{२}य^{२}$ इस का वर्गमूल क्या है?
उत्तर, $७ अ + ५ कय$ ।

(२) $अ^{४} - २ अ^{३}य^{२} + ३ अ^{२}य^{४} - २ अय^{६} + य^{८}$ इस का वर्गमूल क्या है?
उत्तर, $अ^{२} - अय^{२} + य^{४}$ ।

(३) $६४ अ^{४} - ४४८ अ^{३}क + २७४४ अक^{३} + २४०१ क^{४}$ इस का वर्गमूल क्या है?
उत्तर, $८ अ^{२} - २८ अक - ४९ क^{२}$ ।

(४) $२७ अ^{३} - ५४ अ^{२} + ३६ अ - ८$ इस का घनमूल क्या है?
उत्तर, $३ अ - २$ ।

(५) $य^{३} + १५ अय^{२} + ७५ अ^{२}य + १२५ अ^{३}$ इस का घनमूल कहो ।
उत्तर, $य + ५ अ$ ।

(६) $अ^{३}र^{६} - ९ अ^{२}र^{४} + २७ अर^{२} - २७$ इस का घनमूल निकालो ।
उत्तर, $अर^{२} - ३$ ।

(७) $६४ य^{३} - ३३६ य^{२}र + ५८८ यर^{२} - ३४३ र^{३}$ इस का घनमूल जानो ।
उत्तर, $४ य - ७ र$ ।

(८) $अ^{६} + १२ अ^{४}क^{२} + ४८ अ^{२}क^{४} + ६४ क^{६}$ यह किस का घन है?
उत्तर, $अ^{२} + ४ क^{२}$ ।

(९) $अ^{६} + ३ अ^{५}य - ५ अ^{३}य^{३} + ३ अय^{५} - य^{६}$ इस का घनमूल क्या है?
उत्तर, $अ^{२} + अय - य^{२}$ ।

(१०) $१६ य^{८} + ६४ य^{७}र - २२४ य^{५}र^{३} - ५६ य^{४}र^{४} + ३३६ य^{३}र^{५} - २१६ यर^{७} + ८१ र^{८}$ इस का चतुर्घातमूल क्या है?

उत्तर, $२ य^{२} + २ यर - ३ र^{२}$ ।

(११) $य^{५} - १५ य^{४}ल + ९० य^{३}ल^{२} - २७० य^{२}ल^{३} + ४०५ यल^{४} - २४३ ल^{५}$ इस का पञ्चघातमूल क्या है?

उत्तर, $य - ३ ल$ ।

(१२) $य^{६} + १२ य^{५} + ६० य^{४} + १६० य^{३} + २४० य^{२} + १९२ य + ६४$ इस का षड्घातमूल क्या है?

उत्तर, $य + २$ ।

(१३) $अ^{८} - ८ अ^{७}क + २८ अ^{६}क^{२} - ५६ अ^{५}क^{३} + ७० अ^{४}क^{४} - ५६ अ^{३}क^{५} + २८ अ^{२}क^{६} - ८ अक^{७} + क^{८}$ इस का अष्टघातमूल क्या है?

उत्तर, $अ - क$ ।

---

७ प्रकीर्णक ।

समशोधन वा पक्षान्तरनयन ।

३७ । बीजगणित में पद को वा पदों के समूह को पक्ष कहते हैं । ऐसे दो पक्षों में किसी एक हि राशि को वा दो समान राशिओं को जोड़ देना वा घटा देना इस क्रिया को समशोधन कहते हैं ।

जो दो पक्ष समान हों उन को = इस समत्वद्योतक चिह्न की दोनों ओर लिख देने से जो रूप बनता है उस को समीकरण कहते हैं । और जब कि समान दो राशिओं में समान हि मिलाने से वा घटाने से उन का समत्व नष्ट नहीं होता इस लिये जो किसी समीकरण में समशोधन करो तो उस के पक्षों के समत्व का नाश न होगा ।

इस लिये अ = क − ग + घ, इस समीकरण के दोनों पक्षों में जो ग जोड़ देओ

तो अ + ग = क − ग + घ + ग,

अर्थात् अ + ग = क + घ । ये भी दोनों पक्ष समान हैं ।

इसी भांति पूर्व दोनों पक्षों में घ घटा देने से

अ − घ = क − ग + घ − घ,

अर्थात् अ − घ = क − ग । ये भी समान हैं ।

अथवा दोनों पक्षों में क को घटा देने से और ग को जोड़ देने से

अ − क + ग = क − ग + घ − क + ग,

अर्थात् अ − क + ग = घ । ये भी पक्ष परस्पर समान हैं ।

अथवा और भी जो दोनों पक्षों में अ को घटा देओ और ग को जोड़ देओ

तो अ − अ + ग = क − ग + घ − अ + ग,

अर्थात् ग = क + घ − अ ये दोनों पक्ष समान हैं ।

इत्यादि ।

इस में स्पष्ट देख पड़ता है कि समीकरण में उस के किसी पद का समशोधन करने से वह पद अपने धनत्व को वा ऋणत्व को पलट के दूसरे पक्ष में जाता है । इस लिये समीकरण में जो किसी पद का समशोधन करना हो तो उस पद को उस के पक्ष में से निकाल के उस का धनर्ण चिह्न पलटा के दूसरे पक्ष में लिखते हैं और इसी लिये इस कर्म का दूसरा नाम पक्षान्तरनयन रक्खा है ।

इसी प्रकार से जो दो पक्ष समान न हों अर्थात् विषम हों उन को > इस वा < इस विषमत्वद्योतक चिह्न की दोनों ओर लिखने से जो रूप बने सो विषमीकरण कहावे । और जब कि विषम दो राशिओं में समान हि मिलाने से वा घटाने से वे वैसे हि विषम बने रहते हैं । इस लिये जो किसी विषमीकरण में समशोधन करो तो उस के पक्ष वैसे हि विषम बने रहेंगे जैसे पूर्व में हैं ।

इस लिये जो $अ - क > ग - घ$ इस विषमीकरण के दोनों पक्षों में घ जोड़ देओ तो $अ - क + घ > ग - घ + घ$,

अर्थात् $अ - क + घ > ग$ । ये भी दोनों पक्ष क्रम से अधिक न्यून हैं ।

इसी भांति जो पूर्व दोनों पक्षों में क जोड़ देओ

तो $अ - क + क > क + ग - घ$,

अर्थात् $अ > क + ग - घ$ ये भी पक्ष क्रम से अधिक न्यून हैं । और भी जो $अ - य < क + घ$ इन दोनों पक्षों में य जोड़ देओ

तो $अ - य + य < क + घ + य$,

अर्थात् $अ < क + घ + य$ । ये भी दोनों पक्ष क्रम से वैसे हि न्यून अधिक हैं जैसे $अ - य$ और $क + घ$ ये हैं ।

इस से ज्ञान पड़ता है कि $>$ इस वा $<$ इस चिह्न की दोनों ओर जो दो पक्ष हों उन में किसी एक पद का पक्षान्तरनयन करने से उन पक्षों का वैषम्य बिगड़ता नहीं ।

अनुमान १ । समीकरण के दो पक्षों के हर एक पद का धन ऋण चिह्न पलट देने से भी उन दो पक्षों का साम्य बिगड़ता नहीं क्यों कि हर एक पद मानो पक्षान्तर में गया सा होता है ।

अनुमान २ । यदि एक चिह्न से जुड़ा हुआ एक हि पद दोनों पक्षों में होवे तो उस को छेक दे सकते हैं ।

इसी प्रसंग में विषमीकरणसंबन्धि कुछ सिद्धान्त लिखते हैं ।

(१) जब कि धनात्मक वा ऋणात्मक पद का वर्ग धन हि होता है

तो $(य - र)^२$, वा, $य^२ - २ यर + र^२ > ०$

$\therefore$ पक्षान्तरनयन से $य^२ + र^२ > २ यर$

इस से ज्ञान पड़ता है कि कोई दो विषम राशिओं के वर्गों का योग सर्वदा उन के दूने गुणनफल से अधिक होता है ।

(२) तीन विषम राशिओं में हर एक दो २ राशिओं के गुणनफलों के योग से उन तीन राशिओं के वर्गों का योग सर्वदा बड़ा होता है ।

इस की उपपत्ति ।

जब कि ऊपर के सिद्धान्त से सिद्ध है कि ।

$य^2 + र^2 > २ यर, य^2 + ल^2 > २ यल$ और $र^2 + ल^2 > २ रल$

तब अधिक पक्षों का योग भी न्यून पक्षों के योग से बड़ा हि होगा

$\therefore\ २ य^2 + २ र^2 + २ ल^2 > २ यर + २ यल + २ रल$

और $\therefore\ य^2 + र^2 + ल^2 > यर + यल + रल$ यों उपपन्न हुआ ।

इसी युक्ति से यह भी तुरन्त सिद्ध होगा कि

$३ (य^2 + र^2 + ल^2 + व^2) > २ (यर + यल + यव + रल + रव + लव)$

वा, $य^2 + र^2 + ल^2 + व^2 > \frac{२}{३} (यर + यल + यव + रल + रव + लव)$ ।

(३) दो विषम राशियों के योग के वर्ग से उन राशियों के वर्गों का योग दूना सर्वदा बड़ा होता है। यों तीन विषम राशियों के योग के वर्ग से उन के वर्गों का योग तिगुना और चार विषम राशियों के योग के वर्ग से उन के वर्गों का योग चौगुना सर्वदा बड़ा होता है। और इसी भांति आगे भी जानो ।

इस की उपपत्ति ।

जब कि $य^2 + र^2 > २ यर$;

इस लिये दोनों पक्षों में $य^2 + र^2$ जोड़ देने से

$$२ य^2 + २ र^2 > य^2 + २ यर + र^2,$$

अर्थात् $२ (य^2 + र^2) > (य + र)^2$ यों उपपन्न हुआ ।

और जब कि $(य + र + ल)^2 = य^2 + र^2 + ल^2 + २ यर + २ यल + २ रल$;

$\therefore$ पक्षान्तरनयन से

$२ यर + २ यल + २ रल = (य + र + ल)^2 - य^2 - र^2 - ल^2$ ।

परन्तु ऊपर के दूसरे सिद्धान्त के अनुसार ।

$$२ य^2 + २ र^2 + २ ल^2 > २ यर + २ यल + २ रल$$

$\therefore\ २ य^2 + २ र^2 + २ ल^2 > (य + र + ल)^2 - य^2 - र^2 - ल^2$

और $\therefore$ पक्षान्तरनयन से

$३य^२ + ३र^२ + ३ल^२$ अर्थात् $३(य^२ + र^२ + ल^२) > (य + र + ल)^२$
यों उपपन्न हुआ।
इसी युक्ति से

$$४(य^२ + र^२ + ल^२ + व^२) > (य + र + ल + व)^२$$

इत्यादि भी तुरन्त उपपन्न होता है।

(४) तीन विषम राशिओं के गुणनफल को उन तीन राशिओं के योग से गुण देओ तो उस गुणनफल से भी उन तीन राशिओं के चतुर्घातों का योग बड़ा होता है।

इस की उपपत्ति।

ऊपर के दूसरे सिद्धान्त के अनुसार जब कि
$य^२ + र^२ + ल^२ > यर + यल + रल$

तो इस में य, र, ल इन के स्थान में उन के वर्गों को रखने से स्पष्ट है कि $य^४ + र^४ + ल^४ > य^२र^२ + य^२ल^२ + र^२ल^२$ यों होगा और जब कि $य^२ + र^२ > २यर$ इस लिये $य^२ल^२ + र^२ल^२ > २यरल^२$। इसी भांति सिद्ध होता है कि $य^२र^२ + र^२ल^२ > २यर^२ल$ और $य^२र^२ + य^२ल^२ > २य^२रल$ और जब कि अधिक पक्षों का योग न्यून पक्षों के योग से बड़ा हि होता है।

$\therefore\ २य^२र^२ + २य^२ल^२ + २र^२ल^२ > २यरल^२ + २यर^२ल + २य^२रल$
अर्थात् $य^२र^२ + य^२ल^२ + र^२ल^२ > यरल(य + र + ल)$
और ऊपर सिद्ध किया है कि $य^४ + र^४ + ल^४ > य^२र^२ + य^२ल^२ + र^२ल^२$
इस से अति स्पष्ट है कि
$य^४ + र^४ + ल^४ > यरल\ (य + र + ल)$ यह उपपन्न हुआ।

(५) यह सिद्ध करो कि जब $य^२ = अ + क$ और $र^२ = अ - क$ तो अ से यर न्यून होता है।

न्यास। $य^२ = अ + क$ और $र^२ = अ - क$
पहिले दो पक्षों में क्रम से दूसरे दोनों पक्षों को जोड़ देने से,

$$य^2 + र^2 = (अ + क) + (अ - क), \text{ वा, } य^2 + र^2 = २अ ।$$

परन्तु $य^2 + र^2 > २यर$, $\therefore २अ > २यर \therefore अ > यर$। यों सिद्ध हुआ।

(६) दो विषम राशिओं के वर्गयोग को उन्हीं दो राशिओं के गुणनफल से गुण देने से जो फल होगा उस से उन दो राशिओं के चतुर्घातों का योग सर्वदा बड़ा होता है।

उस की उपपत्ति।

माना य और र ये दो राशि हैं

अब इन में जो य राशि र राशि से बड़ा हो

तो स्पष्ट है कि $य^3 > र^3$।

इन दोनों पक्षों को य − र इस धनात्मक अन्तर से गुण देने से

$$य^4 - य^3 र > यर^3 - र^4,$$

तब पक्षान्तरनयन से

$$य^4 + र^4 > य^3र + यर^3,$$

अर्थात् $य^4 + र^4 > यर\,(य^2 + र^2)$।

और जो दो राशिओं में य राशि र राशि से छोटा हो

अर्थात् $र > य$ तो $र^3 > य^3$।

अब इन दोनों पक्षों को र − य इस धन अन्तर से गुण देने से

$$र^4 - यर^3 > य^3र - य^4,$$

तब पक्षान्तरनयन से

$$य^4 + र^4 > य^3र + यर^3,$$

अर्थात् $य^4 + र^4 > यर\,(य^2 + र^2)$।

इस प्रकार से य और र इन राशिओं में य से र बड़ा हो वा छोटा हो तो भी $य^4 + र^4 > यर\,(य^2 + र^2)$ यही सिद्ध होता है। यों उपपन्न हुआ।

अभ्यास के लिये विषमीकरण के उदाहरण।

(१) यह सिद्ध करो कि $य^2 > ६य - ९$।

(२) यह सिद्ध करो कि $(अ^2 + क^2)(ग^2 + घ^2)$ यह $(अग + कघ)^2$ इस से सर्वदा बड़ा होगा परंतु जो इस में अ = ग, क = घ और अग = कघ, न हो ।

(३) यह सिद्ध करो कि $(अ^2 - क^2)(ग^2 - घ^2)$ यह $(अग - कघ)^2$ इस से सर्वदा छोटा होगा परंतु जो इस में अ = ग, क = घ और अग = कघ, न हो ।

(४) यह सिद्ध करो कि $(अ + क)^4$ इस से ८ $(अ^4 + क^4)$ यह सर्वदा बड़ा होगा परंतु जो अ और क परस्पर समान न हों ।

३८ । संक्रमण । दो राशिओं के योग और अन्तर पर से उन दो राशिओं को जानने के प्रकार को संक्रमण कहते हैं ।

मानो य और र ये दो अक्षर कोई दो राशिओं के द्योतक हैं और इन में य बड़े राशि का और र छोटे राशि का द्योतक है और अ उन के योग का और क उन के अन्तर का द्योतक है ।

तब य + र = अ और य − र = क होगा ।

$$\therefore (य + र) + (य - र) = अ + क \text{ वा } य = \tfrac{1}{2}(अ + क) \text{ और}$$
$$(य + र) - (य - र) = अ - क \text{ वा } र = \tfrac{1}{2}(अ - क) \text{ ।}$$

इस से स्पष्ट है कि कोई दो राशिओं का योग और अन्तर इन के योग का आधा बड़े राशि के समान होता है और इन के अन्तर का आधा छोटे के समान होता है । भास्कराचार्यजी ने भी लिखा है कि,

योगोऽन्तरेणोनयुतोऽर्धितस्तौ राशी स्मृतं संक्रमणाख्यमेतत् ।

३९ । इस प्रक्रम में अनेक उपयोगि सिद्धान्तों को कहते हैं जो सामान्य गणित से उत्पन्न होते हैं ।

[१] जब कि $(अ + क)^2 = अ^2 + 2\,अक + क^2$,

और $(अ - क)^2 = अ^2 - 2\,अक + क^2$ ।

तो इस से स्पष्ट है कि कोई दो राशिओं के योग का और अन्तर

का वर्ग क्रम से उन दो राशिओं के वर्गों के योग में उन्हीं दो राशिओं के द्विगुणित गुणनफल को जोड़ देने वा घटा देने से जो बने उस के समान होता है । जैसा,

(१) $(३ अ + ५ य)^२ = (३ अ)^२ + २ (३ अ \times ५ य) + (५ य)^२$
$= ९ अ^२ + ३० अय + २५ य^२$ ।

(२) $(५ य - १३)^२ = २५ य^२ - १३० य + १६९$ ।

(३) $(७ प - ८ फ)^२ = ४९ प^२ - ११२ पफ + ६४ फ^२$ ।

[२] जब कि $(अ + क) \times (अ - क) = अ^२ - क^२$

तो इस से जान पड़ता है कि कोइ दो राशिओं के योग और अन्तर का गुणनफल उन के वर्गों के अन्तर के समान होता है । जैसा,

(१) $(२ य + ३ र) \times (२ य - ३ र) = ४ य^२ - ९ र^२$ ।

(२) $(अ + क + ग) (अ + क - ग) = \{ (अ + क) + ग \} \{ (अ+क) - ग \}$
$= (अ + क)^२ - ग^२ = अ^२ + २ अक + क^२ - ग^२$ ।

(३) $(य^२ + यर + र^२) (य^२ - यर + र^२)$
$= \{ (य^२ + र^२) + यर \} + \{ (य^२ + र^२) - यर \}$
$= (य^२ + र^२)^२ - (यर)^२ = य^४ + २ य^२ र^२ + र^४ - य^२ र^२ = य^४ + य^२ र^२ + र^४$ ।

अनुमान । किसी राशि के समान दो विभागों का गुणनफल उस राशि के विषम दो विभागों के गुणनफल से बड़ा होता है ।

मानो कि २ अ एक राशि है और इस के अ + क और अ − क ये दो विभाग हैं तब इन दो विभागों का गुणनफल

$(अ + क) (अ - क) = अ^२ - क^२$ यह होगा ।

अब जो क = ० मानो तो $अ^२ - क^२$ इस गुणनफल का मान सब से बड़ा होगा यह स्पष्ट है । परंतु तब वे विभाग प्रत्येक अ के समान होंगे अर्थात् दोनों परस्पर समान होंगे । इस लिये समान हि दो विभागों का गुणनफल सब से बड़ा होगा । यह सिद्ध हुआ ।

[३] जब कि $(य + अ)(य + क) = य^2 + (अ + क) य + अक$ ।

तो इस से स्पष्ट है कि य + अ और य + क ऐसे दो द्वियुक्पदों का गुणनफल त्रियुक्पद होता है और इस में पहिला पद य का वर्ग होता है, दूसरे पद में य का वारद्योतक अ + क अर्थात् उन द्वियुक्पदों के द्वितीय पदों का योग होता है और तीसरा पद अक अर्थात् उन द्वितीय पदों का गुणनफल होता है । जैसा,

(१) $(य + ५)(य + ७) = य^2 + (५ + ७) य + ५ \times ७$
$= य^2 + १२ य + ३५$ ।

(२) $(य - ३)(य - ४) = य^2 + (-३ - ४) य + (-३) \times (-४)$
$= य^2 - ७ य + १२$ ।

(३) $(य + ६)(य - २) = य^2 + (६ - २) य + ६ \times (-२)$
$= य^2 + ४ य - १२$ ।

इसी भांति

जब कि $(य + अ)(य + क)(य + ग) = य^3 + (अ + क + ग) य^2 + (अक + अग + कग) य + अकग$ ।

तो इस में भी स्पष्ट दिखाता है कि य + अ, य + क और य + ग ऐसे तीन द्वियुक्पदों के गुणनफल में पहिला पद $य^3$, दूसरे पद में $य^2$ का वारद्योतक अ, क और ग इन का योग, तीसरे पद में अ, क और ग इन में दो २ के गुणनफलों का योग य का वारद्योतक होता है और चौथा पद अ, क और ग इन का गुणनफल होता है । जैसा,

(१) $(य + २)(य + ३)(य + ४)$
$= य^3 + (२ + ३ + ४) य^2 + (२ \times ३ + २ \times ४ + ३ \times ४) य + २ \times ३ \times ४$
$= य^3 + ९ य^2 + २६ य + २४$ ।

(२) $(य + १)(य - ३)(य + ५)$
$= य^3 + (१ - ३ + ५) य^2 + \{(१ \times -३) + (१ \times ५) + (-३ \times ५)\} य + १ \times -३ \times ५$
$= य^3 + ३ य^2 - १३ य - १५$ ।

(३) (य − १) (य − २) (य − ३)

$= य^३ + (-१-२-३)य^२ + \{(-१)(-२) + (-१)(-३) + (-२)(-३)\}य$
$+ (-१ \times -२ \times -३)$

$= य^३ - ६ य^२ + ११ य - ६$ ।

[४] जब कि $(अ^२ - अक + क^२)(अ + क) = अ^३ + क^३$
और $(अ^२ + अक + क^२)(अ - क) = अ^३ - क^३$ ।

तो इस में स्पष्ट देख पड़ता है कि कोइ दो राशिओं के वर्गों के योग में उन्हीं राशिओं के गुणनफल को घटा देने वा जोड़ देने से जो बनता है उस को क्रम से उन दो राशिओं के योग वा अन्तर से गुण देने से उन राशिओं के घनों का योग वा अन्तर बनता है ।

४० । जो राशि आप और १ छोड़ किसी दूसरे राशि से निःशेष भागा नहीं जाता उस को दृढ कहते हैं और जो भागा जाता है उस को अदृढ कहते हैं और अदृढ राशि दो वा बहुत दृढ राशिओं का गुणनफल होता है । जैसा,

अ, क, अ + क, य − २ल इत्यादि ये सब दृढ राशि हैं और
२अ, $य^२$, अय, अ (अ − क) इत्यादि ये सब अदृढ राशि हैं ।

४१ । इस प्रक्रम में अदृढ राशि के दृढ गुण्यगुणकरूप अवयव करने के प्रकार दिखलाते हैं । इस दृढ गुण्यगुणकरूप अवयव को खण्ड कहते हैं ।

[१] किसी संयुक्तपदरूप अदृढ राशि के जो सब पद किसी एक हि केवलपद से निःशेष भागे जाते हों तो उस केवलपदरूप खण्ड को अलग करना योगरीति से बहुत सुगम है । जैसा,

(१) $अक - क^२ = (अ - क) क$ ।

(२) $अ^३य^२ - ३ अ^२य^३ = (अ - ३ य) अ^२य^२$ ।

(३) $५ अ^४य + १० अ^३य^२ + ५ अ^२य^३ = ५ अ^२य (अ^२ + २ अय + य^२)$

$= ५ अ^२य (अ + य)^२$ ।

(४) $५ य^३ + १० य^२र + ३ यर + ६ र^२ = ५ य^२ (य + २र) + ३र (य + २र)$

$= (५ य^२ + ३ र) (य + २र)$ ।

(५) $अ^५ + ७ अ^४ + अ^३ + ७ अ^२ = अ^२ (अ^३ + ७ अ^२ + अ + ७)$

$= अ^२ \{ अ^२ (अ + ७) + (अ + ७) \} = अ^२ (अ^२ + १) (अ + ७)$ ।

[२] जो उद्दिष्ट राशि दो पदों के वर्गों का अन्तर है उस के खण्ड करने हों तो एक खण्ड उन दो पदों का योग, और एक उन दोनों का अन्तर ऐसे दो खण्ड होंगे । इस की उपपत्ति (३९) वे प्रक्रम के दूसरे सिद्धान्त से स्पष्ट है । जैसा,

(१) $४ अ^२ - ९ य^२ = (२ अ + ३ य) (२ अ - ३ य)$ ।

(२) $१ - य^४ = (१ + य^२) (१ - य^२) = (१ + य^२) (१ + य) (१ - य)$ ।

(३) $४ अ^२क^२ - (अ^२ + क^२ - ग^२)^२ = (२ अक)^२ - (अ^२ + क^२ - ग^२)^२$

$= (२ अक + अ^२ + क^२ - ग^२) (२ अक - अ^२ - क^२ + ग^२)$

$= \{ (अ + क)^२ - ग^२ \} \{ ग^२ - (अ - क)^२ \}$

$= (अ + क + ग) (अ + क - ग) (ग + अ - क) (ग - अ + क)$ ।

इसी भांति सिद्ध करो कि

(१) $य^२ - र^२ - ल^२ + व^२ - २ (यव - रल)$

$= (य + र - ल - व) (य - र + ल - व)$ ।

(२) $अ^{१६} - क^{१६} = (अ^८ + क^८) (अ^४ + क^४) (अ^२ + क^२) (अ + क) (अ - क)$

(३) $४ (अघ + कग)^२ - (अ^२ - क^२ - ग^२ + घ^२)^२$

$= (-अ + क + ग + घ) (अ - क + ग + घ) (अ + क - ग + घ) (अ + क + ग - घ)$ ।

[३] जो त्रियुक्पद $य^२ + पय + फ$ इस भांति का हो उस में जिन दो संख्याओं का गुणनफल फ होगा उन का योग जो प के समान हो तो (३९) वे प्रक्रम के तीसरे सिद्धान्त से उस त्रियुक्पद के खण्ड तुरन्त ज्ञात होंगे । जैसा,

(१) $य^{२} + ७ य + १२ = य^{२} + (३ + ४)\, य + ३ \times ४$
$= (य + ३)\,(य + ४)$ ।

(२) $य^{२} - ८ य + ७ = य^{२} + (-१ - ७)\, य + (-१)\,(-७)$
$= (य - १)\,(य - ७)$ ।

(३) $य^{२} - २ य - ३५ = य^{२} + (५ - ७)\, य + ५ \times (-७)$
$= (य + ५)\,(य - ७)$ ।

[४] जो उद्दिष्ट राशि दो पदों के घनों का योग वा अन्तर है उस के खण्ड करने हों तो क्रम से एक खण्ड उन दो पदों के गुणनफल से घटा हुआ वा जुड़ा हुआ उन दो पदों के वर्गों का योग, और एक उन दो पदों का योग वा अन्तर ऐसे दो खण्ड होंगे । इस की उपपत्ति (३९) वे प्रक्रम के चौथे सिद्धान्त से स्पष्ट है । जैसा,

(१) $अ^{३} + ८ क^{३} = (अ^{२} - २ अक + ४ क^{२})\,(अ + २ क)$ ।

(२) $अ^{६} - य^{६} = (अ^{३} + य^{३})\,(अ^{३} - य^{३})$
$= (अ^{२} - अय + य^{२})\,(अ + य)\,(अ^{२} + अय + य^{२})\,(अ - य)$ ।

(३) $अ^{३} + ३ अ^{२}क + ३ अक^{२} + क^{३} - ग^{३}$
$= (अ + क)^{३} - ग^{३}$
$= \{ (अ + क)^{२} + ग\,(अ + क) + ग^{२} \}\,(अ + क - ग)$
$= (अ^{२} + २ अक + क^{२} + अग + कग + ग^{२})\,(अ + क - ग)$ ।

[५] कहीं २ उद्दिष्ट अदृढ राशि के खण्ड करने के लिये उस में कितने एक पदों के अपनी बुद्धि से ऐसे दो वा अधिक भाग करो वा उस अदृढ राशि में ऐसे एक वा अनेक पद जोड के घटा देओ कि जिन से अदृढ राशि पहिले प्रकारों से खण्ड करने के योग्य होवे । यह कल्पना गणित में अति अभ्यास होने से आप से आप मन में प्रगट होती है । जैसा,

(१) $य^{२} + ५ यर + ६ र^{२} = य^{२} + २ यर + ३ यर + ६ र^{२}$
$= य\,(य + २ र) + ३ र\,(य + २ र) = (य + ३ र)\,(य + २ र)$ ।

(२) $अ^२ + ४ अक - ५ क^२ = अ^२ - अक + ५ अक - ५ क^२$

$= अ (अ - क) + ५ क (अ - क) = (अ + ५ क) (अ - क)$ ।

(३) $य^३ + य + १० = य^३ + २ य^२ - २ य^२ - ४ य + ५ य + १०$

$= य^२ (य + २) - २ य (य + २) + ५ (य + २)$

$= (य^२ - २ य + ५) (य + २)$ ।

(४) $अ^२ + ४ अक + ३ क^२ = अ^२ + ४ अक + ४ क^२ - क^२$

$= (अ + २ क)^२ - क^२ = (अ + ३ क) (अ + क)$ ।

(५) $य^४ + य^२ल^२ + ल^४ = य^४ + २ य^२ल^२ + ल^४ - य^२ल^२$

$= (य^२ + ल^२)^२ - (यल)^२ = (य^२ + यल + ल^२) (य^२ - यल + ल^२)$ ।

(६) $अ^३ + ६ अ^२क + १२ अक^२ + ७ क^३$

$= अ^३ + ६ अ^२क + १२ अक^२ + ८ क^३ - क^३$

$= (अ + २ क)^३ - क^३$

$= \left\{ (अ + २ क)^२ + (अ + २ क) क + क^२ \right\} (अ + क)$

$= (अ^२ + ५ अक + ७ क^२) (अ + क)$ ।

[६] जिस बहुयुक्पद को सुधार के लिखने से उस के आदि में जो मुख्य अक्षर का (वा मुख्य पद का) सब से बड़ा घात होगा उस का वारद्योतक १ हो और अन्त के पद में मुख्य अक्षर (वा पद) कोई न हो वह बहुयुक्पद जो किसी द्वियुक्पद से निःशेष होने के योग्य हो तो उस द्वियुक्पद के जानने का प्रकार ।

उद्दिष्ट बहुयुक्पद को सुधार के लिखो अर्थात् उस में मुख्य अक्षर के (वा किसी मुख्य पद के) घातों के घातमापक क्रम से घटते हुए रहें यों बना के लिखो तब अन्त में जो पद ऐसा होगा कि जिस में मुख्य अक्षर (वा पद) कोई न हो वह जितनी अङ्कात्मक वा बीजात्मक संख्याओं से निःशेष होता हो अर्थात् उस के जितने अपवर्तन हों उन में हर एक अपवर्तन को धन और ऋण मान के उस को उस मुख्य अक्षर (वा पद) के समान मानो और उस से उद्दिष्ट पद में मुख्य अक्षर (वा पद) का

उत्थापन करो । इस उत्थापन से जिस अपवर्तन से उद्दिष्ट पद का मान शून्य होवे उस को मुख्य अक्षर (वा पद) में घटा देओ सो अन्तर उस उद्दिष्ट पद का एक खण्ड होगा अर्थात् उस अन्तर से वह उद्दिष्ट पद निःशेष होगा ।

उदा० (१) $य^२ - ७ य + १०$ इस का जो द्वियुक्पद खण्ड हो उस को अलग करो ।

यहां अन्त के १० इस पद के १, २, ५ और १० इतने अपवर्तन हैं इन में पहिले $य = +१$ मान के उत्थापन करने से

$$१^२ - ७ \times १ + १० = १ - ७ + १० = ४ ।$$

फिर $य = -१$ मान के उत्थापन करने से

$$(-१)^२ + ७ \times १ + १० = १ + ७ + १० = १८ ।$$

फिर $य = +२$ मान के उत्थापन से

$$२^२ - ७ \times २ + १० = ४ - १४ + १० = ०$$

यों २ इस दूसरे अपवर्तन से उद्दिष्ट पद का मान ० होता है

$\therefore$ $य - २$ यह उद्दिष्ट पद का एक खण्ड है ।

इसी भांति $य = +५$ मान के उत्थापन से

$$५^२ - ७ \times ५ + १० = २५ - ३५ + १० = ०$$

यों ५ इस तीसरे अपवर्तन को य के समान मानने से भी उद्दिष्ट पद का मान ० होता है ।

$\therefore$ $य - ५$ यह भी उद्दिष्टपद का एक खण्ड है ।

इस प्रकार से

$$य^२ - ७ य + १० = (य - २)(य - ५)$$ यों खण्ड अलग हुए ।

उदा० (२) $य^३ + २ य^२ - ५ य - ६$ इस में जो खण्ड द्वियुक्पद हों उन को अलग करो ।

इस में अन्त के ६ इस पद के १, २, ३ और ६ ये चार अपवर्तन हैं इन में −१, +२ और −३ इन तीनों को य के समान मान के उद्दिष्ट पद में य का अलग २ उत्थापन करने से उद्दिष्ट पद का मान ० होता है। इस लिये उद्दिष्ट पद में य + १, य − २ और य + ३ ये तीन खण्ड हैं

$\therefore$ य^3 + २य^2 − ५य − ६ = (य + १) (य − २) (य + ३)।

उदा० (३) य^4 − य^3 − ४० य^2 + १०९ य − २१ इस में जो खण्ड द्वियुक्पद हों उन को अलग करो।

इस में अन्त के २१ इस पद के १, ३, ७ और २१ इतने अपवर्तन हैं इन में केवल +३ और −७ इन दो अपवर्तनों से उत्थापन करने से उद्दिष्ट पद का मान ० होता है। इस लिये य − ३ और य + ७ इन दोनों द्वियुक्पदों से उद्दिष्ट पद निःशेष होगा।

$\therefore$ य^4 − य^3 − ४० य^2 + १०९ य − २१ = (य − ३) (य + ७)(य^2 − ५ य + १)।

उदा० (४) य^3 − ७ य^2 + ९ य − १२ इस में जो खण्ड द्वियुक्पद हों उन को अलग करो।

यहां अन्त के १२ इस पद के १, २, ३, ४, ६ और १२ इतने अपवर्तन हैं इन में चाहो उस अपवर्तन से उत्थापन करो तो भी उद्दिष्ट पद का मान शून्य नहीं होता इस लिये यह बहुयुक्पद किसी द्वियुक्पद से निःशेष न होगा। और जब कि इस में मुख्य अक्षर का सब से बड़ा घात घन है इस लिये यह और भी किसी से निःशेष न होगा इस लिये यह उद्दिष्ट पद दृढ है।

इस प्रकार की उपपत्ति।

जब कि (य − अ) (य − क) = य^2 − (अ + क) य + अक,

(य − अ) (य − क) (य − ग) = य^3 − (अ + क + ग) य^2
+ (अक + अग + कग) य − अकग,

इत्यादि।

इस में स्पष्ट दिखाई देता है कि य − अ, य − क इत्यादि ऐसे द्वियुक्पदों

के गुणनफल में आदि में केवल य का घात रहता है और उस का वारद्योतक १ होता है और अन्त में अ, क, ग इत्यादिओं का गुणनफल रहता है। इस लिये ऐसे बहुयुक्पद का जो य – अ ऐसा कोइ खण्ड हो तो उस पद का अकग ... यह अन्त का पद अवश्य अ से निःशेष होगा और जो य के समान अ को मानो तो य – अ का मान शून्य होगा और तब जिस का खण्ड य – अ होगा उस बहुयुक्पद का मान भी शून्य होगा क्योंकि शून्य से चाहो उस को गुण देओ तो भी गुणनफल शून्य हि होता है इस से उक्त प्रकार की उपपत्ति स्पष्ट होती है।

इसी भांति जब कि

$$(\text{अय} - \text{क})(\text{गय} - \text{घ}) = \text{अगय}^2 - (\text{अघ} + \text{कग})\,\text{य} + \text{कघ},$$

इत्यादि।

तब इस प्रकार के बहुयुक्पद का अर्थात् जिस में य के सब से बड़े घात का भी १ छोड़ और कोइ वारद्योतक हो उस बहुयुक्पद का जो अय – क ऐसा एक खण्ड हो तो अय – क = ० करने से अय = क, अर्थात् य = $\frac{\text{क}}{\text{अ}}$ होगा। इस लिये जो य के समान $\frac{\text{क}}{\text{अ}}$ मानो तो अय – क यह द्वियुक्पद शून्य होगा और यह जिस बहुयुक्पद का खण्ड हो वह भी अवश्य ० होगा।

इस से यह सिद्ध होता है कि उक्त प्रकार के उद्दिष्ट बहुयुक्पद में आदि में जो वारद्योतक हो उस के सब अपवर्तन जानो और अन्त के पद के भी सब अपवर्तन ठहराओ। फिर हर एक आदि के अपवर्तन का हर एक अन्त के अपवर्तन में अलग २ भाग देने से जितनी लब्धि आवेंगी उन में जिस लब्धि को धन वा ऋण मान के वैसी लब्धि को मुख्य अक्षर के समान करके उत्थापन करने से उद्दिष्ट पद का मान शून्य होगा उस लब्धि के छेद से मुख्य अक्षर को गुण के उस गुणनफल में उस लब्धि का अंश जो लब्धि के अनुसार धन वा ऋण होगा उस को घटा देओ सो अन्तर उद्दिष्ट पद का एक खण्ड होगा।

उदा०। $३ य^{३} + ४ य^{२} + ११ य - १०$ इस बहुयुक्पद के खण्ड करो।

इस में आदि के ३ इस वारद्योतक के १ और ३ ये दो अपवर्तन हैं और अन्त के १० इस पद के १, २, ५ और १० ये चार अपवर्तन हैं। इन में आदि के ३ इस अपवर्तन का अन्त के २ इस अपवर्तन में भाग देने से जो $\frac{२}{३}$ यह लब्धि आती है इस को धन मान के वैसी को जो य के समान करके उत्थापन करो तो उद्दिष्ट बहुयुक्पद का मान शून्य होता है इस लिये उक्त प्रकार से $३ य - २$ यह उद्दिष्ट पद का एक खण्ड होता है।

$$\therefore ३ य^{३} + ४ य^{२} + ११ य - १० = (३ य - २)(य^{२} + २ य + ५) ।$$

अभ्यास के लिये उदाहरण।

(१) $य^{२} + ११ य + ३० = (य + ५)(य + ६)$ ।

(२) $य^{२} - १६ य + ६३ = (य - ७)(य - ९)$ ।

(३) $य^{२} + २ अय - ८ अ^{२} = (य + ४ अ)(य - २ अ)$ ।

(४) $य^{३} + १४ य^{२} + ६३ य + ९० = (य + ३)(य + ५)(य + ६)$ ।

(५) $य^{३} - ५ य^{२} - २२ य + ५६ = (य - २)(य + ४)(य - ७)$ ।

(६) $य^{३} - २ य^{२} - ११ य - २० = (य - ५)(य^{२} + ३ य + ४)$ ।

(७) $य^{३} - २८ य + १५ = (य - ५)(य^{२} + ५ य - ३)$ ।

(८) $अ^{३} + २ अ^{२}क + ९ क^{३} = (अ + ३ क)(अ^{२} - अक + ३ क^{२})$ ।

(९) $अ^{३} - अ^{२} - १८ = (अ - ३)(अ^{२} + २ अ + ६)$ ।

(१०) $अ^{३} + अ^{२}य - ५ अय^{२} + ३ य^{३} = (अ + ३ य)(अ - य)^{२}$ ।

(११) $य^{४} + २ अय^{३} - २५ अ^{२}य^{२} - २६ अ^{३}य + १२० अ^{४}$

$= (य - २ अ)(य + ३ अ)(य - ४ अ)(य + ५ अ)$ ।

(१२) $अ^{४} - १० अ^{२} + ५ अ + १४ = (अ + १)(अ - २)(अ^{२} + अ - ७)$ ।

(१३) $य^{६} - १२ य^{४} + ४७ य^{२} - ६० = (य^{२} - ३)(य^{२} - ४)(य^{२} - ५)$ ।

(१४) $६\text{अ}^{३} + १७\text{अ}^{२} - ३०\text{अ} - ५६ = (\text{अ} - २)(२\text{अ} + ७)(३\text{अ} + ४)$ ।

४२ । जो दो राशि १ छोड़ और किसी एक हि राशि से निःशेष भागे नहीं जाते उन को परस्पर दृढ कहते हैं और जो भागे जाते हैं उन को परस्पर अदृढ कहते हैं ।

४३ । कोइ दो राशिओं में छोटे राशि का बड़े राशि में भाग देने से जो शेष बचेगा उस का उस के भाजक में भाग देओ तब जो दूसरा शेष बचेगा उस का फिर उस के भाजक में भाग देओ । यों उन दो राशिओं का परस्पर में भाग देने से जिस शेष से उस का भाजक निःशेष होगा उस शेष से वे दोनों राशि निःशेष भागे जावेंगे और उस से भागे हुए वे दो राशि परस्पर दृढ होंगे ।

मानो अ और क ये दो राशि हैं । इन में अ राशि क से बड़ा है और मानो कि अ में क का भाग देने से त लब्ध होता है और ग शेष रहता है फिर ग का क में भाग देने से थ लब्ध होता है और घ शेष रहता है । फिर भी घ का ग में भाग देने से द लब्ध होता है और शेष कुछ नहीं बचता है । इस का न्यास दिखलाते हैं ।

क) अ (त
कत
―――
ग) क (थ
गथ
―――
घ) ग (द
घद
―――
०

तो यहां घ से अ और क ये दोनों निःशेष होवेंगे । इस की उपपत्ति इस भांति स्पष्ट होती है ।

यहां, ग − घद = ०, ∴ पक्षान्तरनयन से, ग = घद ।

$क - गथ = घ, \therefore क = घ + गथ = घ + घदथ = (१ + थद) घ$ ।
और $अ - कत = ग, \therefore अ = ग + कत = घद + त(१ + थद) घ$
$= (त + तथद + द) घ$ ।

यहां स्पष्ट देख पड़ता है कि घ से अ और क ये दोनों भी निःशेष होते हैं ।

और अ और क इन को जितने राशि निःशेष करते होंगे उन सभों में घ बड़ा है ।

क्यों कि जो यों न मानो और कहो कि अ और क इन को निःशेष करनेहारों में सभों में बड़ा राशि च है और इस का अ और क में अलग भाग देने से क्रम से प और फ ये दो लब्ध होते हैं । तो

$$अ = पच, \text{ और } क = फच \text{ होगा}$$

$\therefore ग = अ - कत = पच - तफच = (प - तफ) च$ । और
$घ = क - गथ = फच - थ(प - तफ) च = (फ - थप + तथफ) च$ ।

इस से स्पष्ट प्रकाशित होता है कि च से घ निःशेष होता है । तो च सब से बड़ा नहीं हो सकता । इस लिये अ और क इन को निःशेष करनेहारों में घ सब से बड़ा है यह सिद्ध हुआ । इस को अ और क का महत्तमापवर्तन कहते हैं । और इसी लिये इस से भागे हुए अ और क ये दो राशि फिर १ छोड़ किसी दूसरे एक हि राशि से निःशेष न होंगे अर्थात् वे दृढ होंगे ।

श्रीयुत भास्कराचार्यजी ने भी लीलावती और बीजगणित के कुट्टकाध्याय में कहा है कि

परस्परं भाजितयोर्ययोर्यः शेषस्तयोः स्यादपवर्तनं सः ।
तेनापवर्तेन विभाजितौ यौ तौ भाज्यहारौ दृढसंज्ञकौ स्तः ॥

* यह रेखागणित के सातवें अध्याय के दूसरे क्षेत्र में भी क्षेत्र रीति से सिद्ध किया है ।

अनुमान १ । दो राशिओं का परस्पर में भाग देने से जो हर एक भागहार में भाज्य भाजक रहते हैं उन का भी महत्तमापवर्तन वही होता है जो उन दो राशिओं का महत्तमापवर्तन है ।

जैसा । ४२६ और ६१२ इन के महत्तमापवर्तन के लिये इन का परस्पर में भाग देने का न्यास ।

```
४२६) ६१२ (१
     ४२६
     ----
     १८६) ४२६ (२
          ३७२
          ----
           ५४) १८६ (३
               १६२
               ----
                २४) ५४ (२
                    ४८
                    --
                     ६) २४ (४
                        २४
                        --
                         ०
```

इस प्रकार से ४२६ और ६१२ इन का महत्तमापवर्तन ६ है । अब यहां हर एक भागहार में ४२६ और १८६, १८६ और ५४, ५४ और २४ और २४ और ६ ये जो भाज्य भाजक हैं इन का भी महत्तमापवर्तन ६ यही है ।

अनुमान २ । दो राशिओं को जो कोइ तीसरा राशि निःशेष करता हो वह उन दो राशिओं के महत्तमापवर्तन को भी निःशेष करेगा ।

अनुमान ३ । जो दो राशि परस्पर दृढ हैं अर्थात् १ छोड़ किसी अन्य एक हि राशि से निःशेष नहीं होते उन का परस्पर में भाग देने से अन्त का भाजक १ होगा ।

४४ । जो अ और क इन दो राशिओं का अक गुणनफल ग का अपवर्त्य अर्थात् ग से निःशेष होने के योग्य हो और क और ग ये दो परस्पर दृढ हों तो ग से अ निःशेष होगा ।

इस की उपपत्ति । जब कि क और ग परस्पर दृढ हैं तो इन का परस्पर में भाग देने से अन्त का भाजक अवश्य १ होगा । सो ऐसा

क) ग (त
कत
घ) क (थ
घथ
च) घ (द
चद
१) च (च
च
०

यहां, ग − कत = घ, क − घथ = च, और घ − चद = १ ।

∵ अग − अकत = अघ, अक − अघथ = अच और अघ − अचद = अ ।

अब ∵ अक यह ग से निःशेष होता है ।

∴ अघ भी ग का अपवर्त्य है,

∴ अच भी ग का अपवर्त्य है,

और ∴ ग से अ निःशेष होगा । यह सिद्ध हुआ ।

यह उपपत्ति ग को क से बड़ा मान के दिखलाई इसी भांति क को ग से बड़ा मान के भी स्पष्ट होती है ।

इस की प्रकारान्तर से उपपत्ति दिखलाते हैं ।

जब कि क और ग ये परस्पर दृढ हैं तब जो इन दोनों को अ से गुण देओ तो स्पष्ट है कि अक और अग इन दो गुणनफलों का महत्तमापवर्तन अ होगा (प्र॰ ४३) और अक यह ग का अपवर्त्य माना है और अग यह ग से निःशेष होता हि है । इस लिये जब कि अक और अग इन दोनों को ग निःशेष करता है तब (४३) वे प्रक्रम के दूसरे अनुमान से सिद्ध होता है कि ग यह अक और अग इन के महत्तमापवर्तन को अर्थात् अ को भी निःशेष करेगा । यों उपपन्न हुआ ।

जैसा । ५ और ६ इन का गुणनफल ३० है । यह ३ से निःशेष होता है और ५ और ३ ये परस्पर दृढ हैं तो ६ यह संख्या ३ से निःशेष होगी ।

इसी भांति जो $अ^2 - क^2$ यह ग से निःशेष होता है और अ − क यह ग से दृढ है तो अ + क यह अवश्य ग से निःशेष होगा । अर्थात् दो राशिओं के वर्गों का अन्तर जो किसी तीसरे राशि से निःशेष होता हो और वह तीसरा राशि उन दो राशिओं के अन्तर से दृढ हो तो उन दों राशिओं का योग अवश्य उस तीसरे राशि से निःशेष होगा ।

४५ । जो अ और क ये दो राशि प्रत्येक ग से दृढ हों तो उन का अक गुणनफल भी ग से दृढ होगा ।

क्यों कि जो ऐसा न हो अर्थात् ग और अक ये दोनों घ से निःशेष होते हों तो घ यह अ और क इन दोनों से दृढ होगा (क्यों कि ग उन दोनों से दृढ है) और घ से अक अपवर्त्य है और अ से दृढ है । इस लिये ऊपर के प्रक्रम से क यह घ से निःशेष होगा । परन्तु क तो घ से दृढ है सो क्यों कर निःशेष होगा ? इस लिये अक यह ग से दृढ नहीं सो नहीं किन्तु दृढ हि है ।

रेखागणित के सातवें अध्याय के चौबीसवें क्षेत्र में इस की उपपत्ति क्षेत्ररीति से भी दिखलाई है ।

जैसा । ६ और ८ प्रत्येक ५ से दृढ हैं तो ६ × ८ अर्थात् ४८ यह गुणनफल भी ५ से दृढ होगा ।

इसी भांति । जो अ + क और अ − क ये दोनों ग से दृढ हों तो $अ^2 - क^2$ यह भी ग से दृढ होगा ।

अनुमान १ । जो अ राशि क, ग, घ इत्यादि प्रत्येक राशि से दृढ हो तो वह क, ग, घ इत्यादिओं के गुणनफल से भी दृढ होगा ।

क्यों कि जब अ यह क और ग से दृढ है तो वह कग इस गुणनफल से भी दृढ होगा और जब अ यह कग और घ से दृढ है तो वह इन के कगघ गुणनफल से भी दृढ होगा । ऐसा हि आगे भी जानो ।

जैसा । १२ यह संख्या ५, ७ और ११ इन तीनों संख्याओं से दृढ है। तो ५ × ७ × ११ अर्थात् ३८५ यह संख्या भी १२ से दृढ होगी ।

अनुमान २ । जो अ यह क से दृढ हो तो वह $क^2$, $क^3$, $क^4$ इत्यादिकों से भी दृढ होगा ।

क्यों कि जब अ यह क और क से दृढ है तो वह उन के गुणनफल से अर्थात् $क^2$ से भी दृढ होगा । इसी भांति आगे भी जानो ।

जैसा । ४ यह संख्या ३ से दृढ है तो ९, १७, ८१ इत्यादि संख्याओं से भी ४ यह संख्या दृढ होगी ।

अनुमान ३ । जो अ, क, ग इत्यादि प्रत्येक त, थ, द इत्यादिकों से दृढ हो तो अ, क, ग इत्यादिओं का गुणनफल भी त, थ, द इत्यादिओं के गुणनफल से दृढ होगा ।

क्यों कि जब अ, क, ग इत्यादि प्रत्येक त, थ, द इत्यादिकों से दृढ हैं तो पहिले अनुमान से अकग इत्यादि यह गुणनफल भी त, थ, द इत्यादिकों से दृढ होगा । और इसी लिये अकग इत्यादि यह गुणनफल भी तथद इत्यादि इस गुणनफल से दृढ होगा ।

जैसा । ३, ४ और ५ ये तीनों संख्या ७, ११ और १३ इन तीनों संख्याओं से दृढ हैं तो ३ × ४ × ५ अर्थात् ६० यह संख्या ७ × ११ × १३ अर्थात् १००१ इस संख्या से दृढ होगी ।

अनुमान ४ । जो अ यह क से दृढ हो तो $अ^2$, $अ^3$, $अ^4$ इत्यादि प्रत्येक $क^2$, $क^3$, $क^4$ इत्यादिकों से दृढ होंगे ।

क्यों कि जब अ यह क से दृढ है तो (२) रे अनुमान से $अ^2$, $अ^3$ इत्यादि सब प्रत्येक क से दृढ होंगे । और इसी लिये $अ^2$, $अ^3$, इत्यादि सब हर एक $क^2$, $क^3$ इत्यादिकों से दृढ होंगे ।

जैसा । २ और ३ ये परस्पर दृढ हैं तो ४, ८, १६ इत्यादि संख्या भी प्रत्येक ९, २७, ८१ इत्यादि प्रत्येक संख्या से दृढ होगी ।

अध्याय ३ ।

इस में बीजात्मक पदों का महत्तमापवर्तन और लघुतमापवर्त्य जानने के प्रकार हैं ।

१ महत्तमापवर्तन ।

४६ । जो दो वा बहुत पद जितने पदों से अपवर्त्य हैं उतने उन पदों के अपवर्तन कहलाते हैं और उन अपवर्तनों में जो सब से बड़ा है उस को उन दो वा अधिक पदों का महत्तमापवर्तन कहते हैं ।

जैसा । अकग और कगघ इन दो पदों के क, ग और कग, इतने अपवर्तन हैं और इन सभों में कग सब से बड़ा है इस लिये यह उन दो पदों का महत्तमापवर्तन है ।

इसी भांति अकगर, अगयर और गयरल इन के ग, र और गर इतने अपवर्तन हैं परंतु इन में गर सभों से बड़ा है इस लिये यह महत्तमापवर्तन है ।

जानना चाहिये कि यहां महत्तमापवर्तन ऋण करने से भी वह अपने पदों को निःशेष कर सकता है पर सर्वदा महत्तमापवर्तन को धनात्मक हि मानते हैं ।

४७ । जो बीजात्मक केवलपदों का महत्तमापवर्तन जानना हो तो वह उन पदों को बिचार के देखने से तुरन्त ज्ञात होगा । जैसा नीचे लिखे हुए उदाहरणों में ।

उदा० (१) २४ $\text{अय}^{२}\text{र}^{३}$ और १६ $\text{य}^{२}\text{र}^{२}\text{ल}$ इन का महत्तमापवर्तन ८ $\text{य}^{२}\text{र}^{२}$, है । क्यों कि २४ $\text{अय}^{२}\text{र}^{३} = ८\,\text{य}^{२}\text{र}^{२} \times ३\,\text{अर}$ और १६ $\text{य}^{२}\text{र}^{२}\text{ल}$
$= ८\,\text{य}^{२}\text{र}^{२} \times २\,\text{यल}$ यहां ३ अर और २ यल ये दूसरे अवयव परस्पर दृढ़ हैं ।

उदा० (२) १५ $\text{अ}^{३}\text{क}$, १० $\text{अक}^{२}\text{य}$ और २० $\text{क}^{३}\text{ग}$ इन का महत्तमापवर्तन ५ क है इस का भी कारण वही है ।

उदा० (३) ३ अक $(य - र)^3$ और अग $(य - र)^2$ इन का महत्तमापवर्तन अ $(य - र)^2$ है ।

उदा० (४) $२ (अ + क)^2 (अ + ३ क)^2$, $३ (अ + क) (अ + ३ क)^2$ और $५ (अ + क)^2 (अ + ३ क)^3$ इन का महत्तमापवर्तन $(अ + क) (अ + ३ क)^2$ यह है ।

४८ । बीजात्मक दो संयुक्तपदों का महत्तमापवर्तन निकालने की रीति ।

पहिले उद्दिष्ट पदों को सुधार के लिखो फिर संभव हो तो उन दोनों में ऐसे एक हि केवलपद का निःशेष भाग देओ कि जिस से भागे हुए उद्दिष्ट पद फिर किसी एक हि केवलपद से निःशेष होने के योग्य न रहें । यों निःशेष भागे हुए उद्दिष्ट पदों को लघुपद कहो । और दोनों उद्दिष्ट पद यदि किसी एक हि केवलपद से निःशेष होने के योग्य न हों तो उद्दिष्ट पद हि लघुपद कहावें ।

फिर उन दो लघु पदों में जिस एक पद में दूसरे का भाग लग सके उस में भाग देओ तब जो शेष बचेगा उस का उस के भाजक में भाग देओ फिर भी जो शेष बचेगा उस से फिर वही विधि करो यों उन लघुपदों का परस्पर में भाग देने से जिस शेष से उस का भाजक निःशेष होगा वह उन दो लघुपदों का महत्तमापवर्तन है । अब जो उद्दिष्ट पद हि लघु हों तो उन का महत्तमापवर्तन यही होगा और जो उद्दिष्ट पद लघु न हों अर्थात् भागे हुए उद्दिष्ट पद लघु हों तो उस भाजकरूप केवलपद से उन लघुपदों के महत्तमापवर्तन को गुण देओ वह गुणनफल उद्दिष्ट पदों का महत्तमापवर्तन है ।

यहां लघुपदों का महत्तमापवर्तन निकालने की जो रीति लिखी है उस की उपपत्ति (४३) वे प्रक्रम से स्पष्ट प्रकाशित होती है । अब जो उद्दिष्ट पद हि लघु हों तो जो लघुपदों का महत्तमापवर्तन है सो हि उद्दिष्ट पदों का होगा और जो भागे हुए उद्दिष्ट पद लघु हों तो

यहां लघुपदों का महत्तमापवर्तन भी भागा हुआ आवेगा इस लिये इस को उस भाजकरूप केवलपद से गुण देने से वह गुणनफल उद्दिष्ट पदों का महत्तमापवर्तन होगा यह स्पष्ट है।

यहां लघुपदों का परस्पर में भाग देने में हर एक भाजक जिस पद से निःशेष भागा जाता होगा (जो पद उस भाजक के भाज्य से दृढ हो) उस का भाग दे के फिर उस भागे हुए भाजक से क्रिया को बढ़ाओ और हर एक भागहार में जो लब्धि का वारद्योतक भिन्न आने के योग्य हो तो भाज्य को ऐसे एक छोटे पद से गुण देओ कि जिस से लब्धि का वारद्योतक अभिन्न आवे और जो गुणक रूप छोटा पद भाजक से दृढ होवे फिर पूर्ववत् क्रिया करो।

इन दो विशेष विधिओं को कहने का कारण यह है कि इन से लब्धि अभिन्न आती है और इसी लिये गणित में गौरव नहीं होता और इन से महत्तमापवर्तन में कुछ अन्तर नहीं होता इस का कारण यह है।

मानो कि अग और कघ इन का महत्तमापवर्तन घ है तो अ और क ये अवश्य परस्पर दृढ होंगे और ग एक राशि अ से दृढ हो तो अघ और कगघ इन का महत्तमापवर्तन घ ही होगा क्यों कि अ और कग ये भी दोनों (४५) वे प्रक्रम से परस्पर दृढ होंगे। इस से स्पष्ट है कि जिन दो राशिओं का महत्तमापवर्तन निकालना है उन दो राशिओं में एक राशि को जो किसी तीसरे राशि से गुण देओ वा भाग देओ जो राशि उन दो राशिओं में दूसरे राशि से दृढ हो और फिर वह गुणा हुआ वा भागा हुआ पहिला राशि और केवल दूसरा राशि इन का महत्तमापवर्तन निकालो तो भी वह उन दो राशिओं के महत्तमापवर्तन के समान हि होता है। अब इस से और (४३) वे प्रक्रम के पहिले अनुमान से विशेष विधिओं की उपपत्ति स्पष्ट प्रकाशित होती है।

उदा० (१) $६ य^३ + य^२ - ४४ य + १०$ और $२ य^२ + य - १५$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

न्यास, $२\text{य}^2 + \text{य} - १५ \,)\, ६\text{य}^3 + \text{य}^2 - ४४\text{य} + १० \,(\, ३\text{य} - १$

$$६\text{य}^3 + ३\text{य}^2 - ४५\text{य}$$

$$० \quad - २\text{य}^2 + \text{य} + १०$$

$$- २\text{य}^2 - \text{य} + १५$$

$$० \quad २\text{य} - ५$$

फिर, $२\text{य} - ५ \,)\, २\text{य}^2 + \text{य} - १५ \,(\, \text{य} + ३$

$$२\text{य}^2 - ५\text{य}$$

$$० \quad ६\text{य} - १५$$

$$६\text{य} - १५$$

$$० \quad ०$$

यहां अन्त का भाजक $२\text{य} - ५$ यह है, इस लिये यह उद्दिष्ट पदों का महत्तमापवर्तन है।

उदा० (२) $\text{अ}^3 + \text{अ}^2\text{क} - \text{अक}^2 + २\text{क}^3$ और $\text{अ}^3 + ३\text{अ}^2\text{क} + ३\text{अक}^2 + २\text{क}^3$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

न्यास, $\text{अ}^3 + \text{अ}^2\text{क} - \text{अक}^2 + २\text{क}^3 \,)\, \text{अ}^3 + ३\text{अ}^2\text{क} + ३\text{अक}^2 + २\text{क}^3 \,(\, १$

$$\text{अ}^3 + \text{अ}^2\text{क} - \text{अक}^2 + २\text{क}^3$$

$$० \quad २\text{अ}^2\text{क} + ४\text{अक}^2 \quad ०$$

अब यह शेष भाजक होगा पर यह २अक से निःशेष होता है और २अक शेष रूप भाजक के भाज्य से भी दृढ़ है इस लिये शेष में २अक का भाग देने से।

$\text{अ} + २\text{क} \,)\, \text{अ}^3 + \text{अ}^2\text{क} - \text{अक}^2 + २\text{क}^3 \,(\, \text{अ} - \text{अक} + \text{क}^2$

$$\text{अ}^3 + २\text{अ}^2\text{क}$$

$$० \quad - \text{अ}^2\text{क} - \text{अक}^2$$

$$- \text{अ}^2\text{क} + २\text{अक}^2$$

$$० \quad \text{अक}^2 + २\text{क}^3$$

$$\text{अक}^2 + २\text{क}^3$$

$$० \quad ० \quad ०$$

इस लिये यहां $अ + २क$ यह महत्तमापवर्तन है ।

उदा० (३) $३य^३ - १०य^२ + १०य - ७$ और $२य^३ + ३य^२ - ३य + ५$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है ?

यहां उद्दिष्ट पदों में किसी एक का दूसरे में भाग देने से लब्धि भिन्न आती है । इस लिये पहिले उद्दिष्ट पद को भाज्य मान के उस को दो से गुण के क्रिया को बढाओ ।

$$
\begin{array}{r}
३य^३ - १०य^२ + १०य - ७ \\
२ \\
\hline
२य^३ + ३य^२ - ३य + ५ \big) \; ६य^३ - २०य^२ + २०य - १४ \; \big(३ \\
६य^३ + ९य^२ - ९य + १५ \\
\hline
- २९य^२ + २९य - २९
\end{array}
$$

शेष में -२९ का भाग देने से

$$
\begin{array}{r}
य^२ - य + १ \big) \; २य^३ + ३य^२ - ३य + ५ \; \big(२य + ५ \\
२य^३ - २य^२ + २य \\
\hline
५य^२ - ५य + ५ \\
५य^२ - ५य + ५ \\
\hline
\cdot \quad \cdot \quad \cdot
\end{array}
$$

इस लिये यहां महत्तमापवर्तन $य^२ - य + १$ यह है ।

उदा० (४) $१२य^५ - ४८य^४ + ३९य^३ + ९य^२$ और $६य^५ - २७य^४ + ५७य^३ - ४५य^२$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है ?

यहां दोनों उद्दिष्ट पद $३य^२$ से निःशेष होते हैं सो ऐसे

$१२य^५ - ४८य^४ + ३९य^३ + ९य^२ = ३य^२ (४य^३ - १६य^२ + १३य + ३)$,

$६य^५ - २७य^४ + ५७य^३ - ४५य^२ = ३य^२ (२य^३ - ९य^२ + १९य - १५)$ ।

$\therefore$ यहां $४य^३ - १६य^२ + १३य + ३$ और $२य^३ - ९य^२ + १९य - १५$ ये लघुपद हैं इन का परस्पर में भाग देने के लिये न्यास,

$२य^३ - ९य^२ + १९य - १५)\ ४य^३ - १६य^२ + १३य + ३\ (\ २$

$४य^३ - १८य^२ + ३८य - ३०$

$\cdot\quad २य^२ - २५य + ३३$

फिर, $२य^२ - २५य + ३३)\ २य^३ - ९य^२ + १९य - १५\ (\ य + ८$

$२य^३ - २५य^२ + ३३य$

$\cdot\quad १६य^२ - १४य - १५$

$१६य^२ - २००य + २६४$

$\cdot\quad १८६य - २७९$

९३ का भाग देने से

$२य - ३)\ २य^२ - २५य + ३३\ (\ य - ११$

$२य^२ - ३य$

$-२२य + ३३$

$-२२य + ३३$

$\cdot\quad \cdot$

इस लिये यहां $२य - ३$ यह लघुपदों का महत्तमापवर्तन है और $\therefore ३य^२(२य - ३)$ वा, $६य^३ - ९य^२$, यह उद्दिष्ट पदों का महत्तमापवर्तन है।

उदा० (५) $य^३ + (अ - घ)य^२ - (अघ + क)य + कघ$ और $पय^२ - (पघ - फ)य - घफ$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है ?

न्यास । $य^३ + (अ - घ)य^२ - (अघ + क)य + कघ$

$प$

$पय^३ + (अप - घप)य^२ - (अघप + कप)य + कघप$

$पय^२ - (पघ - फ)य - घफ)\ पय^३ + (अप - घप)य^२ - (अघप + कप)य + कघप\ (\ य$

$पय^३ - (पघ - फ)य^२ - घफय$

$(अप - फ)य^२ - (अघप - घफ + कप)य + कघप$

$प$

$पय^२ - (पघ - फ)य - घफ)\ (अप^२ - पफ)य^२ - (अघप^२ - घपफ + कप^२)य + कघप^२\ (\ अप - फ$

$(अप^२ - पफ)य^२ - (अघप^२ - अपफ - घपफ + फ^२)य - अघपफ + घफ^२$

$\cdot\quad - (अपफ + कप^२ - फ^२)य + अघपफ + कघप^२ - घफ^२$

$-(अपफ + कप^२ - फ^२)$ इस का भाग देने से

$$य - घ)\ पय^{२} - (पघ - फ)\,य - घफ\ (पय + फ$$
$$पय^{२} - घपय$$
$$+ फय - घफ$$
$$+ फय - घफ$$

∴ यहां य − घ यह महत्तमापवर्तन है ।

उदा० (६) $अ^{२} + ३\,अक + २\,क^{२} - २\,अग - कग - ३\,ग^{२}$ और $३\,अ^{२} + अक - २\,क^{२} + ४\,अग - कग + ग^{२}$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

यहां उद्दिष्ट पदों को सुधार के पहिले पद का दूसरे में भाग देने से

$$अ^{२}+(३क-२ग)अ+२क^{२}-कग-३ग^{२})\ ३अ^{२}+(क+४ग)अ-२क^{२}-कग+ग^{२}\ (३$$
$$३अ^{२}+(९क-६ग)अ+६क^{२}\ \ ३कग-९ग^{२}$$
$$-(८क-१०ग)अ-८क^{२}+२कग+१०ग^{२}$$

$-(८\,क - १०\,ग)$ इस का भाग देने से

$$अ + क + ग)\ अ^{२} + (३क - २ग)\,अ + २\,क^{२} - कग - ३\,ग^{२}\ (अ + २\,क - ३\,ग$$
$$अ^{२} + (क + ग)\,अ$$
$$(२\,क - ३\,ग)\,अ + २\,क^{२} - कग - ३\,ग^{२}$$
$$(२\,क - ३\,ग)\,अ + २\,क^{२} - कग - ३\,ग^{२}$$

∴ यहां अ + क + ग यह महत्तमापवर्तन है ।

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) $य^{२} + ५\,य + ६$ और $य^{२} + ६\,य + ८$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य + २$ ।

(२) $य^{२} + य - २०$ और $य^{२} - ११\,य + २८$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य - ४$ ।

(३) $२य^{२}+७य+६$ और $य^{२}+य-२$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य+२$ ।

(४) $य^{२}+७य-८$ और $य^{३}-४य^{२}+१०य-७$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य-१$ ।

(५) $य^{२}-९य+१४$ और $२य^{३}-य^{२}-११य+१०$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य-२$ ।

(६) $य^{२}+१३य+३६$ और $५य^{३}+१३य^{२}-२६य+८$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य+४$ ।

(७) $य^{३}-४य^{२}-२६य+३५$ और $य^{३}-११य^{२}+२९य-७$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य-७$ ।

(८) $य^{३}+३य^{२}-१८य$ और $३य^{३}-१३य^{२}+१७य-१५$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य-३$ ।

(९) $य^{३}+९य^{२}+२५य+२५$ और $य^{३}+८य^{२}+१८य+१५$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य+५$ ।

(१०) $य^{३}+२य^{२}र-८यर^{२}+५र^{३}$ और $य^{३}-३य^{२}र+५यर^{२}-३र^{३}$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य-र$ ।

(११) $२य^{३}-१७य^{२}+२२य-७$ और $३य^{३}-२३य^{२}+१८य-२८$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य-७$ ।

(१२) $अ^३ - अक^२ - ६ क^३$ और $अ^३ - ३ अ^२क + ४ क^३$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $अ - २ क$ ।

(१३) $३ य^३ - २५ य^२ + ६७ य - १५०$ और $२ य^३ - ७ य^२ - ४७ य + १०२$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य - ६$ ।

(१४) $य^३ + अय^२ - २७ अ^२ य + १८ अ^३$ और $य^३ + १३ अय^२ + ४० अ^२य - १२ अ^३$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य + ६ अ$ ।

(१५) $य^३ - ५ य^२ - १९२$ और $य^३ - ५७ य - ५६$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य - ८$ ।

(१६) $२ य^३ + ३ य^२ - ३ य - ९$ और $२ य^४ + ३ य^३ - य^२ - ८ य - ६$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $२ य - ३$ ।

(१७) $६ य^३ - य^२ - १७ य + ४२$ और $९ य^३ - ४९ य$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $३ य + ७$ ।

(१८) $३ य^३ + १६ य^२ - ७४ य + ६५$ और $६ य^३ - ३१ य^२ + ६५ य - ५०$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $३ य - ५$ ।

(१९) $२ य^३ - ९ य^२ - ८१ य - ५२$ और $३ य^३ + १७ य^२ + २७ य + २८$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य + ४$ ।

(२०), १८ $य^३$ + ३३ $य^२$ − १०५ य और १६ $य^३$ + ३२ $य^२$ − ८४ य इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर २ $य^२$ + ७ य ।

(२१) ३ $य^५$ + ४ $य^४$ − ६ $य^३$ + २७ $य^२$ और ४ $य^५$ + १४ $य^४$ + ३ $य^३$ − ९ $य^२$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य^३$ + ३ $य^२$ ।

(२२) ६$य^३$+२३$य^२$र+१९$यर^२$−३$र^३$ और २$य^३$−३$य^२$र−७$यर^२$+३$र^३$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, २ य + ३ र ।

(२३) $य^४$ + $य^३$ + १३ य + ५ और $य^४$ + ९ $य^३$ + १० $य^२$ − २१ य − ९ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य^२$ + ३ य + १ ।

(२४) $य^४$+$य^३$+१०$य^२$+१३य+६३ और $य^४$−७$य^३$+२१$य^२$−४९य+१८ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य^२$ − २ य + ९ ।

(२५) २ $य^४$ − ७ $य^३$ + ६ $य^२$ + १४ य + ३२३ और ३ $य^४$ − १० $य^३$ − ८ $य^२$ + १२५ य + २२८ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य^२$ − ७ य + १९ ।

(२६) ३ $य^४$ + २ $य^३$ − १६ $य^२$ + २३ य + २४ और $य^४$ + ८ $य^३$ + १२ $य^२$ − १४ य − १५ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, य + ३ ।

(२७) ४$य^४$ + ३२ $य^३$ + २८ $य^२$ − १६० य और ३ $य^४$ + ९ $य^३$ − ९ $य^२$ + १०५ य इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य^२$ + ५ य ।

(२८) $११ य^{५} - १४ य^{४} + य + २$ और $४ य^{५} - ५ य^{४} + १$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $(य - १)^{२}$ ।

(२९) $य^{४} - ८ य^{३} + १४ य^{२} + ८ य - १५$ और $य^{४} + ८ य^{३} + १४ य^{२} - ८ य - १५$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $य^{२} - १$ ।

(३०) $२ य^{६} + य^{५} + ७ य + ६$ और $२ य^{६} - ३ य^{४} + १$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $(य + १)^{२}$ ।

(३१) $अ^{४} - ६ अ^{३}क - ४ अ^{२}क^{२} + ५४ अक^{३} - ४५ क^{४}$ और $अ^{४} + ४ अ^{३}क - २२ अ^{२}क^{२} - १०० अक^{३} - ७५ क^{४}$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $अ^{२} - २ अक - १५ क^{२}$ ।

(३२) $१० य^{४} + २५ य^{३} - २९ य^{२} - ३५ य + २१$ और $१५ य^{४} - २० य^{३} - १६ य^{२} + २८ य - ७$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $५ य^{२} - ७$ ।

(३३) $अ^{४} - ४ अय^{३} + ३ य^{४}$ और $अ^{५} + अ^{४}य - ९ अय^{४} + ७ य^{५}$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $अ^{२} - २ अय + य^{२}$ ।

(३४) $६ य^{४}र + य^{३}र^{२} - ५ य^{२}र^{३} + १९ यर^{४} - ५ र^{५}$ और $८ य^{५} + ६ य^{४}र - १५ य^{३}र^{२} + यर^{४}$ ।

उत्तर, $२ य^{२} + ३ यर - र^{२}$ ।

(३५) $५ अ^{५} + १३ अ^{४}क + अ^{३}क^{२} + २१ अ^{२}क^{३}$ और $२ अ^{४}क + १० अ^{३}क^{२} + १३ अ^{२}क^{३} + ३ अक^{४}$ इन का महत्तमापवर्तन क्या है?

उत्तर, $अ^{२} + ३ अक$ ।

इस में समीकरण का व्युत्पादन, एकवर्ण एकघातसमीकरण, अनेकवर्ण एकघातसमीकरण और एकघातसमीकरणसंबन्धि प्रश्न इतने प्रकरण हैं ।

१ समीकरण का व्युत्पादन ।

८१ । जो दो पक्षों का साम्य दिखलाता है उस को समीकरण कहते हैं उस में उन दोनों पक्षों को = इस चिह्न की दोनों ओर लिखते हैं । यह समीकरण दो प्रकार का । एक प्राकृत समीकरण और एक कल्पित समीकरण ।

(१) जिस समीकरण के दोनों पक्ष एकरूप होते हैं वा जिस के दोनो पक्षों को सवर्णित करने से वे एकरूप हो जाते हैं उस को प्राकृत समीकरण कहते हैं ।

जैसा । $अ + य = अ + य$,

अथवा $\frac{अ^२ - य^२}{अ + य} = अ - य$ ।

(२) विरूप समीकरण उस को कहते हैं जिस के दोनों पक्ष भिन्नरूप हैं और सवर्णित करने से भी एकरूप नहीं होते केवल उन के मान परस्पर समान कल्पना किये हैं उस को कल्पित समीकरण कहते हैं ।

जैसा । $य + अ = क$ इस का अर्थ यह है कि य एक ऐसी नियत संख्या है कि जिस में अ को जोड़ देने से योग क के समान होता है ।

(३) प्राकृत समीकरण के दोनो पक्षों का साम्य स्वाभाविक रहता है इस लिये उस के पद वा पदों के मान यथेष्टकल्प्य अर्थात् जो चाहो सो हो सकते हैं । और कल्पित समीकरण के दो पक्षों का साम्य

कल्पित होता है इस लिये उस के पद वा पदों के मान उस कल्पित साम्य के अनुसार नियत रहते हैं ।

(४) कल्पित समीकरण में अव्यक्तपद व्यक्तपदों से संबद्ध रहता है वहां जिस क्रिया से उस समीकरण के पक्षों का साम्य न बिगड़े और एक पक्ष में केवल अव्यक्तपद को और दूसरे पक्ष में सब व्यक्तपदों को कर देते हैं उस क्रिया को समक्रिया कहते हैं ।

(५) कल्पित समीकरण में अव्यक्त का मान वह है जिस से उस समीकरण में उत्थापन करने से वह समीकरण प्राकृत हो जावे अर्थात् उस के दोनों पक्ष एकरूप हो जावें ।

जैसा । य + अ = क, इस में य अव्यक्त है और अ और क ये व्यक्तपद हैं । और यहां य का मान क − अ है क्योंकि उत्थापन से अर्थात् उद्दिष्ट समीकरण में य के स्थान में क − अ को रखने से क − अ + अ = क, वा, क = क यह प्राकृत समीकरण होता है ।

८२ । इस प्रक्रम में समीकरण के भेद कहते हैं ।

(१) जिस समीकरण में एकही अव्यक्त है उस को एकवर्ण समीकरण कहते हैं ।

(२) जिस में अनेक अव्यक्त हैं उस को अनेकवर्ण समीकरण कहते हैं ।

(३) छेदगम और यथासंभव अपवर्तन इत्यादि करने से समीकरण में अव्यक्त का जो घात सब से बड़ा रहता है उस घात के नाम का वह समीकरण कहलाता है । जैसा जो समीकरण में अव्यक्त का एक घात रहे तो उस को एकघातसमीकरण कहते हैं । जैसा य = अ । और जो समीकरण में अव्यक्त का सब से बड़ा घात वर्ग ही हो तो उस को वर्गसमीकरण कहते हैं । यह दो प्रकार का एक केवल वर्गसमीकरण और दूसरा मध्यमाहरण । जिस में अव्यक्त का वर्ग मात्र रहता है उस

को केवल वर्गसमीकरण कहते हैं और जिस में अव्यक्त का वर्ग औ उस का एक घात भी रहता है उस को मध्यमाहरण कहते हैं।

जैसे। $अय^{२} + क = ०$, यह केवल वर्गसमीकरण है।

और $अय^{२} + कय = ग$, यह मध्यमाहरण।

इसी भांति घनसमीकरण, चतुर्घातसमीकरण, इत्यादि जानो और भी साधारण रीति से।

$$य^{म} + लय^{म-१} + थय^{म-२} + \cdot \cdot \cdot \cdot + फय^{२} + बय + भ = ०$$

इस में अव्यक्त का सब से बड़ा घात $य^{म}$ यह है इस लिये इस को मघातसमीकरण कहते हैं।

२ एकवर्ण एकघातसमीकरण।

८३। जिस उद्दिष्ट समीकरण में अव्यक्त किसी सच्छेद पद में नहीं पड़ा है उस की समक्रिया।

रीति। उद्दिष्ट समीकरण में जितने अव्यक्त के पद होंगे उन सभों को पक्षान्तर नयन से = इस चिह्न की बांई ओर के पक्ष में कर देओ और जितने व्यक्त पद होंगे उन को दहनी ओर की पक्ष में कर देओ। फिर उस अव्यक्त के पदों का और उन व्यक्त पदों का अलग २ योग करो। यों करने से बांई ओर के पक्ष में अव्यक्त का जो वारद्योतक हो उस का दहनी ओर के पक्ष में भाग देने से उस अव्यक्त का मान लब्ध होता है।

भास्कराचार्य जी ने भी कहा है कि

एकाव्यक्तं शोधयेदन्यपक्षा-
द्रूपाण्यन्यस्येतरस्माच्च पक्षात्।
शेषाव्यक्तेनोद्धरेद्रूपशेषं
व्यक्तं मानं जायतेऽव्यक्तराशेः॥

इस में रूप कहिये व्यक्त पद ।

इस में समीकरण के किसी पक्ष में यदि एक वा अनेक कोष्ठ हों तो उन को पहिले (२४) वे प्रक्रम से उड़ा के फिर ऊपर का विधि करो। और समक्रिया के समय में जब दोनों पक्षों में किसी का अपवर्त लगता हो तब लगा के फिर क्रिया को बढ़ाओ और (३७) वे प्रक्रम का पहिला और दूसरा अनुमान जहां पर लगे तहां उस को लगाओ ।

यहां अव्यक्त को = इस चिह्न की बांई ओर करते हैं और व्यक्त पदों को दहनी ओर करते हैं इस लिये बांई ओर के पक्ष को अव्यक्त पक्ष और दहनी ओर के पक्ष को व्यक्त पक्ष कहते हैं ।

उदा० (१) $७ य + ३ = २ य + २३$, इस में य का मान क्या है?

पक्षान्तरनयन से, $७ य - २ य = २३ - ३$

योग करने से, $५ य = २०$

भाग देने से, $य = \frac{२०}{५} = ४$, यह मान है ।

इस मान को उद्दिष्ट समीकरण में य के स्थान में रखने से

$७ \times ४ + ३ = २ \times ४ + २३$, वा, $२८ + ३ = ८ + २३$,

वा, $३१ = ३१$ यह सरूप समीकरण हुआ इस लिये यहां जो य का मान ४ आया है यह ठीक है । इस अव्यक्त मान की सत्यता दिखलाने हारे प्रकार को प्रतीति कहते हैं ।

उदा० (२) $१२ य - २१ = ३ य + ३३$, इस में य का मान क्या है?

यहां ३ का अपवर्त करने से, $४ य - ७ = य + ११$

पक्षान्तरनयन से, $४ य - य = ११ + ७$

योग करने से, $३ य = १८$

भाग देने से, $य = \frac{१८}{३} = ६$ ।

उदा० (३) $४ य - २ = ७ य - ११$, इस में य का मान क्या है?

पक्षान्तरनयन से, $४ य - ७ य = - ११ + २$

$\therefore$ $- ३ य = - ९$

(३७) वे प्रक्रम के (१) अनुमान से, ३ य = ९ $\therefore$ य = $\frac{९}{३}$ = ३।

अथवा पहिले हि भाग देने से, ३ य = $\frac{-९}{-३}$ = ३।

उदा॰ (४) ११ य − (१३ − य) = ९५, इस में य का मान क्या है?
कोष्ठ को उड़ा देने से, ११ य − १३ + य = ९५

$$१२ य = ९५ + १३$$
$$= १०८$$

भाग देने से, $य = \frac{१०८}{१२} = ९$।

उदा॰ (५) ५ (य − ३) − ५१ = ५९ − २ (१७ − २ य), इस में य का मान क्या है?

यहां कोष्ठ के आदि में जो पद है उस से भीतर के पदों को गुण देने से, (५ य − १५) − ५१ = ५९ − (३४ − ४ य)
कोष्ठ को उड़ा देने से, ५ य − १५ − ५१ = ५९ − ३४ + ४ य
पक्षान्तरनयन से, ५ य − ४ य = ५९ − ३४ + १५ + ५१

$$य = १२५ − ३४ = ९१।$$

उदा॰ (६) ७ य − ११ (२ य + ७) = ९ य − ५ (३ य − १७), इस में य का मान क्या है?

यहां ७ य − (२२ य + ७७) = ९ य − (१५ य − ८५)

$\therefore$ ७ य − २२ य − ७७ = ९ य − १५ य + ८५

पक्षान्तरनयन से, ७ य − २२ य − य − ९ य + १५ य = ८५ + ७७

$\therefore$ − ९ य = १६२ और ९ य = − १६२ $\therefore$ य = $-\frac{१६२}{९}$ = − १८।

अथवा य = $\frac{१६२}{-९}$ = − १८।

उदा॰ (७) कय − अ = ग − घय, इस में य का मान क्या है?
पक्षान्तरनयन से, कय + घय = अ + ग

$\therefore$ (क + घ) य = अ + ग, और य = $\frac{अ + ग}{क + घ}$।

इस की प्रतीति के लिये य के स्थान में $\frac{\text{अ}+\text{ग}}{\text{क}+\text{घ}}$ को रखने से ।

$$\text{क}\left(\frac{\text{अ}+\text{ग}}{\text{क}+\text{घ}}\right)-\text{अ}=\text{ग}-\text{घ}\left(\frac{\text{अ}+\text{ग}}{\text{क}+\text{घ}}\right) ।$$

अथवा, $\frac{\text{अक}+\text{कग}}{\text{क}+\text{घ}}-\text{अ}=\text{ग}-\frac{\text{अघ}+\text{गघ}}{\text{क}+\text{घ}}$

अथवा, $\frac{\text{कग}-\text{अघ}}{\text{क}+\text{घ}}=\frac{\text{कग}-\text{अघ}}{\text{क}+\text{घ}}$ प्राकृत समी० हुआ ।

उदा० (८) $\text{अय}^{२}+\text{अकय}=\text{अ}^{२}\text{य}-\text{अगय}^{२}$, इस में य का मान क्या है ?

अय, का अपवर्त देने से, $\text{य}+\text{क}=\text{अ}-\text{गय}$

पक्षान्तरनयन से, $\text{य}+\text{गय}=\text{अ}-\text{क}$; वा, $(१+\text{ग})\,\text{य}=\text{अ}-\text{क}$ ।

$$\therefore \text{य}=\frac{\text{अ}-\text{क}}{१+\text{ग}} ।$$

उदा० (९) $\text{अ}(\text{क}+\text{य})-\text{क}(\text{ग}-\text{य})=\text{ग}(\text{घ}+\text{य})$, इस में य का मान क्या है ?

यहां $\text{अक}+\text{अय}-\text{कग}+\text{कय}=\text{गघ}+\text{गय}$

$\therefore \quad \text{अय}+\text{कय}-\text{गय}=\text{गघ}-\text{अक}+\text{कग}$

अथवा, $(\text{अ}+\text{क}-\text{ग})\,\text{य}=\text{गघ}-\text{अक}+\text{कग}$ ।

$$\therefore \text{य}=\frac{\text{गघ}-\text{अक}+\text{कग}}{\text{अ}+\text{क}-\text{ग}} ।$$

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) $३\text{य}-१७=२\text{य}+५$, इस में — $\text{य}=२२$ ।

(२) $५\text{य}+१३=२७-२\text{य}$, इस में — $\text{य}=२$ ।

(३) $\text{य}-२\text{य}+३\text{य}-४\text{य}+५\text{य}=७$, इस में — $\text{य}=२\frac{१}{३}$ ।

(४) $\text{य}+९=३\text{य}+१$, इस में — $\text{य}=४$ ।

(५) $७-३\text{य}=३\text{य}-५$, इस में — $\text{य}=२$ ।

(६) $२९-४\text{य}+८=५\text{य}+१०$, इस में — $\text{य}=३$ ।

(७) $७\text{य}^{२}-५\text{य}=२३\text{य}$, इस में — $\text{य}=४$ ।

(८) ३ य + ७ = १२ + २ (५ − य), इस में   य = ३ ।

(९) ५ (२ य − ३) + १५ = ७ य + २ (४ य − ३), इस में   य = १ $\frac{१}{५}$ ।

(१०) य − ३ (५ − ४ य) = ७ (३ य − ८) + १, इस में   य = ५ ।

(११) ३ (य − ७) + २ (३ य − ५) = १७ − (५ य − ८),
इस में   य = ४ ।

(१२) ८ य + ७ (३ य − ४) = २६ − ३ (२ य − १७), इस में   य = ३ ।

(१३) ७ य + २ (९ य − ४) − ७ (य + ५) = ६ य − ७,
इस में   य = ३ ।

(१४) ३ (२ य + ७) + ५ (३ य − ४) = १८५ − ८ (५ य + २३),
इस में   य = ० ।

(१५) ३५ (१३ − ६ य) − २८ (९ − ५ य) = १८९ − १४ (७ य − ३)
इस में   य = १ ।

(१६) (य + ७) (य − ३) + ७ य = (२ य − ७) (य + ५) − य^{२} + १६,
इस में   य = $\frac{१}{४}$ ।

(१७) ३ य^{२} − (य − ५) (२ य − ३) = (य + २) (य − १) + ७१,
इस में   य = ७ ।

(१८) ४ य^{२} − १७ य + ७ = ११ + य^{२} − ३ य − ४ इस में   य = ७ ।

(१९) (य + १) (य − २) (य + ३) = (य^{२} − १) (य + ५),
इस में   य = −$\frac{१}{३}$ ।

(२०) ८ (य + ५) (य + १३) − ११ (य + २) (य + १३) = २४ य
− ३ (य + २) (य + ५), इस में   य = ११ ।

(२१) (य − ३) (य − ५) − ४ (य − ४) (य − ५) = (य − १) (य − ६)
− ४ (य − ३) (य − ४), इस में   य = ३ $\frac{२}{७}$ ।

(२२) (य − १) (५ य − ४) − (य − २) (२ य + ३) − (य − ३) (३ य + १)
= २ य − १, इस में   य = ७ ।

(२३) $(य^{२}+१)^{२}-(य^{२}-१)^{२}=४\,य^{२}-य+१०$, इस में $य=१$

(२४) $४\,(य^{२}-३\,य-१०)^{२}-३\,य=(२\,य^{२}-६\,य+२९)^{२}$
$-४९\,(२\,य-३)^{२}-१७$, इस में $य=५\tfrac{२}{३}$ ।

(२५) $(य+१)^{२}\,(य+३)^{२}+४\,(य+२)^{२}=(य^{२}+४\,य+५)^{२}$
$+५\,(य-२)$, इस में $य=२$ ।

(२६) $य+३=य+५$, इस में $य=\infty$ ।

(२७) $अय-क=गय-घ-चय$, इस में $य=\dfrac{क-घ}{अ-ग+च}$ ।

(२८) $अय+क^{२}=अ^{२}-कय$, इस में $य=अ-क$ ।

(२९) $अ-कय+ग=घ-चय$, इस में $य=\dfrac{अ+ग-घ}{क-च}$ ।

(३०) $(अ+क)\,य-(अ-क)\,य=अ^{२}-क^{२}$,
इस में $य=\dfrac{अ^{२}-क^{२}}{२\,क}$ ।

(३१) $३\,य-४\,अ=कय+अ\,(ग-२\,य)$, इस में $य=\dfrac{अ\,(ग+४)}{२\,अ-क+३}$ ।

(३२) $अ^{३}\,य-२\,अ^{२}य^{२}=अ^{२}कय-४\,अ^{२}य^{२}$, इस में $य=\dfrac{क-अ}{२}$ ।

(३३) $अय+क\,(य-ग)=घ-च\,(य-छ)$, इस में $य=\dfrac{कग+घ+चछ}{अ+क+च}$ ।

(३४) $अ^{३}+क\,(२\,अ-क)\,य=अ\,(अ+क)\,य-क^{३}$,
इस में $य=अ+क$ ।

(३४) $अ\,(अ+य)-क\,(२\,य+ग)=अ^{२}-क\,(३\,य+घ)$,
इस में $य=\dfrac{क\,(ग-घ)}{अ+क}$ ।

(३६) $अ\,(य+३\,क^{२})-क\,(य+३\,अ^{२})=(अ-क)^{३}$,
इस में $य=अ^{२}+अक+क^{२}$ ।

(३७) $(य+अ)\,(य-क)=(य-ग)\,(य-घ)$
इस में $य=\dfrac{अक+गघ}{अ-क+ग+घ}$ ।

(३८) $अय\,(य-अ)-कय\,(य-क)+अक\,(अ-क)$
$=(अ-क)\,(य^{२}-आ)$, इस में $य=\dfrac{अक+आ}{अ+क}$ ।

(३९) $अ(अय - २क) - य(क^२ - ग^२) = अ^२ + क^२ - ग(२अय + ग)$,

इस में $$य = \frac{अ + क - ग}{अ - क + ग} ।$$

(४०) $(अ + य)(अ + २य) + (अ + २य)(अ + ३य)$

$- (अ - य)(अ - २य) = २(अ + य)(अ + ३य)$,

इस में $$य = \tfrac{१}{३} अ ।$$

८४ । जिस उद्दिष्ट समीकरण में अव्यक्त एक वा अनेक सच्छेद पदों में पड़ा है उसकी समक्रिया ।

रीति । उद्दिष्ट समीकरण में (६९) वे प्रक्रम से छेदगम करके सब छेदों को उड़ा देओ । फिर उस की समक्रिया ऊपर के प्रक्रम से तुरंत होगी ।

जाना चाहिये कि इस में जो सच्छेद पद के अंश में वा छेद में सच्छेद पद आवे तो उस सच्छेद पदके अंश और छेद इन दोनों को ऐसे एक हि पद से गुण देओ कि जिससे उस पद के अंश में वा छेद में छेद न रहे फिर पूर्वोक्त रीति से समक्रिया करो ।

उदा० (१) $\frac{य}{२} - \frac{य}{३} = ५ - \frac{य}{४}$, इस में य का मान क्या है ।

यहां छेदगम करने से अर्थात् १२ इस छेदों के लघुतमापवर्त्य से हर एक पद को गुण देने से,

$$६य - ४य = ६० - ३य$$

$$\therefore \quad २य + ३य = ६०; \text{ वा, } ५य = ६० ।$$

और $$य = \frac{६०}{५} = १२ ।$$

उदा० (२) $\frac{य + १}{६} + \frac{२य - ७}{१०} = \frac{४य + ७}{१५}$, इस में य कितना है ?

यहां छेदगम करने से अर्थात् समीकरण को

$$\tfrac{१}{६}(य + १) + \tfrac{१}{१०}(२य - ७) = \tfrac{१}{१५}(४य + ७)$$

इस भांति लिख के दोनो पक्षों को ३० इस छेदों के लघुतमापवर्त्य से गुण देने से, $५(य + १) + ३(२य - ७) = २(४य + ७)$

वा, $५ य + ५ + ६ य - २१ = ८ य + १४$

$\therefore$ $५ य + ६ य - ८ य = १४ - ५ + २१$

वा, $३ य = ३० ;\ \therefore य = \frac{३०}{३} = १०$ ।

इसी भांति जिस समीकरण में सच्छेद पद का अंश संयुक्तपद होगा उस की समक्रिया करो ।

उदा० (३) $५ य + \frac{य + ३}{२} - \frac{२ य - ७}{३} = २५ \frac{२}{३} - \frac{य + ११}{६}$ ।
इस में य का मान क्या है?

यहां समीकरण को

$$५ य + \frac{१}{२} (य + ३) - \frac{१}{३} (२ य - ७) = \frac{७७}{३} - \frac{१}{६} (य + ११)$$

इस रूप में लिख के ६ से गुण देने से,

$$३० य + ३ (य + ३) - २ (२ य - ७) = १५४ - (य + ११)$$

वा, $३० य + ३ य + ९ - ४ य + १४ = १५४ - य - ११$

$\therefore$ $३० य + ३ य - ४ य + य = १५४ - ११ - ९ - १४$

वा, $३० य = १२०$

$\therefore$ $य = \frac{१२०}{३०} = ४$ ।

उदा० (४) $\frac{५ य - ७}{१२} - \frac{२ य - ५}{२१} + \frac{११ य - ३}{११९} = ३३ \frac{१}{३} - \frac{य + २०१}{२८}$
इस में य का मान क्या है?

यहां समीकरण को

$$\frac{१}{१२} (५ य - ७) - \frac{१}{२१} (२ य - ५) + \frac{१}{११९} (११ य - ३) = \frac{१००}{३} - \frac{१}{२८} (य + २०१)$$

इस रूप में लिख के दोनो पक्षों को ८४ से गुण देने से,

$$३५ य - ४९ - ८ य + २० + \frac{१२}{१७} (११ य - ३) = २८०० - ३ य - ६०३$$

पक्षान्तरनयन से, $\frac{१२}{१७} (११ य - ३) = २२२६ - ३० य$

वा, $\frac{४}{१७}(११य - ३) = ७४२ - १०य$

छेदगम से, $४४य - १२ = १२६१४ - १७०य$

$\therefore$ $२१४य = १२६२६$; और $य = \frac{१२६२६}{२१४} = ५९$ ।

इस भांति के समीकरण में अर्थात् जिस में सकल छेदों का लघुतमापवर्त्य बहुत बड़ा हो उस में पहिले जितने बहुत छेदों का लघुतमापवर्त्य छोटा हो उन को उड़ा के पक्षान्तरनयन से सब अभिन्न पदों को एक पक्ष में कर देओ और फिर छेदगम कर के पूर्ववत् क्रिया करो। इस से समक्रिया में लाघव होगा।

उदा॰ (५) $\frac{२य + \frac{३}{१०}}{६} - \frac{३य - \frac{१३}{१५}}{१०} = \frac{५य + \frac{१}{४}}{१५}$, इस में य क्या है?

यहां उक्तरीति से अंशों के छेदों को उड़ा देने से,

$$\frac{२०य + ३}{६०} - \frac{४५य - १३}{१५०} = \frac{२०य + १}{६०}$$

६० से गुणा देने से, $२०य + ३ - \frac{२(४५य - १३)}{५} = २०य + १$

पक्षान्तरनयन से, $२ = \frac{२(४५य - १३)}{५}$; वा, $\frac{४५य - १३}{५} = १$

छेदगम से, $४५य - १३ = ५$; $\therefore ४५य = १८$; और $य = \frac{१८}{४५} = \frac{२}{५}$ ।

अथवा जिस समीकरण के छेदों में छेद नहीं हैं केवल अंशों में हैं वहां पहिले साधारण रीति से छेदगम कर के पूर्ववत् क्रिया करते हैं। जैसा इस समीकरण में छेदगम से अर्थात् छेदों के लघुतमापवर्त्य ३० से दोनों पक्षों को गुणा देने से,

$$१०य + \frac{३}{२} - ९य + \frac{१३}{५} = १०य + \frac{१}{२} ।$$

पक्षान्तरनयन से, $-९य = \frac{१}{२} - \frac{३}{२} - \frac{१३}{५} = -१ - \frac{१३}{५}$

वा, $९य = १\frac{१३}{५} = \frac{१८}{५}$ $\therefore य = \frac{१८}{५ \times ९} = \frac{२}{५}$ ।

उदा॰ (६) $\frac{२य - \frac{१}{२}}{३} - \frac{य - \frac{७}{३}}{४} = \frac{५ + \frac{३य - \frac{य + ६}{५}}{४}}{६}$ इस में य क्या है?

१२ से गुण देने से, $८य - २ - ३य + य - ७ = १० + \frac{३य - \frac{य + ६}{५}}{२}$

$\therefore \qquad ६य - १९ = \frac{३य - \frac{य + ६}{५}}{२}$

२ से गुण देने से, $१२य - ३८ = ३य - \frac{य + ६}{५}$

५ से गुण देने से, $६०य - १९० = १५य - य - ६$

पक्षान्तरनयन से, $६०य - १५य + य = १९० - ६$

वा, $४६य = १८४$; $\therefore$ $य = \frac{१८४}{४६} = ४$ ।

उदा॰ (७) $\frac{३य - \frac{१}{२}}{\frac{२}{३}} - \frac{२य + \frac{१}{३}}{\frac{१}{२}} = ३\frac{७}{१२}$, इस में य क्या है?

यहां उक्त रीति से अंश के और छेद के छेदों को उड़ा देने से,

$\frac{१८य - ३}{४} - \frac{१२य + २}{३} = \frac{४३}{१२}$ ।

१२ से गुण देने से, $५४य - ९ - ४८य - ८ = ४३$

पक्षान्तरनयन से, $६य = ६०$; $\therefore$ $य = \frac{६०}{६} = १०$ ।

उदा॰ (८) $\frac{१}{२य} + \frac{२}{३य} - \frac{३}{४य} = \frac{५}{२६}$, इस में य का मान क्या है?

यहां हर एक पद को १२ य से गुण देने से,

$६ + ८ - ९ = \frac{३०य}{१३}$, वा, $५ = \frac{३०य}{१३}$ $\therefore य = \frac{५ + १३}{३०} = \frac{१३}{६} = २\frac{१}{६}$ ।

उदा॰ (९) $\frac{५य + १७}{६} - \frac{३य - १३}{८} = \frac{४य + १}{३(य - २२)} + \frac{११य - १४}{२४}$, इस में य का मान क्या है?

यहां दोनो पक्षों को २४ से गुण देने से,

$$२० य + ६८ - ९ य + ३९ = \frac{३२ य + ८}{य - २२} + ११ य - १४$$

पक्षान्तरनयन से, $१२१ = \frac{३२ य + ८}{य - २२}$

छेदगम से, $१२१ य - २६६२ = ३२ य + ८$

पक्षान्तरनयन से, $१२१ य - ३२ य = २६६२ + ८$

वा, $८९ य = २६७०$; और $य = \frac{२६७०}{८९} = ३०$ ।

इस जाति के समीकरण में अर्थात् जिस में कोई एक छेद संयुक्तपद हो उस में पहिले और छेदों को उड़ा देओ फिर पक्षान्तरनयन से सब अभिन्न पदों को एक पक्ष में करके छेदगम करो ।

उदा० (१०) $\frac{३(३ + २ य)}{३ - ४ य} + \frac{२ + य}{१ + ३ य} = ५ + य$, इस में य का मान क्या है ?

तब छेदगम से, $३ (३ + २ य) (१ + ३ य) + (२ + य) (३ - ४ य)$
$= (३ - ४ य) (१ + ३ य) (५ + य)$ ।

वा, $९ + ३३ य + १८ य^२ + ६ - ५ य - ४ य^२ = १५ + २८ य - ५५ य^२$
$- १२ य^३$

पक्षान्तरनयन से, $१२ य^३ = - ६९ य^२$

$\therefore$ $४ य = - २३$; और $य = - \frac{२३}{४} = - ५\frac{३}{४}$ ।

अथवा इस प्रकार के समीकरण में अर्थात् जिस में अनेक छेद ऐसे होवें कि जिन में कोई दो छेद परस्पर अदृढ न हों उस में छेदगम के लिये अभिन्न पदों को एक पक्ष में कर के एक एक छेद से दोनो पक्षों को गुणते जाओ । जैसा

इस समीकरण में पहिले $३ - ४ य$ से गुण देने से,

$$९ + ६ य + \frac{६ - ५ य - ४ य^२}{१ + ३ य} = १५ - १७ य - ४ य^२$$

पक्षान्तरनयन से, $\frac{६ - ५ य - ४ य^२}{१ + ३ य} = ६ - २३ य - ४ य^२$

फिर १ + ३ य, से गुण देने से,

$\text{६} - \text{५य} - \text{४य}^{\text{२}} = \text{६} - \text{५य} - \text{७३य}^{\text{२}} - \text{१२य}^{\text{३}}$

पक्षान्तरनयन से, $\text{१२य}^{\text{३}} = -\text{६९य}^{\text{२}}$; $\therefore \text{य} = -\text{५}\frac{\text{३}}{\text{४}}$ ।

उदा० (११) $\frac{\text{४य} + \text{१}}{\text{५य} - \text{२}} - \frac{\text{४य} + \text{५}}{\text{२(६य} - \text{१)}} = \frac{\text{७य} + \text{२}}{\text{१५य} + \text{१}}$, इस में य क्या है?

यहां ५ य − २ से गुण देने से, $\text{४य} + \text{१} - \frac{\text{२०य}^{\text{२}} + \text{१७य} - \text{१०}}{\text{२(६य} - \text{१)}}$

$= \frac{\text{३५य}^{\text{२}} - \text{४य} - \text{४}}{\text{१५य} + \text{१}}$

फिर २ (६ य − १) अर्थात् १२ य − २ इस से गुण देने से,

$\text{४८य}^{\text{२}} + \text{४य} - \text{२} - \text{२०य}^{\text{२}} - \text{१७य} + \text{१०}$

$= \frac{\text{४२०य}^{\text{३}} - \text{११८य}^{\text{२}} - \text{४०य} + \text{८}}{\text{१५य} + \text{१}}$

अथवा, $\text{२८य}^{\text{२}} - \text{१३य} + \text{८} = \frac{\text{४२०य}^{\text{३}} - \text{११८य}^{\text{२}} - \text{४०य} + \text{८}}{\text{१५य} + \text{१}}$ ।

फिर १५ य + १ से गुण देने से,

$\text{४२०य}^{\text{३}} - \text{१६७य}^{\text{२}} + \text{१०७य} + \text{८} = \text{४२०य}^{\text{३}} - \text{११८य}^{\text{२}} - \text{४०य} + \text{८}$

पक्षान्तरनयन से, $-\text{४९य}^{\text{२}} = -\text{१४७य}$; वा, $\text{४९य} = \text{१४७}$;

$\therefore \text{य} = \frac{\text{१४७}}{\text{४९}} = \text{३}$ ।

उदा० (१२) $\frac{\text{अय}}{\text{क}} - \frac{\text{कय}}{\text{अ}} = \frac{\text{अ} + \text{क}}{\text{अक}}$ इस में य क्या है?

अक, से गुण देने से, $\text{अ}^{\text{२}}\text{य} - \text{क}^{\text{२}}\text{य} = \text{अ} + \text{क}$

$\therefore \text{य} = \frac{\text{अ} + \text{क}}{\text{अ}^{\text{२}} - \text{क}^{\text{२}}} = \frac{\text{१}}{\text{अ} - \text{क}}$ ।

उदा० (१३) $\frac{\text{य}}{\text{क} - \text{य}} = \frac{\text{अ} - \text{य}}{\text{य}}$ इस में य क्या है?

छेदगम से, $\text{य}^{\text{२}} = \text{अक} - (\text{अ} + \text{क})\,\text{य} + \text{य}^{\text{२}}$

पक्षान्तरनयन से, $(\text{अ} + \text{क})\,\text{य} = \text{अक}$

$\therefore \text{य} = \frac{\text{अक}}{\text{अ} + \text{क}}$ ।

उदा० (१४) $\frac{\text{य} - \text{अ}^{२}}{\text{क}^{२} - \text{य}} = \frac{\text{क}}{\text{अ}}$ इस में य क्या है?

छेदगम से, $\text{अय} - \text{अ}^{३} = \text{क}^{३} - \text{कय}$

पक्षान्तरनयन से, $(\text{अ} + \text{क})\,\text{य} = \text{अ}^{३} + \text{क}^{३}$

$$\therefore \text{य} = \frac{\text{अ}^{३} + \text{क}^{३}}{\text{अ} + \text{क}} = \text{अ}^{२} - \text{अक} + \text{क}^{२} \text{ ।}$$

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) $\text{य} + \frac{\text{य}}{२} = \frac{\text{य}}{३} + ७$, इस में य = ६ ।

(२) $\frac{\text{य}}{३} - \frac{\text{य}}{४} + \frac{\text{य}}{७} = १९$, इस में य = ८४ ।

(३) $\text{य} - \frac{\text{य}}{२} + \frac{२\text{य}}{३} - \frac{३\text{य}}{४} + \frac{४\text{य}}{५} = \frac{५\text{य}}{६} + ५\frac{३}{४}$, इस में य = १५ ।

(४) $\frac{५\text{य}}{१२} + \frac{७\text{य}}{१५} + \frac{११\text{य}}{२०}\ १\frac{१३}{३०}$, इस में य = ६० ।

(५) $\frac{२\text{य} + १}{३} - \frac{३\text{य} - ७}{५} + \frac{४\text{य} + ५}{७} = ५$, इस में य = ४ ।

(६) $\frac{७\text{य} - १}{१०} - \frac{५\text{य} - १}{१४} = \frac{१८\text{य} - १९}{३५}$, इस में य = ३ ।

(७) $\frac{\text{य} - १}{१०} + \frac{२\text{य} - ६}{१५} = \frac{३}{५} - \frac{\text{य} - ३}{६}$, इस में य = ४ ।

(८) $\frac{२\text{य} + ३}{६} + \frac{\text{य} + १}{१०} = \text{य} + \frac{९ - \text{य}}{१५} - ३\frac{१}{२}$, इस में य = ७ ।

(९) $३\text{य} + \frac{१२ - ५\text{य}}{२१} = २\text{य} + \frac{\text{य} + ७}{६}$, इस में य = १ ।

(१०) $७ - \frac{\text{य} + ९}{४} = १ + \frac{३}{८}\text{य}$, इस में य = ६ ।

(११) $\frac{७\text{य} + ५}{१२} - \frac{४\text{य} - १}{१५} = ७ - \frac{३\text{य} + २}{२०}$, इस में य = $१३\frac{३}{४}$ ।

(१२) $\frac{२\text{य} - १}{३५} + \frac{३\text{य} + २}{४०} - \frac{४\text{य} - ३१}{५६} = १$, इस में य = ७ ।

(१३) $\frac{\text{य} - ४}{३३} + \frac{५\text{य} - ३}{३९} + \frac{\text{य}}{७७} + \frac{४\text{य} - १७}{९१} = \frac{९}{१३}$, इस में य = ५ ।

(१४) $\frac{\text{य} - १}{१८९} + \frac{३\text{य} - ५}{२१६} - \frac{५\text{य} - ९}{७२८} = \frac{१}{११७}$, इस में य = २ ।

(१५) $\frac{८ य}{१०५} + \frac{१३ य - ६}{१६५} + \frac{१७ य + ९}{२३१} + \frac{२५ य - ७}{३८५} = ३ \frac{४}{५}$,
इस में $य = १३$ ।

(१६) $१२ य + \frac{५ य + २}{६} - \frac{११ य - ८}{१४} = \frac{१३ य - ५}{२१} + \frac{७ य + १२}{१३} + २२$ ।
इस में $य = २$ ।

(१७) $\frac{४ य - १}{६६} - \frac{१४ य - ४}{७७} + \frac{२० य + ९}{७८} - \frac{१० य + १}{९१} = \frac{२}{१३}$,
इस में $य = \frac{१}{२}$ ।

(१८) $\frac{य - ७}{१५} + \frac{२ य - १३}{२१} + \frac{३ य - १५}{३५} = \frac{७ य - ४}{५९} - \frac{२}{७}$,
इस में $य = ९$ ।

(१९) $९ य - \frac{३१ य - ६}{७७} + \frac{२९ य + ४}{३३} = ४२७ - \frac{य - १९}{२१}$,
इस में $य = ४४ \frac{१०}{११}$ ।

(२०) $\frac{१२ य + २९}{१४३} - \frac{८ य - ४७}{१८७} = \frac{१० य + ९४}{२२१}$, इस में $य = ७$ ।

(२१) $३ य + ७ - \frac{५ य + ७}{३} = \frac{११ य + २६}{७}$, इस में $य = ४$ ।

(२२) $\frac{५ य - ७}{२} - \frac{७ य - ८}{५} = १०५ - \frac{८ य - ७}{३}$, इस में $य = २९$ ।

(२३) $५ य - \frac{य - २}{२१} - \frac{३ (य - ५)}{७७} = \frac{४ य - ११}{३३} - \frac{४ य + ७१}{८३} + १६$,
इस में $य = ३$ ।

(२४) $\frac{२ य - १९}{१८} + \frac{य - ९}{२२} + \frac{१८ - य}{९९} = \frac{२}{११}$, इस में $य = १०$ ।

(२५) $\frac{३ य - २}{१०} - \frac{७ य - २}{१८} + \frac{४ (य + १)}{४५} + \frac{५ य + १०४}{१०९} = १$,
इस में $य = १$ ।

(२६) $१९ \frac{३}{४} + \frac{५ य - १३}{१२} - \frac{९ (य - ३)}{३५} = \frac{१३ य + ६}{५१} + १० \frac{५}{७}$,
इस में $य = ८$ ।

(२७) $य + \frac{७ य - २२}{३५} - \frac{३ य + १३}{१४} = १९ \frac{२८}{२९} - \frac{२ य - १५}{५} - \frac{५ य - १}{८७}$,
इस में $य = १७$ ।

(२८) $य + \frac{५}{६}\left(\frac{५य+१}{१३}\right) - \frac{३}{७}\left(\frac{५य+१}{८}\right) = ५७ - ४य,$

इस में $य = ११$ ।

(२९) $\frac{५}{७}\left(\frac{४य+१}{११}\right) - \frac{४}{१३}\left(\frac{७य-३}{१०}\right) + \frac{९}{१०}\left(\frac{९य-१}{१७}\right)$

$= \frac{५}{२३}(६य+१),$ इस में $य = १९$ ।

(३०) $\frac{२य+१३}{११} - \frac{३}{१३}\left(य + \frac{२य+१}{७}\right) = \frac{३(य-१०)}{१९},$

इस में $य = १०$ ।

(३१) $\left(\frac{७य+१७}{५}\right)\left(\frac{६य-१}{४}\right) - \left(\frac{२य+५}{४}\right)\left(\frac{१३-य}{३}\right)$

$= \left\{५य + \frac{२(य-४)}{३}\right\}\left\{\frac{२य+३}{५}\right\},$ इस में $य = ७$ ।

(३२) $\frac{३य+१}{५} \times \frac{२७य-२}{७} - \frac{४य+३}{५} \times \frac{५य-२}{८}$

$= \frac{४य-७}{७} \times \frac{२३य+११०}{८},$ इस में $य = ३$ ।

(३३) $३.७य + .०१९य = .०३४६९ + .२५य,$ इस में $य = .०१$ ।

(३४) $.३७य + २.७५३४ - .२९३य = ९.२५५य,$ इस में $य = .३$ ।

(३५) $.५य + .८\dot{३}य = २.०८\dot{३} - .७५य,$ इस में $य = १$ ।

(३६) $.\dot{३}य + .\dot{७}य + .\dot{९}य + .\dot{१}\dot{४}य = ४.\dot{५}\dot{०},$ इस में $य = २$ ।

(३७) $\frac{य+\frac{१}{२}}{२} + \frac{\frac{३}{२}य-२}{३} = २\frac{७}{१२},$ इस में $य = ३$ ।

(३८) $\frac{४\frac{१}{३}य+४}{५} - \frac{२\frac{३}{४}य-१\frac{१}{२}}{३} + \frac{३\frac{१}{२}य-१}{४} = ६,$ इस में $य = ६$ ।

(३९) $\frac{य-३\frac{१}{४}}{७} - \frac{१७\frac{१}{५}-२य}{९} = ८\frac{१}{५},$ इस में $य = २९$ ।

(४०) $\frac{१\frac{२}{५}य+१}{२} - \frac{४\frac{१}{२}य-१\frac{१}{२}}{७} = ३ - \frac{१\frac{१}{४}य-\frac{१}{४}}{३}$, इस में य = ५ ।

(४१) $\frac{२\frac{१}{५}य-८\frac{३}{५}}{७} + \frac{२\frac{१}{२}य-११}{५} - \frac{१\frac{१}{७}य-५\frac{१३}{१४}}{३} = \frac{५}{७}$,

इस में य = ५ ।

(४२) $\frac{य+७}{\frac{३}{७}} - \frac{य-५}{\frac{४}{५}} = २८$, इस में य = ५ ।

(४३) $\frac{य+१\frac{२}{३}}{१\frac{१}{३}} - \frac{२य+३}{३\frac{१}{२}} = २$, इस में य = ९ ।

(४४) $\frac{१}{३}य - \frac{य-\frac{१}{२}}{\frac{३}{२}} = १३\frac{१}{२} - \frac{य-१}{१\frac{१}{५}}$, इस में य = २८ ।

(४५) $२य - \frac{१७-५\frac{१}{३}य}{२} = २५\frac{१}{३} + \frac{१३य-५\frac{१}{६}}{३\frac{१}{२}} - \frac{य+२९२}{१०}$,

इस में य = ३ ।

(४६) $\frac{य+१\frac{१}{२}}{२\frac{१}{२}} - \frac{य+२}{३\frac{३}{४}} = \frac{४य-३\frac{२}{५}}{३}$, इस में य = १ ।

(४७) $\frac{य+१}{१\frac{१}{६}} - \frac{य-१\frac{४}{५}}{१\frac{३}{५}} + \frac{२य+१}{२\frac{१}{४}} = १० + \frac{९य-७}{१०} - \frac{य+४}{४\frac{१}{४}}$,

इस में य = १३ ।

(४८) $७य - \frac{६य-\frac{५य+७}{८}}{१३} = २६ + \frac{२य+११}{१०\frac{१}{२}} + \frac{य+१३}{३\frac{३}{५}}$,

इस में य = ५ ।

(४९) $२य + \frac{\frac{३}{४}य - \frac{१\frac{१}{२}य-७\frac{१}{३}}{२\frac{१}{५}}}{७\frac{३}{४}} = १४\frac{५०३}{१०२३}$ इस में य = ७ ।

(५०) $\dfrac{३\frac{१}{२}\text{य} - ५\frac{१}{३}}{१\frac{१}{४}} - \dfrac{१}{३}\left\{\dfrac{१}{५}\text{य} + \dfrac{५\text{य} - \frac{३}{४}}{३\frac{१}{२}}\right\} = \dfrac{३\text{य} - २\frac{१}{३}}{१\frac{१}{३}} - १\dfrac{३७}{४२}$,

इस में $\text{य} = २$ ।

(५१) $\dfrac{७\text{य} - \frac{३}{५}}{\frac{२}{३}} + \dfrac{८\left(\text{य} - \dfrac{\frac{२}{५}\text{य} + \frac{१}{७}}{\frac{३}{४}}\right)}{४\frac{१}{७}} - १२$

$= \dfrac{२\text{य} + १९\frac{१}{३}}{६\frac{१}{२}} + \dfrac{६९२\frac{७}{१३}}{१७४०}$. इस में $\text{य} = १\frac{१}{२}$ ।

(५२) $\dfrac{.११\text{य} + १.५}{.२४} - \dfrac{.७१\text{य} - .२}{२.९} = १०.४$, इस में $\text{य} = ६$ ।

(५३) $\dfrac{१७}{\text{य}} - \dfrac{१५}{\text{य}} = २$, इस में $\text{य} = १$ ।

(५४) $\dfrac{३}{\text{य}} + \dfrac{४}{५} = \dfrac{४}{\text{य}} + \dfrac{३}{५}$, इस में $\text{य} = ५$ ।

(५५) $१७ - \dfrac{२}{३\text{य}} + \dfrac{४}{५\text{य}} = \dfrac{७}{८\text{य}} + १६\dfrac{१५१}{१८०}$, इस में $\text{य} = २$ ।

(५६) $\dfrac{१}{१८९\text{य}} - \dfrac{१}{७२८\text{य}} = \dfrac{१}{१३} - \dfrac{१}{२१६\text{य}}$, इस में $\text{य} = \frac{१}{९}$ ।

(५७) $\dfrac{१}{३\text{य}} + \dfrac{३\frac{१}{३}\text{य}}{१ + \text{य}} = \dfrac{१०}{३}$, इस में $\text{य} = \frac{१}{९}$ ।

(५८) $\dfrac{५}{\text{य} + १} - ३\frac{१}{७} = \dfrac{\frac{२}{७}}{\text{य} + १}$, इस में $\text{य} = \frac{१}{२}$ ।

(५९) $\dfrac{६\text{य} - १३}{१५} + \dfrac{५\text{य} - १४}{७\text{य} + २} = \dfrac{२\text{य}}{५} - \dfrac{२}{३}$, इस में $\text{य} = ४$ ।

(६०) $\dfrac{७\text{य} - २५}{१४} + \dfrac{१२\text{य} + १९}{२०\text{य} - १} - \dfrac{२\text{य} + १७}{२१} = \dfrac{१७\text{य} - २५}{४२}$,

इस में $\text{य} = \frac{३}{४}$ ।

(६१) $\dfrac{३\text{य} + २}{२०} + \dfrac{२(\text{य} - १)}{४५} - \dfrac{११\text{य} + ३}{१५\text{य} + ७} = \dfrac{७\text{य} + २}{३६} - \dfrac{५}{७}$,

इस में $\text{य} = ७$ ।

(६२) $\dfrac{२९}{३\text{य} + १७} = \dfrac{३}{४\text{य} - १३}$, इस में $\text{य} = ४$ ।

(६३) $\frac{२य-१}{१०}+\frac{३य+८}{१४}-\frac{५}{४य-९}+\frac{३य+१}{३५}=\frac{य+१}{२}-\frac{७}{५य-६}$, इस में य = ११ ।

(६४) $\frac{१}{२(३य+७)}+\frac{१}{३य-१}=\frac{१}{२य+१}$, इस में य = २७ ।

(६५) $\frac{य+२}{य+१}+\frac{य-५}{य+११}=\frac{२य-१}{य+७}$, इस में य = $-१\frac{६}{७}$ ।

(६६) $\frac{२य+११}{य-२}-\frac{५}{य+१२}=\frac{२य-१}{य-५\frac{१}{२}}$, इस में य = २३ ।

(६७) $\frac{य+२}{य+५}+\frac{य-\frac{७}{१०}}{य-१}+\frac{२\frac{७}{१०}}{य+७}=२$, इस में य = ५ ।

(६८) $\frac{२य-७}{१\frac{१}{२}}+\frac{५य+४-\frac{३य+१७}{५}}{य-\frac{१}{९}}=\frac{८य-१}{६}$, इस में य = ११ ।

(६९) $\frac{१}{य}+\frac{५}{य+२}+\frac{२२+\frac{४}{य}}{य^२-४}=२$, इस में य = ५ ।

(७०) $\frac{८}{य+२}-\frac{११}{य+५}+\frac{३}{य+१३}=\frac{७य+५}{(य+२)(य+५)(य+१३)}$, इस में य = ३७ ।

(७१) $\frac{१}{य+२}-\frac{१}{य+७}=\frac{१}{य+४}-\frac{१}{य+९}$, इस में य = $-५\frac{१}{२}$ ।

(७२) $\frac{४}{९(य+४)}-\frac{१}{१८(य+१)}-\frac{७}{१८(य+७)}=\frac{२}{(य+१)(य+४)(य+७)}$, इस में य = २ ।

(७३) $\frac{१}{य^२-५य+१७}-\frac{१}{य^२+४य+८}=\frac{८य}{य^४+६४}$, इस में य = ९ ।

(७४) $\frac{य-२}{य-७}+\frac{य-१}{य-६}=\frac{य+२}{य-३}+\frac{य-५}{य-१०}$, इस में य = $६\frac{१}{२}$ ।

(७५) $\frac{३य-७}{४य-११}-\frac{२य-३}{३य-७}=\frac{३य-८}{४(य-३)}-\frac{२(य-२)}{३य-८}$, इस में य = $२\frac{४}{७}$ ।

(७६) $\frac{य^{२}-३य+३}{य-२}+\frac{य^{२}-९य+२१}{य-५}=\frac{य^{२}-५य+७}{य-३}+\frac{य^{२}-७य+१३}{य-४}$, इस में $य=३\frac{१}{२}$ ।

(७७) $\frac{अय}{क}-१=\frac{कय}{अ}$, इस में $य=\frac{अक}{अ^{२}-क^{२}}$ ।

(७८) $\frac{य}{अ}+\frac{य}{क}+\frac{य}{ग}=१$, इस में $य=\frac{अकग}{अक+अग+कग}$ ।

(७९) $\frac{य}{अक}+\frac{य}{अग}+\frac{य}{कग}=\frac{(अ+क)^{२}-ग^{२}}{अकग}$, इस में $य=अ+क-ग$ ।

(८०) $\frac{अय}{क}-\frac{ग}{घ}=\frac{चय}{छ}+\frac{ज}{ट}$, इस में, $य=\frac{कछ(गट+घज)}{घट(अछ-कच)}$ ।

(८१) $\frac{अय}{कग}+\frac{कय}{अग}+\frac{गय}{अक}=अकग$, इस में $य=\frac{अ^{२}क^{२}ग^{२}}{अ^{२}+क^{२}+ग^{२}}$ ।

(८२) $\frac{य-अ}{क}=\frac{य-क}{अ}$, इस में $य=अ+क$ ।

(८३) $\frac{य}{अ+क}+\frac{य}{अ-क}=\frac{२अ}{अ^{२}-क^{२}}$, इस में $य=१$ ।

(८४) $\frac{अय}{क}+\frac{क^{२}}{अ}+य=\frac{अ^{२}}{क}-\frac{कय}{अ}$, इस में $य=अ-क$ ।

(८५) $\frac{१}{य}=\frac{१}{अ}+\frac{१}{क}$, इस में $य=\frac{अक}{अ+क}$ ।

(८६) $\frac{अ}{य}+\frac{क}{य}-\frac{ग}{य}=\frac{च}{छ}$, इस में $य=\frac{(अ+क-ग)छ}{च}$ ।

(८७) $\frac{अ}{क}-\frac{क}{य}=\frac{ग}{अ}$, इस में $य=\frac{अक^{२}}{अ^{२}-कग}$ ।

(८८) $\frac{अ^{२}-य^{२}}{कय}-अग=अक-\frac{य}{क}$, इस में $य=\frac{अ}{क(क+ग)}$ ।

(८९) $\frac{१}{य+अ}+\frac{१}{य-अ}=\frac{१}{य^{२}-अ^{२}}$, इस में $य=\frac{१}{२}$ ।

(९०) $\frac{य+अ}{य-अ}-\frac{य-अ}{य+अ}=\frac{४क}{य^{२}-अ^{२}}$, इस में $य=\frac{क}{अ}$ ।

(९१) $\frac{\text{अ}(\text{क}-\text{य})}{\text{क}(\text{अ}-\text{य})}=\frac{\text{क}}{\text{अ}}$, इस में $\text{य}=\frac{\text{अक}}{\text{अ}+\text{क}}$ ।

(९२) $\frac{\text{य}+\text{अ}}{\text{य}-\text{क}}+\frac{\text{य}+\text{क}}{\text{य}-\text{अ}}=२$, इस में $\text{य}=\frac{\text{अ}+\text{क}}{२}$ ।

(९३) $\frac{\text{य}^{२}+२\,\text{अ}^{२}}{\text{य}^{२}-\text{अ}^{२}}-\frac{\text{य}-\text{अ}}{\text{य}+\text{अ}}+\frac{\text{य}+\text{अ}}{\text{य}-\text{अ}}=\text{क}$,

इस में $\text{य}=\frac{\text{अ}(\text{क}+२)}{\text{क}-२}$

(९४) $\frac{१}{\text{अ}^{२}-\text{अय}+\text{य}^{२}}-\frac{१}{\text{अ}^{२}+\text{अय}+\text{य}^{२}}=\frac{१}{\text{अ}^{४}+\text{अ}^{२}\text{य}^{२}+\text{य}^{४}}$,

इस में $\text{य}=\frac{१}{२\,\text{अ}}$ ।

(९५) $\frac{\text{अ}}{(\text{अ}-\text{क})(\text{य}+\text{अ})}-\frac{\text{क}}{(\text{अ}-\text{क})(\text{य}+\text{क})}=\frac{\text{ग}}{(\text{य}+\text{अ})(\text{य}+\text{क})}$,

इस में $\text{य}=\text{ग}$ ।

(९६) $\frac{१}{\text{अ}(\text{अ}-\text{क})(\text{अ}-\text{य})}-\frac{१}{\text{क}(\text{अ}-\text{क})(\text{क}-\text{य})}$

$+\frac{१}{\text{य}(\text{अ}-\text{य})(\text{क}-\text{य})}=\frac{१}{\text{अ}^{२}\text{क}^{२}}$, इस में $\text{य}=\text{अक}$ ।

(९७) $\frac{\text{य}+\text{अ}+\text{क}}{(\text{अ}-\text{ग})(\text{क}-\text{ग})(\text{ग}-\text{य})}-\frac{\text{य}+\text{अ}+\text{ग}}{(\text{अ}-\text{क})(\text{क}-\text{ग})(\text{क}-\text{य})}$

$+\frac{\text{य}+\text{क}+\text{ग}}{(\text{अ}-\text{क})(\text{अ}-\text{ग})(\text{अ}-\text{य})}=\frac{\text{य}+\text{ग}}{(\text{अ}-\text{य})(\text{क}-\text{य})(\text{ग}-\text{य})}$,

इस में $\text{य}=\text{अ}+\text{क}$ ।

(९८) $\frac{३\,\text{अग}}{\text{अ}+\text{क}}+\frac{\text{अ}^{२}\text{क}}{(\text{अ}+\text{क})^{२}}+\frac{(२\,\text{अ}+\text{क})\,\text{कय}}{\text{अ}(\text{अ}+\text{क})^{२}}=\frac{३\,\text{गय}}{\text{क}}+\frac{\text{य}}{\text{अ}}$,

इस में $\text{य}=\frac{\text{अक}}{\text{अ}+\text{क}}$ ।

(९९) $\frac{\text{कगय}}{(\text{अ}-\text{क})(\text{अ}-\text{ग})(\text{अ}-\text{य})}-\frac{\text{अगय}}{(\text{अ}-\text{क})(\text{क}-\text{ग})(\text{क}-\text{य})}$

$+\frac{\text{अकय}}{(\text{अ}-\text{ग})(\text{क}-\text{ग})(\text{ग}-\text{य})}-\frac{\text{अगय}}{(\text{अ}-\text{य})(\text{क}-\text{य})(\text{ग}-\text{य})}=\frac{\text{अय}-\text{क}}{\text{कय}-\text{ग}}$,

इस में $\text{य}=\frac{\text{क}-\text{ग}}{\text{अ}-\text{क}}$ ।

८५। उद्दिष्ट समीकरण में छेदगम और पक्षान्तरनयन करने से जो अन्त में अव्यक्त का एकघात बचे तो उस की समक्रिया का प्रकार पूर्व प्रक्रमों में दिखलाया। परंतु जो अन्त में अव्यक्त का वर्ग, घन इत्यादि घात बचे तो पक्षान्तरनयन से समीकरण के सब पदों को बांए पक्ष में कर देओ तब अर्थात् दहिना पक्ष शून्य होगा। फिर बांए पक्ष के जो (४१) वे प्रक्रम से शीघ्र खण्ड हो सकें और उन में जो किसी खण्ड में अव्यक्त का एकघात रहे तो उस खण्ड को शून्य के समान करो। तब पूर्वोक्त समक्रिया से जो अव्यक्त का मान आवेगा वही उद्दिष्ट समीकरण में अव्यक्त का मान होगा।

जो उन खण्डों में दो वा तीन इत्यादि अनेक खण्डों में अव्यक्त का एकघात रहे तो हर एक खण्ड को शून्य के समान कर के अलग २ समक्रिया करो तो अव्यक्त के जो दो वा तीन इत्यादि मान आवेंगे इतने उद्दिष्ट समीकरण में अव्यक्त के मान होंगे।

इस की उपपत्ति अति स्पष्ट है। क्यों कि जिस समीकरण का दहिना पक्ष शून्य है उस के बांए पक्ष का जो कोइ खण्ड शून्य हो तो उस बांए पक्ष का मान भी शून्य होगा। यों दोनों पक्ष शून्य के समान एकरूप होंगे। इसलिये उस शून्य तुल्य खण्ड से जो अव्यक्त का मान आवेगा वही (८१) वे प्रक्रम के (५) वे प्रकरण के अनुसार उद्दिष्ट समीकरण में अव्यक्त का मान होगा।

उदा० (१) $४ य^२ - ५ य = ३ य - य^२$, इस में य क्या है?

यहां पक्षान्तरनयन से, $५ य^२ - २ य = ०$

$$\therefore \quad य (५ य - २) = ०$$

$$\therefore \; य = ० \text{ और } ५ य - २ = ० \quad \therefore य = \frac{२}{५}।$$

उदा० (२) $य^२ = ९$, इस में, य क्या है?

पक्षान्तरनयन से, $य^२ - ९ = ०$

$$\therefore \quad (य - ३)(य + ३) = ०$$

$\therefore$ य $-$ ३ $=$ ० और $\therefore$ य $=$ ३ ।

और भी य $+$ ३ $=$ ० $\therefore$ य $= -$ ३ ।

उदा० (३) $य^{२} =$ ९ य $-$ २०, इस में य क्या है?

पक्षान्तरनयन से, $य^{२} -$ ९ य $+$ २० $=$ ०

(४१) के प्रक्रम से, (य $-$ ४) (य $-$ ५) $=$ ०

$\therefore$ य $-$ ४ $=$ ० और य $=$ ४ और य $-$ ५ $=$ ० $\therefore$ य $=$ ५ ।

उदा० (४) $\dfrac{य^{२} - ४}{य - २} =$ २ य $-$ २, इस में य क्या है?

छेदगम से, $य^{२} -$ ४ $=$ (२ य $-$ २) (य $-$ २)

$\therefore$ (य $+$ २) (य $-$ २) $=$ (२ य $-$ २) (य $-$ २)

वा, (२ य $-$ २) (य $-$ २) $-$ (य $+$ २) (य $-$ २) $=$ ०

वा, (य $-$ ४) (य $-$ २) $=$ ०

$\therefore$ य $-$ ४ $=$ ०, य $=$ ४ और य $-$ २ $=$ ०, य $=$ २ ।

उदा० (५) $य^{३} -$ ६ $=$ य, इस में य क्या है?

पक्षान्तरनयन से, $य^{३} -$ य $-$ ६ $=$ ०

वा, $य^{३} -$ ८ $-$ य $+$ २ $=$ ०

$\therefore$ (य $-$ २) ($य^{२} +$ २ य $+$ ४) $-$ (य $-$ २) $=$ ०

वा, (य $-$ २) ($य^{२} +$ २ य $+$ ३) $=$ ०

$\therefore$ य $-$ २ $=$ ० और $\therefore$ य $=$ २ ।

उदा० (६) य $+ \dfrac{१}{य} =$ २, इस में य क्या है?

छेदगम से, $य^{२} +$ १ $=$ २ य.

पक्षान्तर०, $य^{२} -$ २ य $+$ १ $=$ ०

$\therefore$ (य $-$ १) (य $-$ १) $=$ ०

$\therefore$ य $-$ १ $=$ ० और य $=$ १ ।

उदा० (७) $५\text{य} - \frac{५}{\text{य}} = ३\text{य} - ३$, इस में य क्या है?

छेदगम से, $५(\text{य}^२ - १) = ३\text{य}(\text{य} - १)$

वा, $५(\text{य}^२ - १) - ३\text{य}(\text{य} - १) = ०$

वा, $५(\text{य} + १)(\text{य} - १) - ३\text{य}(\text{य} - १) = ०$

$\therefore \quad (२\text{य} + १)(\text{य} - १) = ०$

$\therefore \quad २\text{य} + १ = ०, \text{य} = -\frac{१}{२}$ और $\text{य} - १ = ०, \text{य} = १$ ।

उदा० (८) $\text{य}^२ - \left(\frac{\text{य}^२ + \text{अ}^२ - \text{क}^२}{२\text{अ}}\right)^२ = ०$, इस में य का मान क्या है?

यहां, $\text{य}^२ - \left(\frac{\text{य}^२ + \text{अ}^२ - \text{क}^२}{२\text{अ}}\right)^२ = \frac{(२\text{अय})^२ - (\text{य}^२ + \text{अ}^२ - \text{क}^२)^२}{४\text{अ}^२}$

$$= \frac{(२\text{अय} + \text{य}^२ + \text{अ}^२ - \text{क}^२)(२\text{अय} - \text{य}^२ - \text{अ}^२ + \text{क}^२)}{४\text{अ}^२}$$

$$= \frac{\{(\text{य} + \text{अ})^२ - \text{क}^२\}\{\text{क}^२ - (\text{य} - \text{अ})^२\}}{४\text{अ}^२}$$

$$= \frac{(\text{य} + \text{अ} + \text{क})(\text{य} + \text{अ} - \text{क})(\text{य} - \text{अ} + \text{क})(\text{अ} + \text{क} - \text{य})}{४\text{अ}^२}$$

$$= ०$$

वा, $(\text{य} + \text{अ} + \text{क})(\text{य} + \text{अ} - \text{क})(\text{य} - \text{अ} + \text{क})(\text{अ} + \text{क} - \text{य}) = ०$

$\therefore \quad \text{य} + \text{अ} + \text{क} = ०, \text{य} + \text{अ} - \text{क} = ०, \text{य} - \text{अ} + \text{क} = ०$ और $\text{अ} + \text{क} - \text{य} = ०$

$\therefore \quad \text{य} = -\text{अ} - \text{क}$, वा $-\text{अ} + \text{क}$; वा $\text{अ} - \text{क}$; वा $\text{अ} + \text{क}$ ।

उदा० (९) $\text{य}^३ - \frac{१}{\text{य}^२} = \left(\text{अ} + \frac{१}{\text{य}}\right)\left(\text{य} - \frac{१}{\text{य}}\right)$, इस में य क्या है?

यहां, $\left(\text{य} + \frac{१}{\text{य}}\right)\left(\text{य} - \frac{१}{\text{य}}\right) - \left(\text{अ} + \frac{१}{\text{य}}\right)\left(\text{य} - \frac{१}{\text{य}}\right) = ०$

वा, $(\text{य} - \text{अ})\left(\text{य} - \frac{१}{\text{य}}\right) = ०$

वा, $(\text{य} - \text{अ})(\text{य}^२ - १) = ०$

वा, $(य - अ)(य + १)(य - १) = ०$

$\therefore$ $य - अ = ० \therefore य = अ, य + १ = ०, \therefore य = -१$

और $य - १ = ० \therefore य = १$।

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) $५य^२ - ७य = ३य^२ + १३य$, इस में $य = ०$ और १० ।

(२) $य^३ = ८$, इस में $य = २$ ।

(३) $अय^२ + गय = कय - घय^२$, इस में $य = ०$ और $\frac{क - ग}{अ + घ}$ ।

(४) $(य - अ)^२ - क^२ = ०$, इस में $य = अ \pm क$ ।

(५) $२(य - अ)^२ = य^२ - अ^२$, इस में $य = ३अ$, और $अ$ ।

(६) $य^३ + य = २$, इस में $य = १$ ।

(७) $य^२ = ४(२य - ३)$, इस में $य = २$ और ६ ।

(८) $य(य^२ + ११) = ६(य^२ + १)$, इस में $य = २$ ।

(९) $\frac{य^३ + १}{य + १} = य^२ - ३य + ७$, इस में $य = -१$ और ३ ।

(१०) $(य - २)^३ = य^३ - ८$, इस में $य = २$ और ० ।

(११) $\frac{य^२ - ९}{५} = (य - ३)(य - ५)$, इस में $य = ३$ और ७ ।

(१२) $\frac{९य^२ - ४९}{३य - ७} = २य + ११$, इस में $य = ४$ और $२\frac{१}{२}$ ।

(१३) $\frac{य - ३}{य - ४} - \frac{य - २}{य - ३} = \frac{य - १}{१९य - १२}$, इस में $य = ०$ और ८ ।

(१४) $\frac{य - १}{४ - य} + \frac{५ - य}{य - २} = \frac{८\frac{१}{४} - २य}{य - ३}$, इस में $य = ०$ और $३\frac{१}{३}$ ।

(१५) $\frac{य - ४}{य^३ - २२४} + \frac{य + ६}{य + ७} = \frac{य + ७}{य + ८}$, इस में $य = ०$ और $\frac{४}{११}$ ।

(१६) $\frac{१}{य - २} - \frac{६}{य - ३} + \frac{६}{य - ४} = \frac{२य^२ - ७य}{(य - २)(य - ३)(य - ४)}$,

इस में $य = ०$ और ६ ।

(१७) $$\frac{\text{अ}-1}{(\text{अ}-\text{क})(\text{अ}-\text{ग})(\text{य}+\text{अ})}+\frac{\text{ग}-1}{(\text{अ}-\text{ग})(\text{क}-\text{ग})(\text{य}+\text{ग})}$$
$$=\frac{\text{क}-1}{(\text{अ}-\text{क})(\text{क}-\text{ग})(\text{य}+\text{क})}-\frac{\text{य}^2-1}{(\text{य}+\text{अ})(\text{य}+\text{क})(\text{य}+\text{ग})},$$
इस में य = २ और − १ ।

३ अनेकवर्ण एकघातसमीकरण ।

८६ । अनेकवर्ण समीकरण तीन प्रकार के होते हैं ।

(१) जिन अनेकवर्ण समीकरणों में जितने अव्यक्त हों उतने हि समीकरण होते हैं वे प्रथम प्रकार के हैं ।

इन में अव्यक्तों के मान नियत रहते हैं अर्थात् एकघातसमीकरणों में प्रत्येक अव्यक्तों का मान एक हि रहता है, वर्गसमीकरणों में दो इत्यादि ।

(२) जिन में अव्यक्तों से समीकरण न्यून हैं वे दूसरे प्रकार के हैं ।

इन में प्रत्येक अव्यक्त के मान अनन्त रहते हैं ।

(३) और जिन में अव्यक्तों से समीकरण अधिक हों वे तीसरे प्रकार के हैं ।

इन में समीकरण अशुद्ध होते हैं अथवा अशुद्ध न हों तो अधिक समीकरण व्यर्थ होते हैं ।

अब प्रथम प्रकार के समीकरणों की समक्रिया के लिये निर्दिष्ट अनेक समीकरणों से ऐसा एक हि समीकरण उत्पन्न करना चाहिये कि जिस में एक हि अव्यक्त रहे । यह समीकरण वक्ष्यमाण तीन रीतिओं में चाहो उस से उत्पन्न हो सकता है ।

(१) अनेक समीकरणों में जो एक हि अव्यक्त हो उस के उन्मिति-ओं का साम्य करने से प्रथम रीति बनती है ।

(२) उत्थापन से दूसरी रीति बनती है ।

(३) अनेक समीकरणों में जो एक हि अव्यक्त होगा उस के बारद्योतकों को समान करने से तीसरी रीति बनती है ।

अनेकवर्ण एकघातसमीकरण की समक्रिया जिस में दो अव्यक्त हैं ।

८७ । प्रथम रीति । प्रत्येक समीकरण से एक हि अव्यक्त की उन्मिति निकालो फिर उन दो उन्मितिओं को समान करने से एक समीकरण उत्पन्न होगा इस में दूसरा हि अव्यक्त रहेगा * । तब पूर्व समक्रिया से उस का मान तुरंत निकलेगा फिर उत्थापन से पहिले अव्यक्त का भी मान ज्ञात होगा । जैसा नीचे दिये हुए उदाहरणों में ।

उदा० (१) $\left.\begin{array}{l} ३य+४र=३२ \\ ५य-६र=२८ \end{array}\right\}$ इस में य और र का मान क्या है?

यहां (१) और (२) ये दो चिह्न क्रम से प्रथम और द्वितीय समीकरण के द्योतक मानो तब (८३) वे प्रक्रम से

$$\left.\begin{array}{ll} (१)\ से, & य=\dfrac{३२-४र}{३} \\ (२)\ से, & य=\dfrac{२८+६र}{५} \end{array}\right\}\text{ ये दो य की उन्मिति हैं ।}$$

$$\therefore\quad \frac{३२-४र}{३}=\frac{२८+६र}{५}$$

छेदगम से, $१६०-२०र=८४+१८र$

पक्षान्तरनयन से, $१८र+२०र=१६०-८४$

वा, $३८र=७६ \quad \therefore\ र=२$

और $य=\dfrac{३२-४र}{३}$ इस में र के मान का उत्थापन करने से

$$य=\frac{३२-४\times२}{३}=\frac{३२-८}{३}=\frac{२४}{३}=८$$

वा, $=\dfrac{२८+६र}{५}=\dfrac{२८+६\times२}{५}=\dfrac{२८+१२}{५}=\dfrac{४०}{५}=८$ ।

* इस की युक्ति (१८) वे प्रक्रम के (१) ली प्रत्यक्ष बात से स्पष्ट है ।

(१) से, र को उन्मिति $र = \frac{३२ - ३य}{४}$

(२) से, ... $र = \frac{५य - २८}{६}$

$\therefore \quad \frac{३२ - ३य}{४} = \frac{५य - २८}{६}$

छेदगम से, $९६ - ९य = १०य - ५६$

$\therefore \quad १९य = १५२$ और $य = \frac{१५२}{१९} = ८$

तब उत्थापन से, $र = \frac{३२ - ३य}{४} = \frac{३२ - २४}{४} = \frac{८}{४} = २$

वा, $= \frac{५य - २८}{६} = \frac{४० - २८}{६} = \frac{१२}{६} = २$ ।

इस प्रकार से यहां $य = ८$ और $र = २$

उदा० (२) $\left.\begin{array}{l} ५य + \frac{३य - २र}{७} = १६ \\ \frac{५य - २र}{२} - \frac{३य + १६}{५} = १\frac{१}{२} \end{array}\right\}$ इस में य और र का मान क्या है?

इस में छेदगम और यथासंभव सवर्णन करके

(१) से, $३८य - २र = ११२ \quad \therefore \quad य = \frac{२र + ११२}{३८}$

(२) से, $१९य - १०र = ४७ \quad \therefore \quad य = \frac{१०र + ४७}{१९}$

$\therefore \quad \frac{२र + ११२}{३८} = \frac{१०र + ४७}{१९}$

छेदगम से, $२र + ११२ = २०र + ९४$

$\therefore \quad १८र = १८$ और $र = १$

पूर्ववत् उत्थापन से, $य = ३$

अथवा इस में र को उन्मितिओं को परस्पर समान करने से भी य और र के मान वे ही आवेंगे ।

उदा० (३) $\left.\begin{array}{l} \frac{यर}{य + र} = ६ \\ \frac{रय}{य - र} = ३० \end{array}\right\}$ इस में य और र क्या हैं?

(१) से $यर = ६य + ६र$

$\therefore \quad यर - ६य = ६र$ और $य = \frac{६र}{र - ६}$

इसी भांति (२) से $य = \frac{३०र}{३० - र}$

$\therefore \quad \frac{६र}{र-६} = \frac{३०र}{३०-र}$

वा, $\frac{१}{र-६} = \frac{५}{३०-र}$

छेदगम इत्यादि कर्म करने से, $र = १०$ $\therefore$ $य = १५$

उदा० (४) $\left.\begin{array}{l} अय + कर = ग \\ चय + छर = ज \end{array}\right\}$ इस में य और र क्या हैं?

(१) से, $य = \frac{ग - कर}{अ}$

(२) से, $य = \frac{ज - छर}{च}$

$\therefore \quad \frac{ग - कर}{अ} = \frac{ज - छर}{च}$

छेदगम से, $गच - कचर = अज - अछर$

$\therefore \quad (अछ - कच)र = अज - गच, \quad \therefore \quad र = \frac{अज - गच}{अछ - कच}$

$\therefore \quad य = \frac{ज - छर}{च} = \frac{ज}{च} - \frac{छ}{च} \times र = \frac{ज}{च} - \frac{छ}{च} \times \frac{अज - गच}{अछ - कच}$

$= \frac{अछज - कचज}{च(अछ - कच)} - \frac{अछज - गचछ}{च(अछ - कच)}$

$= \frac{गचछ - कचज}{च(अछ - कच)} = \frac{गछ - कज}{अछ - कच}$

इसी भांति य के दूसरी उन्मिति में भी र के मान का उत्थापन करने से य का वही मान मिलेगा ।

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) $\left.\begin{array}{l} २य + ३र = १२ \\ ३य + ४र = १७ \end{array}\right\}$ इस में $\left\{\begin{array}{l} य = ३ \\ र = २ \end{array}\right.$ ।

(२) $\left.\begin{array}{l} ४य - ५र = ३५ \\ ३य + ७र = ३७ \end{array}\right\}$ इस में $\left\{\begin{array}{l} य = १० \\ र = १ \end{array}\right.$ ।

(३) $\left.\begin{array}{l} ३ य = ३१ - ५ र \\ २ र = ७ य - ४५ \end{array}\right\}$ इस में $\left\{\begin{array}{l} य = ७ \\ र = २ \end{array}\right.$ ।

(४) $\left.\begin{array}{l} य + \dfrac{र + २}{३} = ९ \\ \dfrac{३ य - १}{४} + २ र = १३ \end{array}\right\}$ इस में $\left\{\begin{array}{l} य = ७ \\ र = ४ \end{array}\right.$

(५) $\left.\begin{array}{l} \dfrac{य + २ र}{५} - \dfrac{२ य - ३}{७} = १ \\ ५ य - \dfrac{१७ - २ र}{९} = ७० - \dfrac{१२ य - १}{१३} \end{array}\right\}$ इस में $\left\{\begin{array}{l} य = १२ \\ र = ४ \end{array}\right.$ ।

(६) $\left.\begin{array}{l} यर + ४० = (य + २)(र + ३) \\ यर - ७ = (य + ३)(र - २) \end{array}\right\}$ इस में $\left\{\begin{array}{l} य = ८ \\ र = ५ \end{array}\right.$ ।

(७) $\left.\begin{array}{l} \dfrac{२}{य} + \dfrac{३}{र} = ४ \\ \dfrac{३}{य} + \dfrac{२}{र} = ३\dfrac{१}{२} \end{array}\right\}$ इस में $\left\{\begin{array}{l} य = २ \\ र = १ \end{array}\right.$ ।

(८) $\dfrac{यर}{य + र} = २$, और $\dfrac{१}{य} - \dfrac{१}{र} = \dfrac{१}{६}$, इस में य = ३ और र = ६ ।

(९) $\dfrac{य}{र} = \dfrac{य}{र + ४} + \dfrac{१}{२}$ और $\dfrac{य}{र} = \dfrac{य}{र - ३} - \dfrac{१}{२}$, इस में $\begin{array}{l} य = ८४ \\ र = २४ \end{array}$ ।

(१०) $\left.\begin{array}{l} अय + कर = अ^{२} + क^{२} \\ कय + अर = २ अक \end{array}\right\}$ इस में $\left\{\begin{array}{l} य = अ \\ र = क \end{array}\right.$ ।

(११) $\left.\begin{array}{l} कय - गर = ग^{२} - क^{२} \\ गय - कर = \dfrac{(अ^{२} + क^{२} + ग^{२})(ग^{२} - क^{२})}{कग} \end{array}\right\}$ $\left\{\begin{array}{l} य = \dfrac{अ^{२} + ग^{२}}{क} \\ र = \dfrac{अ^{२} + क^{२}}{ग} \end{array}\right.$ ।

८८ । दूसरी रीति । निर्दिष्ट समीकरणों में जिस अव्यक्त की उन्मिति थोड़े आयास में मिल सके उस को निकाल के उस का उस के दूसरे समीकरण में उत्थापन करो इस से ऐसा एक समीकरण उत्पन्न होगा कि जिस में एक हि अव्यक्त हो तब पूर्व समक्रिया से दोनों अव्यक्तों के मान शीघ्र ज्ञात होंगे ।

उदा० (१) $\left.\begin{array}{l} ३ य + ४ र = ३२ \\ ५ य - ६ र = २८ \end{array}\right\}$ इस में य और र क्या हैं ?

यहां (१) से य की उन्मिति $\text{य} = \frac{\text{३२} - \text{४र}}{\text{३}}$ इस से (२) में उत्थापन करने से, $\text{५}\left\{\frac{\text{३२} - \text{४र}}{\text{३}}\right\} - \text{६र} = \text{२८}$

तब पूर्वोक्त रीति से, र = २ और उत्थापन से य = ८।

$$\left.\begin{array}{l} \text{५य} + \frac{\text{३य} - \text{२र}}{\text{७}} = \text{१६} \\ \frac{\text{५य} - \text{२र}}{\text{२}} - \frac{\text{३य} + \text{१६}}{\text{५}} = \text{१}\frac{\text{१}}{\text{२}} \end{array}\right\}$$

उदा० (२) इस में य और र इन का मान क्या है?

यहां छेदगम और यथासंभव सवर्णन करके

(१) से, ३८य − २र = ११२, (२) से १९य − १०र = ४७

$\therefore \text{य} = \frac{\text{१०र} + \text{४७}}{\text{१९}}$ इस सवर्णित किये हुए (१) ले में उत्थापन करने से

$$\text{३८}\left\{\frac{\text{१०र} + \text{४७}}{\text{१९}}\right\} - \text{२र} = \text{११२}$$

तब पूर्व रीति से, र = १ और उत्थापन से, य = ३।

$$\left.\begin{array}{l} \frac{\text{यर}}{\text{य} + \text{र}} = \text{६} \\ \frac{\text{यर}}{\text{य} - \text{र}} = \text{३०} \end{array}\right\}$$

उदा० (३) इस में य और र क्या है?

(१) से $\text{य} = \frac{\text{६र}}{\text{र} - \text{६}}$ इस का (२) में उत्थापन करने से

$$\frac{\left(\frac{\text{६र}}{\text{र} - \text{६}}\right) \times \text{र}}{\frac{\text{६र}}{\text{र} - \text{६}} - \text{र}} = \text{३०}$$

सवर्णन से, $\frac{\text{६र}^{\text{२}}}{\text{६र} - \text{र}^{\text{२}} + \text{६र}} = \frac{\text{६र}}{\text{१२} - \text{र}} = \text{३०}$

∴ ६र = ३६० − ३०र ∴ र = १० और उत्थापन से य = १५।

अथवा यहां (१) से यर = ६य + ६र ……………… (३)

(२) से यर = ३०य − ३०र ……………… (४)

∴ ३०य − ३०र = ६य + ६र ∴ २४य = ३६र, $\text{य} = \frac{\text{३}}{\text{२}}\text{र}$ इस से

(३) में उत्थापन करने से, $\frac{\text{३}}{\text{२}}\text{र}^{\text{२}} = \text{९र} + \text{६र}$

वा, $\text{३र} = \text{३०} \therefore \text{र} = \text{१०}$ और $\text{य} = \text{१५}$ ।

उदा० (४) $\left.\begin{array}{l} \text{अय} + \text{कर} = \text{ग} \\ \text{चय} + \text{छर} = \text{ज} \end{array}\right\}$ इस में य और र क्या है?

(१) से, $$\text{य} = \frac{\text{ग} - \text{कर}}{\text{अ}}$$

(२) में उत्थापन से, $$\text{च} \times \frac{\text{ग} - \text{कर}}{\text{अ}} + \text{छर} = \text{ज}$$

पृथक्करण से, $\text{र} = \frac{\text{अज} - \text{गच}}{\text{अछ} - \text{कच}}$ तब $\text{य} = \frac{\text{गछ} - \text{कज}}{\text{अछ} - \text{कच}}$.

इस में अ, क, ग, च, छ और ज ये व्यक्त हैं । अब इन में जो प्रत्येक अ, क और च = १ और छ = −१ मानो तो

उत्थापन से, $\text{य} = \frac{\text{गछ} - \text{कज}}{\text{अछ} - \text{कच}} = \frac{-\text{ग} - \text{ज}}{-\text{१} - \text{१}} = \frac{\text{ग} + \text{ज}}{\text{२}} = \frac{\text{१}}{\text{२}}\text{ग} + \frac{\text{१}}{\text{२}}\text{ज}$

और $\text{र} = \frac{\text{अज} - \text{गच}}{\text{अछ} - \text{कच}} = \frac{\text{ज} - \text{ग}}{-\text{१} - \text{१}} = \frac{\text{ग} - \text{ज}}{\text{२}} = \frac{\text{१}}{\text{२}}\text{ग} - \frac{\text{१}}{\text{२}}\text{ज}$

और जो छ = अ, च = क और ज = ग मानो तो निर्दिष्ट समीकरण $\left.\begin{array}{l} \text{अय} + \text{कर} = \text{ग} \\ \text{कय} + \text{अर} = \text{ग} \end{array}\right\}$ इस भांति के होंगे ।

और $\text{य} = \frac{\text{गछ} - \text{कज}}{\text{अछ} - \text{कज}} = \frac{\text{अग} - \text{कग}}{\text{अ}^{\text{२}} - \text{क}^{\text{२}}} = \frac{\text{ग}}{\text{अ} + \text{क}}$

$\text{र} = \frac{\text{अज} - \text{गच}}{\text{अछ} - \text{कच}} = \frac{\text{अग} - \text{कग}}{\text{अ}^{\text{२}} - \text{क}^{\text{२}}} = \frac{\text{ग}}{\text{अ} + \text{क}}$

$\therefore$ इस में $\text{य} = \text{र} = \frac{\text{ग}}{\text{अ} + \text{क}}$ ।

और इस में जो अ = −क मानो तो $\text{य} = \text{र} = \frac{\text{ग}}{-\text{क} + \text{क}} = \frac{\text{ग}}{\text{०}} = \infty$ इस प्रकार से य और र ये दोनों अनन्त होंगे ।

इसी भांति उत्थापन से य, र के मान अनेक प्रकार के निकलेंगे ।

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) $\left.\begin{array}{l} \text{य} + \text{३र} = \text{१५} \\ \text{२य} - \text{र} = \text{२} \end{array}\right\}$ इस में य = ३ और र = ४ ।

(२) $\left.\begin{array}{l} २य = १७ - ३र \\ ७र = ९य + २६ \end{array}\right\}$ इस में $\left\{\begin{array}{l} य = १ \\ र = ५ \end{array}\right.$ ।

(३) $\frac{१}{३}य + \frac{१}{५}र = ७$, और $\frac{१}{४}य + \frac{१}{३}र = ८$ इस में $\left\{\begin{array}{l} य = १२ \\ र = १५ \end{array}\right.$ ।

(४) $\left.\begin{array}{l} \frac{य+४}{५} - \frac{र+३}{७} = ३ \\ \frac{य-५}{६} - \frac{र-७}{८} = २ \end{array}\right\}$ इस में $\left\{\begin{array}{l} य = ४१ \\ र = ३९ \end{array}\right.$ ।

(५) $\frac{य+१}{र} = \frac{१}{२}$ और $\frac{य}{र+१} = \frac{१}{३}$ यहां $य = ३$ और $र = ८$ ।

(६) $\left.\begin{array}{l} \frac{य-२र+१९}{३य-र+७} = \frac{२य-४र+२९}{६य-२र+५} \\ \frac{य+५र+३}{३य+१५र+३} = \frac{२य-र+१३}{६य-३र+३२} \end{array}\right\}$ इस में $\left\{\begin{array}{l} य = ५ \\ र = २ \end{array}\right.$ ।

८९। तीसरी रीति। पहिले प्रत्येक समीकरण में छेदगम, इत्यादि कर्म करके यथासंभव सवर्णन करो। तब दोनों समीकरण के एक ही अव्यक्त के दो वारद्योतकों से परस्पर के समीकरण गुण देओ अथवा संभव हो तो अपवर्तित वारद्योतकों से परस्पर के समीकरण गुण देओ। तब उन दोनों समीकरणों में उस अव्यक्त के वारद्योतक समान होंगे। फिर उन वारद्योतकों के चिह्न जो सजातीय हों तो उन गुणे हुए समीकरणों का अन्तर करो और जो विजातीय हों तो योग करो। इस से एक समीकरण ऐसा उत्पन्न होगा कि जिस में एक ही अव्यक्त होवे तब उक्त विधि से दोनों अव्यक्तों के मान शीघ्र ज्ञात होंगे।

उदा० (१) $\left.\begin{array}{l} ३य + ४र = ३२ \\ ५य - ६र = २८ \end{array}\right\}$ इस में य और र क्या हैं?

यहां य के वारद्योतकों से परस्पर के समीकरणों को गुण देने से,

$\left.\begin{array}{l} १५य + २०र = १६० \\ १५य - १८र = ८४ \end{array}\right\}$ यहां समान वारद्योतकों के चिह्न सजातीय हैं $\therefore$ अन्तर करने से, $३८र = ७६ \;\therefore\; र = २$

इस से (१) उत्थापन करने से, $३य + ८ = ३२$, $३य = २४ \;\therefore\; य = ८$।

इस प्रकार से इस में $य = ८$ और $र = २$।

अथवा र के वारद्योतक ४, ६ दो से अपवर्तित करके २, ३ इस से परस्पर के समीकरणों को गुण देने से,

$$\left.\begin{array}{l} ९ य + १२ र = ९६ \\ १० य - १२ र = ५६ \end{array}\right\}$$ यहां समान वारद्योतकों के चिह्न विजातीय हैं ∴ समीकरणों का योग करने से, $१९ य = १५२$ ∴ $य = ८$ उत्थापन से, $र = २$।

उदा० (२) $$\left.\begin{array}{l} ५ य + \dfrac{३ य - २ र}{७} = १६ \\ \dfrac{५ य - २ र}{२} - \dfrac{३ य + १६}{५} = १ \dfrac{१}{२} \end{array}\right\}$$ इस में य और र का मान क्या है?

इस में छेदगम और यथासंभव सवर्णन करके

$$\left.\begin{array}{ll} (१) \text{ से,} & ३८ य - २ र = ११२ \\ (२) \text{ से,} & १९ य - १० र = ४७ \end{array}\right\}$$ इस में य के वारद्योतक ३८, १९ अपवर्तित करके २, १ इन से परस्पर के समीकरणों को गुण देने से,

$$\begin{array}{r} ३८ य - २ र = ११२ \\ ३८ य - २० र = ९४ \\ \hline १८ र = १८ \end{array}$$

अन्तर करने से,

∴ $र = १$ और उत्थापन से $य = ३$।

उदा० (३) $$\left.\begin{array}{l} \dfrac{यर}{य + र} = ६ \\ \dfrac{यर}{य - र} = ३० \end{array}\right\}$$ इस में य और र क्या हैं?

$$\left.\begin{array}{ll} \text{यहां } (१) \text{ से,} & (र - ६) य = ६ र \\ (२) \text{ से,} & (३० - र) य = ३० र \end{array}\right\}$$ इस में य के वारद्योतकों से परस्पर के समीकरणों को

गुणदेने से, $(३० - र)(र - ६) य = ६ र (३० - र)$

$(३० - र)(र - ६) य = ३० र (र - ६)$

अन्तर करने से, $० = ६ र (३० - र) - ३० र (र - ६)$

∴ $३० र (र - ६) = ६ र (३० - र)$, वा $५ (र - ६) = ३० - र$

∴ समक्रिया से $र = १०$ और उत्थापन से $य = १५$।

अथवा इस भांति के समीकरण की समक्रिया करने की एक सुलभ रीति है सो ऐसी ।

प्रथम समीकरण के दोनों पक्षों के अंश और छेद के पलट देने से,

$$\frac{य+र}{यर} = \frac{१}{६}, \quad वा, \quad \frac{१}{र} + \frac{१}{य} = \frac{१}{६} \qquad (३)$$

इसी भांति दूसरे से, $$\frac{१}{र} - \frac{१}{य} = \frac{१}{३०} \qquad (४)$$

(३) और (४) इन का योग और अन्तर करने से,

$$\frac{२}{र} = \frac{६}{३०} = \frac{१}{५} \text{ और } \frac{२}{य} = \frac{४}{३०} = \frac{२}{१५}$$

$\therefore \quad र = १०$ और $य = १५$ ।

उदा० (४) $४य = ४र^२ + १$ और $र + २ = \frac{४य + ३१}{४(र + १)}$

इस में य और र इन का मान क्या है?

(१) से, $४य = ४र^२ + १$

(२) से, $४य = ४र^२ + १२र - २९$

$\therefore$ अन्तर करने से $० = -१२र + ३०$, वा, $१२र = ३०$

$\therefore$ $र = २\frac{१}{२}$ और उत्थापन से $य = ६\frac{१}{२}$ ।

उदा० (५) $\left.\begin{array}{l} अय + कर = ग \\ चय + छर = ज \end{array}\right\}$ इस में य और र क्या हैं?

इस में य के वारद्योतक अ और च इन से परस्पर के समीकरणों को गुण देने से, $अचय + कचर = गच$

और $अचय + अछर = अज$

$\therefore$ अन्तर करने से $(कच - अछ)र = गच - अज$

$$\therefore \quad र = \frac{गच - अज}{कच - अछ} = \frac{अज - गच}{अछ - कच},$$

और उत्थापन से, $य = \frac{कज - गछ}{अच - अछ} = \frac{गछ - कज}{अछ - अच}$ ।

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) $\left.\begin{array}{l} ३य + ४र = ३८ \\ ६य - र \;\;= ३१ \end{array}\right\}$ इस में य = ६ और र = ५ ।

(२) $\left.\begin{array}{l} ३य = ५र - ४६ \\ २र = ९य - ८३ \end{array}\right\}$ इस में य = १३ और र = १७ ।

(३) $\frac{य}{३} + \frac{र}{४} = ७\frac{३}{४},\; \frac{य}{४} - \frac{र}{६} = \frac{१}{२}$, इस में य = १२, और र = १५ ।

(४) $\left.\begin{array}{l} ५य + \frac{र + ४}{५} = ८३ \\ ३र - \frac{य - ७}{९} = ३२ \end{array}\right\}$ इस में य = १६ और र = ११ ।

(५) $\frac{३यर}{य + २र} = \frac{३}{२}$ और $४य - \frac{३}{र}य = २$, इस में य = २, र = १ ।

(६) $\frac{अ}{क + र} = \frac{क}{अ + य}$ और $अय + कर = ग^२$, इस में

$$य = \frac{क^२ - अ^२ + ग^२}{२अ} \text{ और } र = \frac{अ^२ - क^२ + ग^२}{२क} ।$$

(७) $\left.\begin{array}{l} \frac{अ + क}{य} - \frac{अ - क}{र} = ४ \\ \frac{अ - क}{य} + \frac{अ + क}{र} = २ \end{array}\right\}$ इस में $\begin{array}{l} य = \frac{अ^२ + क^२}{३अ + क} \\ र = \frac{अ^२ + क^२}{३क - अ} \end{array}$ ।

८७, ८८ और ८९ । इन तीनो प्रश्नों में जिन उदाहरणों का समक्रिया से गणित करके दिखलाया है वे तीनों रीतिओं में समान हि लिखे हैं । इस का कारण यह है कि किस उदाहरण की समक्रिया किस रीति से शीघ्र बनती है यह सीखनेहारा देखे और अपनी बुद्धि से विचारे तब और उस जाति के उदाहरणों में उसी रीति को लगावे ।

९० । किसी किसी स्थल में एक समीकरण के दो पक्षों का दूसरे समीकरण के दोनो पक्षों में भाग देने से एक समीकरण ऐसा उत्पन्न होता है कि जिस से अव्यक्तों का मान थोड़ी क्रिया से निकलता है ।

जैसा
$$य^२ - र^२ = २१ \cdots \cdots \cdots \quad (१)$$
$$य + र = ७ \cdots \cdots \cdots \quad (२)$$

इस में (१) के दोनों पक्षों में (२) के दोनों पक्षों का भाग देने से

$$य - र = ३ \qquad (३)$$

तब (२) और (३) इन से य = ५ और र = २ ।

और ऊपर की रीतिओं के तीसरे उदाहरण में

(१) से $$(र - ६)य = ६र \qquad (३)$$

(२) से $$(३० - र)य = ३०र \qquad (४)$$

(३) के दोनों पक्षों में (४) के पक्षों का भाग देने से

$$\frac{(र-६)य}{(३०-र)य} = \frac{६र}{३०र}, \text{ वा, } \frac{र-६}{३०-र} = \frac{१}{५}$$

तब समक्रिया से, र = १०, और उत्थपन से य = १५ ।

इस भांति अनेक लाघव के प्रकार हैं वे समक्रिया के अति अभ्यास से आप से आप मन में प्रकट होते हैं ।

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) $\left.\begin{array}{l} य + र = २४ \\ य - २र = ३ \end{array}\right\}$ इस में य = १७ और र = ७ ।

(२) $\left.\begin{array}{l} य + १२र = ६७ \\ ३य + \quad र = २६ \end{array}\right\}$ इस में य = ७ और र = ५ ।

(३) $\left.\begin{array}{l} ४य - ७र = ३० \\ २य - ९र = ४ \end{array}\right\}$ इस में य = ११ और र = २ ।

(४) $\left.\begin{array}{l} १५य + २८र = २४७ \\ १८य - ३५र = २२ \end{array}\right\}$ इस में य = ९ और र = ४ ।

(५) $$\left.\begin{aligned} \frac{\text{य}}{\text{५}} + \frac{\text{र}}{\text{८}} &= \text{१५} \\ \frac{\text{य}}{\text{७}} + \frac{\text{र}}{\text{७}} &= \text{१२} \end{aligned}\right\}$$ इस में य = ३५ और र = ५६ ।

(६) $$\left.\begin{aligned} \frac{\text{३य}}{\text{४}} + \frac{\text{४र}}{\text{५}} &= \text{५९} \\ \frac{\text{२य}}{\text{९}} &= \frac{\text{९र}}{\text{१०}} - \text{२८} \end{aligned}\right\}$$ इस में य = ३६ और र = ४० ।

(७) $$\left.\begin{aligned} \frac{\text{२य}}{\text{७}} + \frac{\text{र}}{\text{३}} &= \text{११} \\ \frac{\text{४य}}{\text{५}} - \frac{\text{र}}{\text{७}} &= \text{१३} \end{aligned}\right\}$$ इस में य = $\text{१९}\frac{\text{२३}}{\text{११३}}$ और र = $\text{१६}\frac{\text{६१}}{\text{११३}}$ ।

(८) $$\left.\begin{aligned} \text{८य} + \frac{\text{५र}}{\text{१२}} &= \text{१३८} \\ \text{६र} + \frac{\text{३य}}{\text{८}} &= \text{१५०} \end{aligned}\right\}$$ इस में य = १६ और र = २४ ।

(९) $$\left.\begin{aligned} \frac{\text{५य} + \text{२}}{\text{७}} - \text{२र} + \text{१७} &= \text{५} \\ \frac{\text{८र} - \text{७}}{\text{१३}} + \text{३य} - \text{१९} &= \text{१०} \end{aligned}\right\}$$ इस में य = ८ और र = ९ ।

(१०) $$\left.\begin{aligned} \frac{\text{३य} - \text{४}}{\text{५}} + \frac{\text{४र} + \text{२}}{\text{७}} &= \text{१३} \\ \frac{\text{५य} + \text{१}}{\text{६}} + \frac{\text{३र} - \text{६}}{\text{७}} &= \text{८} \end{aligned}\right\}$$ इस में य = १३ और र = १० ।

(११) $$\left.\begin{aligned} \frac{\text{८य} - \text{३र}}{\text{९}} + \frac{\text{५य} + \text{८र}}{\text{१२}} &= \text{१७} \\ \frac{\text{९य} + \text{५र}}{\text{८}} - \frac{\text{७य} + \text{४र}}{\text{१०}} &= \text{६} \end{aligned}\right\}$$ इस में य = १२ और र = ४ ।

(१२) $$\left.\begin{aligned} \frac{\text{११य} + \text{७र}}{\text{१२}} - \frac{\text{८य} - \text{१३र}}{\text{१५}} &= \text{७६} - \frac{\text{५य} + \text{९र}}{\text{२०}} \\ \frac{\text{१३य} - \text{३र}}{\text{२०}} + \frac{\text{७य} + \text{९र}}{\text{२४}} &= \text{५८} + \frac{\text{३य} + \text{१७र}}{\text{३०}} \end{aligned}\right\}$$

इस में य = ७५ और र = १५ ।

(१३) $$\left.\begin{aligned} \text{८य} - \text{१७} - \frac{\text{४र} - \text{७}}{\text{१३}} &= \text{१५} - \frac{\text{५य} - \text{१}}{\text{१९}} \\ \text{१२र} - \text{१५} + \frac{\text{३(२य} + \text{३)}}{\text{११}} &= \text{५०} - \frac{\text{७र} + \text{१९}}{\text{२७}} \end{aligned}\right\}$$ इस में $\begin{matrix}\text{य} = \text{४} \\ \text{र} = \text{५}\end{matrix}$ ।

(१४)
$$\left.\begin{aligned} \frac{\text{५य} - \text{७र} + \text{४}}{\text{६}} - \frac{\text{४य} - \text{१३र} + \text{३२}}{\text{९}} &= \text{२} \\ \frac{\text{७य} + \text{२र} - \text{४}}{\text{१२}} - \frac{\text{१५य} - \text{१२र} + \text{१}}{\text{१६}} &= \text{१} \end{aligned}\right\} \text{ इस में } \begin{aligned} \text{य} &= \text{९} \\ \text{र} &= \text{५} \end{aligned} \text{ ।}$$

(१५)
$$\left.\begin{aligned} \text{२य} - \text{२९} - \frac{\text{५य} + \text{७र}}{\text{१०}} &= \text{९र} + \text{१३} + \frac{\text{११य} - \text{६र}}{\text{१६}} \\ \frac{\text{७य} + \text{५र}}{\text{१२}} - \text{३र} - \text{५} &= \frac{\text{८य} + \text{३र}}{\text{१४}} - \text{११य} + \text{५२४७०} \end{aligned}\right\}$$

इस में $\text{य} = \text{४८७२}$ और $\text{र} = \text{४२०}$ ।

(१६)
$$\left.\begin{aligned} \frac{\frac{\text{५य}}{\text{८}} + \text{७र}}{\text{१७}} - \frac{\frac{\text{४य} + \text{७}}{\text{१३}} + \frac{\text{७र} + \text{३}}{\text{११}}}{\text{९}} &= \text{६} - \frac{\text{र}}{\text{३}} \\ \frac{\frac{\text{३य}}{\text{४}} + \frac{\text{२र}}{\text{३}} - \text{३}\frac{\text{१}}{\text{२}}}{\frac{\text{५य}}{\text{२}} - \frac{\text{७र}}{\text{६}} + \text{१}\frac{\text{१}}{\text{३}}} &= \frac{\text{५१}}{\text{६५}} \end{aligned}\right\}$$

इस में $\text{य} = \text{८}$ और $\text{र} = \text{९}$ ।

(१७)
$$\left.\begin{aligned} \text{३९} + \frac{\text{६य} - \frac{\text{४र} + \text{५}}{\text{७}}}{\text{१९}} &= \text{४य} + \frac{\text{६र} + \text{८} - \frac{\text{५य} + \text{४}}{\text{९}}}{\text{१३}} \\ \frac{\text{५य} + \text{७र} - \text{६}}{\text{१२}} &= \text{४} + \frac{\text{८य} - \text{१३र} + \text{२}}{\text{१५}} \end{aligned}\right\}$$

इस में $\text{य} = \text{१०}$ और $\text{र} = \text{४}$ ।

(१८)
$$\left.\begin{aligned} \frac{\text{२५}}{\text{य}} + \frac{\text{१८}}{\text{र}} &= \text{११} \\ \frac{\text{३}}{\text{४य}} - \frac{\text{२}}{\text{५र}} &= \frac{\text{१}}{\text{६०}} \end{aligned}\right\} \text{ इस में य} = \text{५ और प} = \text{३ ।}$$

(१९)
$$\left.\begin{aligned} \frac{\text{यर}}{\text{७य} - \text{८र}} &= \frac{\text{१}}{\text{३}} \\ \frac{\text{५यर}}{\text{७य} + \text{६र}} &= \frac{\text{१}}{\text{२}} \end{aligned}\right\} \text{ इस में य} = \text{२ और र} = \text{१ ।}$$

(२०)
$$\left.\begin{aligned} \frac{\text{य}}{\text{र}} &= \frac{\text{य}}{\text{र} + \text{४}} + \text{१} \\ \frac{\text{य}}{\text{र}} &= \frac{\text{य}}{\text{र} - \text{२}} - \text{१} \end{aligned}\right\} \text{ इस में य} = \text{२४ और र} = \text{८ ।}$$

$$(२१)\quad \left.\begin{array}{c} (\text{२ य} + ३)(\text{३ र} + ४) = ६८ + (\text{य} + २)(\text{६ र} - १) \\ \text{५ य} - \text{७ र} = १४ \end{array}\right\}$$

इस में य = ७ और र = ३ ।

$$(२२)\quad \left.\begin{array}{c} \text{य}^{२} + \text{५ य} = \text{४ र}^{२} - \text{७ र} + ८९ \\ \text{य} + \text{२ र} = १४ \end{array}\right\}$$ इस में य = ८ और र = ३ ।

$$(२३)\quad \left.\begin{array}{c} \text{य}^{३} - \text{य}^{२} + \text{यर} = \text{र}^{३} + \text{३ र}^{२} + १० \\ \text{य} - \text{र} = १ \end{array}\right\}$$ इस में य = ६ और र = ५ ।

$$(२४)\quad \left.\begin{array}{c} \dfrac{\text{४ य} + ७}{१०} + \dfrac{\text{५ य} + \text{३ र}}{\text{७ य} - १८} = १\tfrac{५}{६} + \dfrac{\text{६ य} + १३}{१५} \\ \dfrac{\text{३ र} + १}{७} - \dfrac{\text{२ य} - \text{र}}{\text{११ य} - \text{८ र}} = \dfrac{\text{६ र} - ५}{१४} - \dfrac{१}{२} \end{array}\right\}$$

इस में य = ७ और र = ९ ।

$$(२५)\quad \left.\begin{array}{c} \dfrac{५}{\text{५ य} - \text{२ र}} + \dfrac{७}{\text{७ य} - \text{३ र}} = \dfrac{२४}{\text{१२ य} - \text{५ र}} \\ \dfrac{३(\text{२ य} + ५)}{१४} + \dfrac{\text{३ य} + \text{५ र} + १}{\text{७ य} - \text{३ र}} = \dfrac{\text{३ य} + ४}{७} + १४\tfrac{१}{२} \end{array}\right\}$$

इस में य = १ और र = २ ।

अनेकवर्ण एकघातसमीकरण की समक्रिया जिस में तीन आदि अव्यक्त हैं ।

९१ । जो तीन अव्यक्त हों तो उनका मान ठहराने के लिये तीन समीकरण चाहिये तब उस में उक्त विधि से दो समीकरणों से एक अव्यक्त को उड़ा के एक समीकरण उत्पन्न करो। ऐसा हि इन दो समीकरणों में से एक और एक जो शेष बचा है इन दो समीकरणों से उसी अव्यक्त को उड़ा के एक दूसरा समीकरण उत्पन्न करो इस प्रकार से दो समीकरण उत्पन्न होंगे जिन में दो अव्यक्त होंगे तब उन का मान पूर्वोक्त विधि से निकालो फिर उत्थापन से तीसरे अव्यक्त का भी मान जान लेओ ।

अथवा तीन समीकरणों में कोइ दो समीकरणों से जो हो सके तो दो अव्यक्तों की उन्मिति ऐसी निकालो कि जिनमें अवशिष्ट एक हि अव्यक्त रहे । तब उन उन्मितिओं का अवशिष्ट समीकरण में उत्थापन करने से एक समीकरण ऐसा उत्पन्न होगा कि जिस में एकही अव्यक्त होगा तब समक्रिया से उस अव्यक्त का मान जान के उत्थापन से और दो अव्यक्तों के भी मान जान लेओ ।

जो चार अव्यक्त हों तो उन के मान चार अव्यक्तों से ज्ञात होंगे । उस का प्रकार यह है । निर्दिष्ट चार समीकरणों से पूर्वोक्त रीति करके तीन समीकरण उत्पन्न करो ऐसे कि जिन में तीन ही अव्यक्त होवें । तब उन तीन अव्यक्तों के मान ऊपर के विधि से ज्ञात होंगे फिर उत्थापन से चौथे का भी मान ज्ञात होगा ।

इसी भांति जिन पांच आदि समीकरणों में उतनेहि अव्यक्त होंगे उन की भी समक्रिया जानो ।

उदा० (१) $य + र + ल = १३$, $२य - ३र + ४ल = ०$ और $३य + ४र - ५ल = २९$ इस में य, र और ल इन के मान क्या हैं?

यहां (१) से $य = १३ - र - ल$, (२) से $य = \frac{३र - ४ल}{२}$

$$\therefore \quad १३ - र - ल = \frac{३र - ४ल}{२}$$

$$\therefore \quad २६ - २र - २ल = ३र - ४ल, \text{ वा, } ५र - २ल = २६ ।$$

अथवा, (१) से $य = १३ - र - ल$ इस उन्मिति का (२) में उत्थापन करने से, $२(१३ - र - ल) - ३र + ४ल = ०$

$$\therefore \quad २६ - २र - २ल - ३र + ४ल = ०, \text{ वा, } ५र - २ल = २६ ।$$

जो ऊपर उत्पन्न हुआ था सोहि समीकरण उत्पन्न हुआ ।

अथवा तीसरी रीति से, (१) को २ से गुणने से,

$$\text{२य} + \text{२र} + \text{२ल} = \text{२६}$$

(२) $$\text{२य} - \text{३र} + \text{४ल} = \text{०}$$

∴ अन्तर से, ५र − २ल = २६, यह वही समीकरण है जो पहिले दो बार उत्पन्न हुआ है।

इसी भांति (२) और (३) इन से य को उड़ा के

यह समीकरण उत्पन्न होता है, १७र − २२ल = ५८
और ऊपर का उत्पन्न समीकरण ५र − २ल = २६

$$\left.\begin{array}{l}\text{१७र} - \text{२२ल} = \text{५८}\\ \text{५र} - \text{२ल} = \text{२६}\end{array}\right\}$$

इन दोनों से उक्त विधि कर के समक्रिया से,

र = ६ और ल = २ फिर उत्थापन से य = ५

अथवा

(१) से $$\text{य} = \text{१३} - \text{र} - \text{ल} \qquad (३)$$

(३) का (२) में उत्थापन कर के सर्वागणित करने से

$$\text{५र} - \text{२ल} = \text{२६} \quad \therefore \quad \text{र} = \frac{\text{२ल} + \text{२६}}{\text{५}} \qquad (४)$$

(४) का (३) में उत्थापन करने से $\text{य} = \text{१३} - \frac{\text{२ल} + \text{२६}}{\text{५}} - \text{ल}$

$$= \frac{\text{६५} - \text{२ल} - \text{२६} - \text{५ल}}{\text{५}} = \frac{\text{३९} - \text{७ल}}{\text{५}} \qquad (५)$$

∴ (४) और (५) इन उन्मितिओं से (३) में उत्थापन करने से

$$\text{३}\left(\frac{\text{३९} - \text{७ल}}{\text{५}}\right) + \text{४}\left(\frac{\text{२ल} + \text{२६}}{\text{५}}\right) - \text{५ल} = \text{२}$$

वा, $\text{११७} - \text{२१ल} + \text{८ल} + \text{१०४} - \text{२५ल} = \text{१४५}$

$$\therefore \quad \text{३८ल} = \text{७६ और ल} = \text{२}$$

फिर $\text{य} = \frac{\text{३९} - \text{७ल}}{\text{५}} = \frac{\text{३९} - \text{१४}}{\text{५}} = \frac{\text{२५}}{\text{५}} = \text{५},$

और $\text{र} = \frac{\text{२ल} + \text{२६}}{\text{५}} = \frac{\text{४} + \text{२६}}{\text{५}} = \frac{\text{३०}}{\text{५}} = \text{६}$ ।

इस भांति इस उदाहरण में य = ५, र = ६ और ल = २।

उदा० (२) य + २र − ३ल = १०, ४य + $\frac{1}{3}$ र = २९ और ७र − ५ल = १६ इस में य, र और ल इन का अलग२ मान क्या है?

यहां (३) रे से र = $\frac{\text{५ल} + \text{१६}}{\text{७}}$, और (२) रे से य = $\frac{\text{८७} - \text{र}}{\text{१२}}$

तब र के स्थान में उस की उन्मिति को रखने से = $\dfrac{\text{८७} - \frac{\text{५ल} + \text{१६}}{\text{७}}}{\text{१२}}$

$$= \frac{\text{६०९} - \text{५ल} - \text{१६}}{\text{८४}} = \frac{\text{५९३} - \text{५ल}}{\text{८४}}$$

अब य और र इन की उन्मितिओं का (१) में उत्थापन करने से

$$\frac{\text{५९३} - \text{५ल}}{\text{८४}} + \text{२}\left(\frac{\text{५ल} + \text{१६}}{\text{७}}\right) - \text{३ल} = \text{१०}$$

छेदगम से, ५९३ − ५ल + १२० ल + ३८४ − २५२ ल = ८४०

पक्षान्तरनयन से, १३७ ल = १३७ ∴ ल = १

उत्थापन से य = ७ और = ३

इस प्रकार से इस में य = ७, र = ३ और ल = १।

उदा० (३) य + र = १७, य + ल = १२ और र + ल = ९ इस में य, र और ल इन के मान क्या हैं?

(१) से य = १७ − र, (२) से य = १२ − ल,

∴ १७ − र = १२ − ल और ल = र − ५,

ल की उन्मिति का (३) रे में उत्थापन करने से र + र − ५ = ९,

∴ २र = १४ और र = ७ तब उत्थापन से य = १० और ल = २।

अथवा इस भांति के उदाहरण में पहिले तीनों समीकरणों का योग कर के उस में २ का अपवर्त करो तब उस में एक एक समीकरण घटादेने से तीनों अव्यक्तों के मान तुरंत ज्ञात होंगे ।

जैसा । यहां (१), (२), और (३) इन का योग करने से.

$$२य + २र + २ल = ३८$$

२ का भाग देने से, $य + र + ल = १९$

इस को तीन स्थानों में रख के क्रम से तीनों समीकरणों को घटा देने से,

$$\begin{array}{lll} य + र + ल = १९, & य + र + ल = १९, & य + र + ल = १९ \\ \underline{य + र \quad = १७,} & \underline{य \quad + ल = १२,} & \underline{र + ल = \ \ ९} \\ ल = २ & र = ७ & य = १० \end{array}$$

उदा० (४) $\frac{१}{य} + \frac{१}{र} = \frac{१}{१०}$, $\frac{१}{य} + \frac{१}{ल} = \frac{१}{१५}$ और $\frac{१}{र} + \frac{१}{ल} = \frac{१}{१८}$ इस में य, र और ल इन का मान क्या है ?

यहां तीनों समीकरणों का योग करने से, $\frac{२}{य} + \frac{२}{र} + \frac{२}{ल} = \frac{२}{९}$

वा, $\frac{१}{य} + \frac{१}{र} + \frac{१}{ल} = \frac{१}{९}$ इस में प्रत्येक समीकरण को

घटादेने से, $\frac{१}{ल} = \frac{१}{९} - \frac{१}{१०} = \frac{१० - ९}{९०} = \frac{१}{९०}$ $\therefore$ $ल = ९०$

$\frac{१}{र} = \frac{१}{९} - \frac{१}{१५} = \frac{५ - ३}{४५} = \frac{२}{४५}$ $\therefore र = \frac{४५}{२} = २२\frac{१}{२}$,

और $\frac{१}{य} = \frac{१}{९} - \frac{१}{१८} = \frac{२ - १}{१८} = \frac{१}{१८}$ $\therefore य = १८$ ।

उदा० (५) $\frac{यर}{य + र} = \frac{१}{२}$, $\frac{यल}{य + ल} = \frac{१}{३}$ और $\frac{रल}{र + व} = \frac{१}{४}$, इस में य, र और ल इन का मान क्या है ?

(१) से $\frac{य + र}{यर} = २$, वा, $\frac{१}{य} + \frac{१}{र} = २$

(२) से $\frac{१}{य} + \frac{१}{ल} = ३$

(३) से $$\frac{१}{र} + \frac{१}{ल} = ४$$

तब चौथे उदाहरण के ऐसी समक्रिया करने से

$$य = २, र = \frac{२}{३} \text{ और } ल = \frac{२}{५} ।$$

अभ्यास के लिये और उदाहरण ।

(१) $२य + ३र + ४ल = २५, ३य + ४र + ५ल = ३४$ और $४य + ५र + ७ल = ४५$, इस में $य = ४, र = ३$ और $ल = २$

(२) $य + २र - ४ल = ७, २य + र + ९ल = ५०$ और $३य - ५र + ल = ५$, इस में $य = ९, र = ५$ और $ल = ३$ ।

(३) $य + \frac{१}{२}र + \frac{१}{३}ल = २००, य + \frac{१}{४}र + \frac{१}{५}ल = १५९$ और $य + \frac{१}{६}र + \frac{१}{७}ल = १४४$, इस में $य = १११, र = १०८$ और $ल = १०५$ ।

(४) $य + र + ल = २०, ३य + र = २३$ और $५र - २ल = २६$
इस में $य = ५, र = ८$ और $ल = ७$ ।

(५) $य + र = ८, य + ल = १०$ और $र + ल = १२$
इस में $य = ३, र = ५$ और $ल = ७$ ।

(६) $\frac{१}{२}य + \frac{१}{३}र = ८, \frac{१}{२}य + \frac{१}{४}ल = ५$ और $\frac{१}{३}र + \frac{१}{४}ल = ३$
इस में $य = ८, र = ६$ और $ल = ४$ ।

(७) $\frac{१}{य} + \frac{२}{र} + \frac{३}{ल} = \frac{५}{३}, \frac{२}{य} + \frac{३}{र} - \frac{४}{ल} = \frac{४}{३}$ और $\frac{३}{य} - \frac{४}{र} + \frac{५}{ल} = १$, इस में $य = २, र = ३$ और $ल = ६$ ।

(८) $\frac{१}{य} + \frac{१}{र} = \frac{१}{३६}, \frac{१}{य} + \frac{१}{ल} = \frac{१}{४५}$ और $\frac{१}{र} + \frac{१}{ल} = \frac{१}{६०}$
इस में $य = ६०, र = ९०$ और $ल = १८०$ ।

(९) $\frac{यर}{य + र} = १५, \frac{यल}{य + ल} = २४$ और $\frac{रल}{र + ल} = ४०$
इस में $य = २४, र = ४०$ और $ल = \infty$ ।

(१०) $य - र + ल = १$, $(अ + क)\,य - (अ + ग)\,र + (क + ग)\,ल = २$ और $अकय - अगर + कगल = ३$, इस में

$$य = \frac{ग^{२} - २ग + ३}{(अ - ग)(क - ग)},\; र = \frac{क^{२} - २क + ३}{(अ - क)(क - ग)} \text{ और } ल = \frac{अ^{२} - २अ + ३}{(अ - क)(अ - ग)} ।$$

(११) $य - अर + अ^{२}ल = अ^{३}$, $य - कर + क^{२}ल = क^{३}$ और $य - गर + ग^{२}ल = ग^{३}$, इस में $य = अकग$, $र = अक + अग + कग$ और $ल = अ + क + ग$ ।

(१२) $\frac{यर}{य + र} = \frac{१}{अ}$, $\frac{यल}{य + ल} = \frac{१}{क}$ और $\frac{रल}{र + ल} = \frac{१}{ग}$, इस में

$$य = \frac{२}{अ + क - ग},\; र = \frac{२}{अ + ग - क} \text{ और } ल = \frac{२}{क + ग - अ} ।$$

(१३) $\frac{१}{य} + \frac{१}{र} = \frac{१}{अ}$, $\frac{१}{य} + \frac{१}{ल} = \frac{१}{क}$ और $\frac{१}{र} + \frac{१}{ल} = \frac{१}{ग}$, इस में $य = \frac{२अकग}{अग + कग - अक}$, $र = \frac{२अकग}{अक + कग - अग}$, और

$$ल = \frac{२अकग}{अक + अग - कग} ।$$

(१४) $य + र + ल = ९$, $य + र + व = ६$, $य + ल + व =$ और $र + ल + व = ८$, इस में $य = २$, $र = ३$, $ल = ४$ और $व = १$ ।

बीजगणितसंबन्धि प्रश्न जिन से एकघात समीकरण उत्पन्न होते हैं ।

९२ । जिस प्रश्न का उत्तर जानना हो उस का सब अर्थ पहिले अच्छी भांति मन में ले आओ और तब ऐसा सोचो कि इस में जो अव्यक्त अर्थात् अज्ञात संख्या है वह जो ज्ञात होवे तो किस प्रकार से उस संख्या की प्रतीति करेंगे? अर्थात् वह संख्या उस अव्यक्त राशि का मान ठीक है वा नहीं यह किस प्रकार से जानेंगे? तब जिस प्रश्न का प्रतीति देखने का प्रकार अच्छी भांति मन में आवेगा उस प्रश्न का उत्तर बीजगणित से ज्ञात होगा । सो इस प्रकार से ।

प्रश्न में जो अव्यक्त राशि होगा उस का मान य माना और उसी को अव्यक्त राशि की ज्ञात संख्या समझ के उस की प्रतीति करने के प्रकार से उस संख्या में प्रश्न की बोली के अनुसार सब गणित करो तो अन्त में ऐसे दो पक्ष ठहरेंगे कि जिन में परस्पर कोई नियत संबन्ध हो । जो उन में परस्पर समत्व संबन्ध हो अर्थात् उन दोनों पक्षों के मान परस्पर समान हों तो उन को = इस चिह्न की दोनों ओर में लिख देने से एक समीकरण उत्पन्न होगा । और जो उन दो पक्षों में कोई और संबन्ध हो तो उन में किसी एक पक्ष में ऐसा संस्कार करो कि जिस से दोनों पक्षों के मान तुल्य होवें । तब उन से उक्त प्रकार से एक समीकरण होगा । उस की समक्रिया से य का मान ज्ञात होगा वही प्रश्न के अव्यक्त राशि का मान होगा उस से प्रश्न का उत्तर सब स्पष्ट होगा ।

जो प्रश्न में अनेक अव्यक्त राशि हों तो उन के मान अलग २ य,र,ल इत्यादि मान के उन से उक्त प्रकार के अनुसार अलग २ दो २ समान पक्ष सिद्ध करो तो जितने अव्यक्त राशि होंगे उतने समीकरण उत्पन्न होंगे । तब अनेकवर्ण समीकरण की समक्रिया से य,र,ल इत्यादि अव्यक्तों के मान ज्ञात होंगे उन से प्रश्न का उत्तर स्पष्ट होगा ।

अथवा जब प्रश्न में अनेक अव्यक्त राशि हैं तब उन में जो एक अव्यक्त का मान ज्ञात होने से और सब अव्यक्तों के मान ज्ञात होते हों तो कभी २ यों करते हैं कि उसी अव्यक्त का मान य मान के उस से और अव्यक्तों के मान ठहरा के दो पक्ष सिद्ध करते हैं उन से एक हि समीकरण उत्पन्न होता है । तब समक्रिया से य का मान जान के उत्थापन से और अव्यक्तों के मान जान लेते हैं । यह सब क्रिया आगे जो उदाहरण लिखेंगे उन से स्पष्ट होगी ।

प्रश्न १ । जिस संख्या को दूनी कर के उस में उसी संख्या का आधा जोड़ दो तो योग १५ होता है वह संख्या क्या है?

यहां य = अव्यक्त संख्या, तब प्रश्न की बोली से २ य + $\frac{१}{२}$ य, और १५ ये दोनों पक्ष परस्पर तुल्य हैं ।

∴ २ य + $\frac{१}{२}$ य = १५ यह समीकरण होता है । तब

छेदगम से, ४ य + य = ३०, वा, ५ य = ३०,

∴ य = ६ यह संख्या । यही उत्तर है ।

क्योंकि २ × ६ + $\frac{६}{२}$ = १२ + ३ = १५ ।

प्रश्न २ । जिस संख्या को तिगुनी कर के उस में १७ घटा देओ तो शेष में उस संख्या से ५ अधिक रहता है वह संख्या क्या है?

यहां य = अव्यक्त संख्या,

तो प्रश्न की बोली के अनुसार ३ य − १७ और य + ५ ये दो पक्ष सिद्ध होते हैं । और ये दोनो परस्पर समान हैं ।

∴ ३ य − १७ = य + ५,

तब पक्षान्तरनयन से २ य = २२ ∴ य = ११

अर्थात् वह संख्या ११ है । यह उत्तर ।

प्रश्न ३ । २१ इस संख्या के ऐसे दो भाग करो कि पहिले का चतुर्थांश और दूसरे का पञ्चमांश मिलके ५ होवें तो वे भाग कौन से हैं?

यहां य = पहिला भाग, और र = दूसरा भाग तब प्रश्न की बोली से, य + र = २१ और $\frac{१}{४}$ य + $\frac{१}{५}$ र = ५

(१) से य = २१ − र इस उन्मिति का

(२) में उत्थापन करने से, $\frac{१}{४}$ (२१ − र) + $\frac{१}{५}$ र = ५,

छेदगम से, १०५ − ५ र + ४ र = १००

∴ र = ५, यह दूसरा भाग है और य = २१ − र = २१ − ५ = १६ वह पहिला भाग है ।

अथवा यहां एक भाग को जानने से दूसरा भाग तुरंत जान सकते हैं इस लिये यहां जो य = पहिला भाग माना तो स्पष्ट है कि

२१ − य = दूसरा भाग होगा ∴ प्रश्न की बोली से, $\frac{य}{४} + \frac{२१ - य}{५} = ५$,

छेदगम से, ५ य + ८४ − ४ य = १००

∴ य = १६ यह पहिला भाग है,

और दूसरा भाग = २१ − य = २१ − १६ = ५ ।

इस प्रकार से यहां २१ इस संख्या के १६ और ५ ये दो भाग हैं । यह उत्तर ।

प्रश्न ४ । दो नगरों में १४० कोसों का बीच था उन दो नगरों से अ और क ये दो मनुष्य परस्पर मिलने के लिये एक हि काल में चले; उस में अ मनुष्य प्रति दिन ११ कोस चलता था और क ९ कोस चलता था । तब नगर से चलने के पीछे कितने दिन पर उन दोनो की मार्ग में भेट हुई?

यहां मानों कि चलने के पीछे य दिन पर उन की मार्ग में भेट हुई, तब ११ य = अ के चलने के को कोस और ९ य = क के चलने के कोस ।

∴ ११ य + ९ य = १४०,

वा २० य = १४० और य = ७ ।

अपने २ गांव से चलने के पीछे ७ दिन पर अ और क इन की परस्पर भेट हुई । यह उत्तर ।

प्रश्न ५ । अ, क, ग इन तीन मनुष्यों को साझे के व्यापार में एकट्ठे ५४० रुपये मिले, उस में अ, से क, के १५३ रुपये अधिक थे और क, से ग के १२६ रुपये न्यून थे तो उस में हर एक के कितने २ रुपये थे?

यहां य = अ, के रुपये, र = क, के रुपये और ल = ग, के रुपये । तो प्रश्न की बोली से, य + र + ल = ५४०, य = र − १५३ और र = ल + १२६ ये तीन समीकरण होते हैं । तब

(३) रे में र की उन्मिति से (२) रे में उत्थापन करने से

य = ल + १२६ − १५३ = ल − २७,

अब य और र इन के उन्मितिओं से (१) में उत्थापन करने से

ल − २७ + ल + १२६ + ल = ५४०,

∴ ३ ल = ४४१ और ल = १४७ यह ग, का द्रव्य है ।

तब उत्थापन से, य = १२० यह अ, का धन, और र = २७३ यह क, का धन है ।

अथवा

मानो कि य = अ, का धन तो य + १५३ = क, का धन

और य + १५३ − १२६ = य + २७ = ग का धन,

∴ य + य + १५३ + य + २७ = ५४०,

वा, ३ य = ३६० ∴ य = १२० यह अ, का धन है । तब उत्थापन से, य + १५३ = १२० + १५३ = २७३ यह क, का धन

और य + २७ = १४७ यह ग, का धन है । यह उत्तर ।

प्रश्न ६ । जिस भिन्न संख्या के अंश में २ जोड़ देने से उस का मान $\frac{१}{२}$ और छेद में ३ मिला देने से उस का मान $\frac{१}{३}$ होता है वह भिन्न संख्या क्या है?

यहां मानो कि य = अव्यक्त भिन्न संख्या का अंश और र = छेद है तो $\frac{य}{र}$ = अव्यक्त भिन्न संख्या होगी ।

∴ प्रश्न की बोली से, $\frac{य+२}{र} = \frac{१}{२}$ और $\frac{य}{र+३} = \frac{१}{३}$ ।

(१) से, र = २ य + ४, और (२) से र = ३ य − ३

∴ २ य + ४ = ३ य − ३, ∴ य = ७ यह अंश है और उत्थापन से र = २ य + ४ = १८ यह छेद है ∴ $\frac{७}{१८}$ यह अभीष्ट भिन्न संख्या है । यह उत्तर ।

प्रश्न ७। दो अङ्कों की एक संख्या है उस में जो उन दो अङ्कों के योग का भाग देओ तो भजन फल ७ आता है और जो उस संख्या में १८ घटा देओ तो शेष में उन्हीं अङ्कों की स्थिति पलट के रहती है वह संख्या कौन है ?

मानो $य =$ उस संख्या का दशस्थानीय अङ्क

$र =$ एकस्थानीय अङ्क

तो $१० य + र =$ संख्या

$\therefore \quad \frac{१० य + र}{य + र} = ७$ और सवर्णन से, $य = २ र$,

और $१० य + र - १८ = १० र + य$

$\therefore \quad ९ य = ९ र + १८$, वा, $य = र + २$

$\therefore$ $र = २$ और $य = ४$ $\therefore$ ४२ यह संख्या है। यह उत्तर।

प्रश्न ८। अ और क दो मित्र थे उन में अ, ने क, से कहा कि जो तुम हम को १६ रुपये देओ तो हमारे पास तुम से तिगुने रुपये हो जाएंगे, तब क, ने अ, से कहा कि जो तुम हम को १७ रुपये देओ तो हमारे पास तुमसे चौगुने रुपये होंगे। तब अ और क इन के पास कितने २ रुपये थे सो कहो।

यहां $य =$ अ, के रुपये, और $र =$ क, के रुपये

तब प्रश्न की बोली से, $य + १६ = ३ (र - १६)$

और $४ (य - १७) = र + १७$

$\therefore$ समक्रिया से, $य = २९$ और $र = ३१$।

$\therefore$ अ, के पास २९ रुपये थे और क, के पास ३१ थे यह उत्तर।

इस में १६ और १७ ये क्रम से अ और क इन के दान कहलावें और ३ और ४ ये गुण कहलावें।

अब जो अ, का दान प और गुण फ और क, का दान ब और गुण भ हो तो प्रश्न की बोली से इस भांति के दो समीकरण उत्पन्न

होंगे, $य + प = फ (र - प)$ और $भ (य - ब) = र + ब$, अत समक्रिया से, $य = ब + \frac{(प + ब)(फ + १)}{फभ - १}$ और $र = प + \frac{(प + ब)(भ + १)}{फभ - १}$ ।

ये य और र के मान प, फ, ब और भ इन पदों में लब्ध हुए हैं । इस लिये इस भांति के प्रश्न में प, फ, ब और भ इन के संख्यात्मक मानों से य और र के मानों में उत्थापन करने से य और र के संख्यात्मक मान तुरंत ज्ञात होंगे ।

जैसा ऊपर के प्रश्न में प = १६, फ = ३, ब = १७ और भ = ४

$\therefore\ य = ब + \frac{(प + ब)(फ + १)}{फभ - १} = १७ + \frac{३३ \times ३}{११} = १७ + १२ = २९,$

और, $र = प + \frac{(प + ब)(भ + १)}{फभ - १} = १६ + \frac{३३ \times ५}{११} = १६ + १५ = ३१$ ।

यों य, और र के अक्षरात्मक मानों से इस प्रकार के प्रश्न का उत्तर लाघव से जानने के लिये मैंने एक सूत्र बनाया है ।

दानैक्ये सैकेष्व स्वस्वगुणैनाहते विरैकेण ।
गुणघातेन हृते स्वे स्यातामन्योन्यदानसंयुक्ते ।

इस का अर्थ । दानों का योग दो स्थान में रखो उस को क्रम से एक से अधिक अपने २ गुण से गुण देओ और उन में गुणों के गुणनफल में एक घटा के शेष का भाग देओ फिर लब्धिओं में परस्पर के दान जोड़ देओ । वे योग क्रम से उन पुरुषों के धन होंगे ।

प्रश्न ९ । जो काम अ मनुष्य प दिन में करता है वही काम क मनुष्य फ दिन में करता है तो अ और क ये दोनों मिल के साथ वही काम कितने दिन में करेंगे कहो ?

यहां मानो कि अ और क मिल के साथ य दिन में वह काम करेंगे और १ यह उस एक काम का द्योतक है, तो

$\frac{य}{प}$ = य दिन में अ, के काम का विभाग, और

$\frac{य}{फ}$ = य दिन में क, के काम का विभाग

$\therefore\ \frac{य}{प} + \frac{य}{फ} = १$ ∴ समक्रिया से, $य = \frac{पफ}{प + फ}$

प्रश्न १० । जो काम अ और क मिल के २१ दिन में करते हैं वही काम अ और ग मिल के ३० दिन में करते हैं और क और ग मिल के ७० दिन में करते हैं तो हर एक मनुष्य कितने दिन में वह काम करेगा ?

यहां मानो कि वह काम अ मनुष्य य दिन में करता है और क मनुष्य र दिन में और ग मनुष्य ल दिन में करता है तो ९ वे प्रश्न के अव्यक्त के मान के आश्रय से और इस प्रश्न की बोली से ये तीन समीकरण उत्पन्न होंगे

$$\frac{\text{यर}}{\text{य}+\text{र}}=२१,\ \frac{\text{यल}}{\text{य}+\text{ल}}=३०\ \text{और}\ \frac{\text{रल}}{\text{र}+\text{ल}}=७०$$

तब समक्रिया से, य $=$ ३०, र $=$ ७० और ल $= \frac{१}{०} = \infty$ ।

$\therefore$ वह काम अ मनुष्य ३० दिन में, क मनुष्य ७० दिन में करेगा और ग मनुष्य अनन्त दिन में अर्थात् वह कुछ काम नहीं करता था ।

अभ्यास के लिये और प्रश्न ।

(१) वह संख्या क्या है कि जिस को दूनी कर के उस में ३ मिला देओ तो योग उस संख्या के तृतीयांश से २८ अधिक होता है ?

उत्तर, १५ ।

(२) वह संख्या कौन सी है कि जिस का $\frac{१}{३}$, $\frac{१}{४}$ और $\frac{१}{५}$ इन का योग उस के $\frac{१}{२}$ से १७ अधिक होता है ?

उत्तर, ६० ।

(३) १७ इस संख्या के वे दो भाग कौन से हैं कि जिन में एक दूसरे से ५ अधिक होवे ?

उत्तर, ११ और ६ ।

(४) एक संख्या ऐसी है कि जो उस में ७ घटा के शेष को ७ से गुण देओ और उसी संख्या में ३ घटा के शेष को ३ से गुण देओ तो वे दोनों गुणनफल परस्पर तुल्य होते हैं, वह संख्या क्या है ?

उत्तर, १० ।

(५) जिन दो संख्याओं का अन्तर दो है उन दोनों में जो १ जोड़ देओ तो पहिले योग से दूसरा योग दूना होता है। वे दो संख्या क्या हैं?

उत्तर, १ और ३।

(६) अ और क ये दो मनुष्य जुआ खेलने बैठे। उस समय अ, के पास ७६३ रुपये और क, के पास ५९६ रुपये थे। फिर उन की परस्पर बहुत बेर हार जीत हुई। अन्त को जब वहां से उठे तब क, के पास अ, से दूने रुपये हुए। तो अ, से क कितने रुपये जीता?

उत्तर, ३१०।

(७) दो लड़कों में बड़ा लड़का छोटे से वय में दो बरस बड़ा था परंतु ५ बरस पहिले वय में दूना था। तब उन दो लड़कों का वय कितना २ था?

उत्तर, बड़े लड़के का वय ९ बरस छोटे का वय ७ बरस।

(८) किसी मनुष्यने कुछ कबूतर और तोते मिल के २० पक्षी ११ रुपये पर मोल लिये उस में हर एक कबूतर का मोल ९ आने और हर एक तोते का मोल ७ आने था तब उन पक्षिओं में कितने कबूतर और कितने तोते थे?

उत्तर, १८ कबूतर और २ तोते।

(९) एक सरोवर के मध्य में एक खम्भा खड़ा था। उस का $\frac{1}{5}$ भूमि में गड़ा था, $\frac{1}{6}$ कीच में था और $\frac{1}{4}$ जल में था और जल के ऊपर ११ $\frac{1}{2}$ अर्थात् साढ़े ग्यारह हाथ दिखाई देता था। तो वह सब खम्भा कितने हाथ लम्बा था?

उत्तर, ३० हाथ।

(१०) एक माता का वय उसकी लड़की के वय से चौगुना था

परन्तु ५ बरस पहिले नौगुना था । तो माता का और लड़की का वय कितना २ था?

उत्तर, माता का वय ३२ बरस और लड़की का ८ बरस ।

(११) एक मनुष्य के पास दो घोड़े और सौ रुपयों का एक जीन था जब वह मनुष्य पहिले घोड़े पर जीन रखता था तब उस जीनसमेत घोड़े का मोल दूसरे केवल घोड़े के मोल से दूना होता था और जब वह जीन दूसरे घोड़े पर रखता था तब उस जीन समेत घोड़े का मोल पहिले केवल घोड़े के मोल से तिगुना होता था तो हर एक घोड़े का मोल क्या था सो कहो?

उत्तर, पहिले घोड़े का मोल ६० रुपये और दूसरे का ८० रुपये ।

(१२) एक मनुष्य को ऋ और क दो पुत्र थे । उस ने अपने मरण समय में उस के पास जितना धन था उतना दोनों पुत्रों को समान बांट दिया । पीछे ऋ ने एक बरस में ५४० रुपये चोर मिला के अपने विभाग में डाल दिये और क ने अपने विभाग हि में से एक बरस में ३२५ रुपये उड़ा दिये । तब क के पास जितना धन बचा उस से ऋ के पास दूना धन हो गया । तो उस मनुष्य के मरण समय में उस के पास कितना धन था?

उत्तर, २३८० रुपये ।

(१३) एक धनिक ने पुरुष को ८ पैसे स्त्री को ५ और लड़के को १ इस क्रम से कितने एक दरिद्रों को १०० पैसे बांट दिये । उन में पुरुषों से आधी स्त्री थीं और दूने लड़के थे । तब उस में पुरुष, स्त्री और लड़के कितने २ थे?

उत्तर, ८ पुरुष, ४ स्त्री और १६ लड़के ।

(१४) एक लड़के ने अपने बाप से पूछा कि बाबू जी मेरा वय क्या है तब बाप ने कहा कि बेटा अभि तेरा वय मेरी वय की तिहाई से

३ बरस अधिक है परन्तु दो बरस पहिले तेरा वय मेरी वय की चौथाई से चार बरस अधिक था । तब उस समय बाप का वय क्या था और लड़के का क्या था?

उत्तर, बाप का वय ३० बरस और लड़के का १३ बरस ।

(१५) एक मनुष्य काशी से प्रयाग की ओर चला वह एक घड़ी में एक कोस चलता था फिर ४० पल पीछे उस का बड़ा भाई अपने छोटे भाई को फेर लाने के लिये उसी मार्ग पर चला वह एक घड़ी में $१\frac{१}{४}$ कोस चलता था । तब वह बड़ा भाई अपने छोटे भाई को काशी से कितनी दूर पर मिला?

उत्तर, $३\frac{१}{३}$ कोस पर ।

(१६) एक मनुष्य ने ८ लड़कों को एक रुपया के ६४ पैसे इस क्रम से बांट दिये कि पहिले को जितने पैसे दिये उससे दूसरे को एक अधिक दिया उस से तीसरे को एक अधिक इत्या० तो हर एक लड़के को कितने २ पैसे दिये सो बताओ ।

उत्तर, पहिले को $४\frac{१}{२}$, दूसरे को $५\frac{१}{२}$ इत्यादि

(१७) घड़ी में तीन बजने के उपरान्त कितने मिनिट पर मिनिट की सूई घण्टे की सूई पर ठीक लम्बरूप होती है?

उत्तर, तीन बज के $३२\frac{८}{११}$ मिनिट पर ।

(१८) जब घड़ी में चार बजने के उपरान्त दोनो सूई भिन्न दिशा में एक रेखा में होती है तब ठीक समय क्या होगा?

उत्तर, ४ घण्टे और $५४\frac{६}{११}$ मिनिट ।

(१९) जिन संख्याओं का योग १७ और जिन के वर्गों का अन्तर ५१ है वे दो संख्या क्या हैं?

उत्तर, १० और ७ ।

(२०) एक उपवन में आम, इमली और कैथ के पेड़ मिल के १००० थे उस में आम के पेड़ों से इमली के पेड़ ७५ न्यून थे और इमली के पेड़ों से कैथ के पेड़ २०० न्यून थे। तो कहो उस में आम, इमली और कैथ के कितने २ पेड़ थे?

उत्तर, आम के पेड़ ४५०, इमली के ३७५, और कैथ के १७५।

(२१) अ, के पास ३ रत्न थे उस को १०० रुपये ऋण था और क, के पास २ रत्न थे उस को १ रुपया ऋण था। उन दोनों ने एक मोल से सब रत्न बेंच के अपना २ ऋण दे डाला। तब दोनों के पास समान हि द्रव्य बचा तो हर एक रत्न का मोल क्या था?

उत्तर, ९९ रुपये।

(२२) एक गांव से अ, मनुष्य प्रवास करने निकला वह एक घण्टे में ३ $\frac{1}{2}$ कोस चलता था फिर उस के ५ घण्टे पीछे उसी गांव से क, मनुष्य उसी मार्ग में चला वह हर घण्टे में ४ चार कोस चलता था तब उस गांव से कितने कोस पर उनकी भेंट भई सो कहो?

उत्तर, १४० कोस पर।

(२३) जिन दो नगरों का अन्तर १०० कोस है उन दो नगरों से अ और क ये दो मनुष्य परस्पर मिलने के लिये एक काल में चले सो १० घण्टे में मिले तब जाना गया कि अ, से क, हर घण्टे में २ दो कोस अधिक चला। तब अ और क हर घण्टे में कितना २ चलते थे?

उत्तर, अ, ४ कोस और क, ६ कोस।

(२३) अ ने क से पूछा कि तुम घड़ी के पास बैठे हो कहो क्या बजा है क ने कहा दस बज गया है। तब अ ने कहा कि ठीक समय कहो तब क ने कहा कि घण्टा में ऊपर जो १२ का चिह्न है उस से पीछे जितने अन्तर पर घण्टे की सूई है उतने हि अन्तर पर उस चिह्न के आगे मि-

निट की सूई है इस से ठीक समय जान लेओ। तो बताओ-तब ठीक समय क्या था?

उत्तर, दस से ऊपर ९ $\frac{३}{१३}$ मिनिट ।

(२५) घड़ी में जब ५ बजने के पीछे दोनो सूई एक में मिल जाती हैं तब ठीक समय क्या होगा?

उत्तर, ५ घण्टे २७ $\frac{३}{११}$ मिनिट ।

(२६) किसी मनुष्य ने पैसे के ३ इस भाव से कुछ सीताफल मोल लेके उतने हि सीताफल पैसे के ४ इस भाव से और मोल लिये फिर सब वे फल २ पैसे के ७ इस भाव से बेंच डाले तब एक पैसा घाटा हुआ तो उस ने कितने २ सीताफल मोल लिये?

उत्तर, ८४ ।

(२७) एक महाजन नें २५ दिन के लिये एक नौकर रखा उस से यह ठहराया था कि जिस दिन वह अच्छा काम करे उस दिन ५ आने पावे और जिस दिन वह अच्छा काम न करे वा खेले उस दिन उस से उलटा दो आने दण्ड लिया जावे। अन्त को जब २५ दिन पूरे हुए तब उस महाजन ने उस को तीन रुपये दिये। तब कहो उस ने कितने दिन अच्छा काम किया?

उत्तर, १४ दिन ।

(२८) अ और क ये दो मनुष्य पशुओं का व्यापार करते थे उन में अ के पास ६ घोड़े, ९ खच्चर और ८ बैल थे और क के पास ५ घोड़े, १० खच्चर और १२ बैल थे। इन में एक बैल के मोल से एक खच्चर का मोल दूना था और एक घोड़े का मोल तिगुना था। उन दोनों मनुष्यों ने अपने २ सब पशु बेंच डाले तब उस में अ से क को ५७ रुपये अधिक मिले। तो उन तीन जात के पशुओं में हर एक पशु का मोल क्या था?

उत्तर, एक घोड़े का मोल ५७ रुपये, खच्चर का ३८ रुपये और बैल का १९ रुपये ।

(२९) एक स्त्री कुछ फल लेके हाट में बेचने गई । वहां उसने पैसे के सात २ फल बेंचे तब दो फल शेष बचे । फिर दूसरे दिन वह स्त्री उतने हि फल लेके बेचने गई । उस दिन उसने पैसे के नौ २ फल बेंचे तब एक फल बचा । यों उस को दो दिन के पैसे मिलके २५ मिले । तो वह दोनों दिन कितने २ फल लेके बेंचने गई सो कहो ।

उत्तर, १०० फल ।

(३०) एक भिन्न संख्या का मान $\frac{१}{२}$ है उसके अंश में जो एक घटा देओ तो उसका मान $\frac{१}{३}$ होगा तो वह भिन्न संख्या क्या है?

उत्तर, $\frac{३}{६}$ ।

(३१) एक मनुष्य ने किसी सराफ से १३ रुपये की कुछ अठन्नी और चवन्नी मिलके ३८ लिईं । तब कहो उसमें कितनी अठन्नी और कितनी चवन्नी थीं?

उत्तर, १४ अठन्नी और २४ चवन्नी ।

(३२ एक माली अपने बगीचे में से एक खंचिया भर आम ले के हाट में बेंचने गया । वहां उस ने पैसे के सात २ आम बेंचे तब खंचिया में ५ आम शेष बचे । फिर उस ने दूसरे दिन भी उतने हि आम पैसे के छ २ बेंचे तो ४ शेष रहे । यों तीसरे दिन उतने हि आम पैसे के पांच २ बेंचे तो ३ आम शेष रहे और चौथे दिन उतने हि आम पैसे के चार २ बेंचे तो खंचिया में दो आम शेष बचे । यों चारों दिन के बेंचने में उस माली को सब ३१५ पैसे मिले । तो वह माली नित्य कितने आम बेंचने के लिये ले जाता था?

उत्तर, ४१८ आम ।

(३३) एक मनुष्य के पास ३६५०० रुपये धन था और उसको पुत्र और कन्या मिलके १० अपत्य थे । उसने अपने अन्त समय में अपने हर एक पुत्र को ५००० रुपये और हर एक कन्या को ५०० रुपये यों सब धन बांट के मर गया । तब उसको कितने पुत्र और कितनी कन्या थीं ।

उत्तर, ७ पुत्र और ३ कन्या ।

(३४) एक तंबोली की दूकान में एक पैसे के १०० पान, एक पैसे की २५ सुपारी और एक हि पैसे की ५ लायची मोल मिलती थीं । एक मनुष्य ने एक पैसा उस तंबोली को देके कहा मुझ को इस में जितने पान उतनी हि सुपारी और उतनी हि लायची देओ । तब वह तंबोली इस बात को सुनतेहि कुछ चकित सा होगया । तो बताओ कि पान, सुपारी, और लायची इनकी समान संख्या क्या होगी?

उत्तर, ४ ।

(३५) वे पास की दो संख्या कौन हैं कि जिन के वर्गों का अन्तर ७७ होता है?

उत्तर, ३८ और ३९ ।

(३६) अ और क इन दो मनुष्यों को रुपयों की एक थैली मिली । उस में अ ने १० रुपये और शेष का चतुर्थांश लिया । तब जो उस थैली में शेष रहा उस में से क ने २० रुपये लिये और जो शेष बचा उस का चतुर्थांश लिया । तब थैली में ३० रुपये शेष रहे । तो पहिले उस थैली में कितने रुपये थे और अ और क ने कितने२ रुपये लिये?

उत्तर' थैली में ९० रुपये थे और हर एक ने ३० रुपये लिये ।

(३७) एक गंडेरिया के पास कुछ भेड़ी थीं । एक चोर उन भेड़ियों में से एक भेड़ी और शेष भेड़ियों का तीसरा भाग इतनी भेड़ी ले गया । तब जो उस गंडेरिया के पास भेड़ी बची उन में से इसी भांति और तीन बार ले गया । यों चार बार में उस चोर ने ६५ भेड़ी चुरा लिईं ।

तो उस गंड़ेरिये के पास पहिले कितनी भेड़ी थीं और अन्त में कितनी बच रही सो कहो ।

उत्तर, पहिले ७९ भेड़ी थीं और अन्त में १४ भेड़ी बची ।

(३८) एक बनिये ने रुपया के ३० सेर के भाव से २० रुपयें के चने और २५ के भाव से ६४ रुपयें के चने मोल लिये और २० के भाव से भी और कुछ चने मोल लिये और ये तीनों प्रकार के चने इकट्ठे कर के सब २३ सेर के भाव से बेंच डाले तो उस में उस को ५ रुपये लाभ हुआ । तो उस ने २० सेर के भाव के चने कितने रुपयें के मोल लिये सो कहो ?

उत्तर, ५१ रुपयें के ।

(३९) अ और क इन दो मनुष्यों के पास कुछ २ सत्तु मिल के ११ पाव था । वे दोनों एक कूंवे पर जाके खाने के लिये बैठे । वहां एक तीसरा ग मनुष्य आया । तब उस ११ पाव सत्तु के समान तीन भाग कर के तीनों ने एक२ भाग खा लिया । अन्त में ग ने अ और क इन दोनों को मिल के ११ पैसे दिये और चला गया । उस में से गिनती लगा के अ ने ७ पैसे लिये और क ने ४ लिये । तो पहिले अ और क के पास कितना २ सत्तु था ?

उत्तर, अ के पास ६ पाव और क के पास ५ पाव सत्तु था ।

(४०) एक मनुष्य किसी दिन प्रातः काल में अपनी घड़ी के ५ बजे घर से चल के अपने मित्र के यहां गया तब मित्र की घड़ी में साढ़े पांच बजा था । वहां वह ५ घंटे बैठ के जिस गति से प्रातः काल में चला था उसी गति से और उसी मार्ग से अपने घर चला आया तब उस की घर की घड़ी में साढ़े ग्यारह बजा था । अब जो उस मनुष्य की और उस के मित्र की घड़ी की गति एकरूप और समान हो तो

उन दोनों घड़िओं के काल में कितना अन्तर था और उस मनुष्य को मार्ग में जाने वा आने में कितना काल लगा सो कहो?

उत्तर, दोनों घड़िओं के काल में १५ मिनिट का अन्तर था और मार्ग में जाने वा आने में ४५ मिनिट काल लगा ।

(४१) ३२० इस संख्या के ऐसे चार भाग करो कि जो पहिले में दो मिला देओ, दूसरे में ३ घटा देओ, तीसरे को ४ से गुण देओ और चौथे में ५ का भाग देओ तो चारों फल समान होवें?

उत्तर, ४२, ४७, ११ और २२० ।

(४२) एक जुआरी कुछ रुपये लेके जुआ खेलने बैठा । वह पहिली बार अपने द्रव्य का $\frac{१}{४}$ और एक रुपया का $\frac{१}{४}$ जीता फिर दूसरी बार जो उस के पास द्रव्य हुआ था उस का $\frac{१}{३}$ और एक रुपया का $\frac{१}{३}$ जीता और तिसरी बार फिर उस के पास जितना द्रव्य हुआ था उस का $\frac{१}{२}$ और एक रुपया का $\frac{१}{२}$ जीता । तब उस के पास पहिले जितना द्रव्य था उस से तिगुना हुआ । तो कहो वह पहिले कितने रुपये ले के खेलने बैठा था?

उत्तर, ३ रुपये ।

(४३) एक बाबू ने अपनी सेना वर्गाकार खड़ी किई तब १०० मनुष्य बच रहे । तब उस ने वर्ग के अनुसार हि एक २ पंक्ति में एक २ मनुष्य बढा दिया तब वर्ग का आकार पूरा होने में ४१ मनुष्य और चाहिये थे । तो कहो उस बाबू की सेना कितनी थी?

उत्तर, ५००० मनुष्य ।

(४४) एक मनुष्य का बाप मर गया तब उस को जितना धन मिला उस में से उस नें १००० रुपये घर के काम के लिये अलग रख के बचा हुआ द्रव्य एक बरस में व्यापार से दूना किया तब उस में से १००० रुपये फिर घर के काम के लिये अलग रख के बचा हुआ द्रव्य दूसरे

बरस में भी व्यापार से दूना किया । यों उस ने पांच बरस तक व्यापार किया अन्त में उस के पास सब द्रव्य पहिले से सप्तगुणा अर्थात् सात गुना हुआ । तब उस मनुष्य को बाप से कितना धन मिला सो कहो?

उत्तर, २४८० रुपये ।

(४५) दो अङ्कों की ऐसी एक संख्या है कि उस के एक स्थान के अङ्क से दश स्थान का अङ्क दूना है और जो उस संख्या में २७ घटा देओ तो शेष संख्या में उन्हीं दो अङ्कों की स्थिति पलट के रहती है वह संख्या क्या है?

उत्तर, ६३ ।

(४६) एक बनिये ने एक रुपये के १६ सेर के भाव से कुछ चावल और कुछ चावल १३ सेर के भाव से मिल के ३० रुपये को मोल लिये । और वे दोनों प्रकार के चावल इकट्ठे कर के उस ने सब १४ सेर के भाव से बेंच डाले तब उस में उस को कुछ लाभ नहीं हुआ । पर कुछ घाटा भी नहीं हुआ । तो उस ने दोनों प्रकार के चावल कितने २ रुपये के मोल लिये सो कहो?

उत्तर, १६ सेर के भाव के १० रुपये के और १३ सेर के भाव के २० रुपये के ।

(४७) गङ्गा जी में एक बड़ी नाव में नीचे ४१० सेर पानी आ गया था उस को अ और क ये दो मनुष्य एक २ पात्र ले के बाहर फेंकने लगे । उस में अ के पात्र से क के पात्र में दूना पानी समाता था । और अ मनुष्य ५ पल में ३ बार पानी बाहर फेंकता था और क मनुष्य ७ पल में २ बार फेंकता था । इस प्रकार से उन दोनों मनुष्यों ने एक घड़ी और १० पल में सब पानी बाहर फेंक दिया । तो हर एक मनुष्य के पात्र में कितना २ पानी समाता था?

उत्तर, अ के पात्र में ५ सेर पानी और क के पात्र में १० सेर ।

(४७) १६९ इस संख्या के पांच विभाग ऐसे करो कि पहिले विभाग को ६ से गुण के फल में ५ जोड़ देओ, दूसरे को ५ से गुण के ४ जोड़ देओ, तीसरे को ४ से गुण के ३ जोड़ देओ, चौथे को ३ से गुण के २ जोड़ देओ और पांचवें को दो से गुण के १ जोड़ देओ तो सब योग परस्पर समान होवें । तो वे विभाग क्या हैं सो कहो?

उत्तर, १९, २३, २९, ३९ और ५९ ये क्रम से विभाग हैं ।

(४९) एक बरस में सौ रुपयों को ५ रुपये व्याज के भाव से किसी मनुष्य ने कुछ ऋण लिया । साढे तीन बरस में उस का व्याज ऋण के छठवें अंश से १० रुपये अधिक हुआ । तो उस मनुष्य ने कितने रुपये ऋण लिया था सो कहो?

उत्तर, १२०० रुपये ।

(५०) एक महाजन ने १ बरस में सौ रुपयों को ५ रुपये व्याज के भाव से किसी मनुष्य को कुछ रुपये ऋण दिया । उस मनुष्य ने चौथे बरस के अन्त में उस महाजन के सब रुपये व्याज समेत चुका दिये । परन्तु जो वह महाजन अन्त में सब व्याज चक्र वृद्धि से लेता तो उस को १५५ रुपये और १ आना इतना व्याज अधिक मिलता । तो उस मनुष्य ने उस महाजन से कितने रुपये ऋण लिया था सो कहो?

उत्तर, १०००० रुपये ।

(५१) जिन दो संख्याओं में पहिली का $\frac{1}{3}$ और दूसरी का $\frac{1}{4}$ इन का योग १६ होता है और पहिली के $\frac{1}{5}$ में जो दूसरी का $\frac{1}{6}$ घटा देओ तो दो शेष रहता है वे संख्या क्या हैं?

उत्तर, ३० और २४ ।

(५२) अ ने क के पास जितने रुपये थे उतने और उस को दिये तब क ने अ के पास जितने शेष बचे थे उतने उस को फेर दिये

ऐसा देन लेन तीन बार भया । तब दोनों के पास चैांसट २ रुपये भये । तो पहिले हर एक के पास कितने २ रुपये थे?

उत्तर, अ, के पास ८५ श्रीर क, के पास ४३ रुपये ।

(५३) एक तलाव में कुछ कमल थे उस पर बैठने के लिये एक भ्रमरों का समूह आया । आते हि पहिले एक २ कमल पर एक २ भ्रमर बैठा । तब एक भ्रमर शेष बचा । फिर सब उड़े श्रीर एक २ कमल पर दो २ बैठे तब एक कमल शेष रहा । तो उस तलाव में कमल कितने थे श्रीर वे भ्रमर कितने थे?

उत्तर, कमल ३ श्रीर भ्रमर ४ ।

(५४) अ, के पास ११ मोती एक मोल के थे श्रीर क, के पास ८ हीरे एक मोल के थे श्रीर फिर जब उन में बहुत परस्पर स्नेह भया तब अ, ने ४ मोती क, को दिये श्रीर क, ने तीन हीरे अ, को दिये श्रीर सब मोती श्रीर हीरे उन्हों नें बेंच डाले । तब हर एक को २३० रुपये मिले । तब हर एक मोती का श्रीर हीरे का क्या २ मोल है सो कहो ।

उत्तर, मोती का मोल २० रुपये श्रीर हीरे का ३० रुपये ।

(५५) अ मनुष्य जो काम २४ दिन में करता है सो हि काम क मनुष्य ४० दिन में करता है तो वही काम अ श्रीर क मिल के कितने दिन में करेंगे?

उत्तर, १५ दिन में ।

(५६) अ श्रीर क ये दो मनुष्य मिल के जो काम २० दिन में करते हैं वही काम अकेला अ ३६ दिन में करता है तो वह काम अकेला क कितने दिन में करेगा?

उत्तर, ४५ दिन में ।

(५७) जिस भिन्न संख्या के अंश और छेद इन दोनों में १ जोड़ देओ तो उस का मान $\frac{१}{२}$ होता है और उन दोनों में १ घटा देओ तो उस का मान $\frac{१}{३}$ होता है। वह भिन्न संख्या क्या है?

उत्तर, $\frac{३}{७}$।

(५८) एक मनुष्य ने १२ रुपये की कुछ चवन्नी और दुअन्नी कर लिई उन में चवन्नी और दुअन्नी की संख्या समान थी तो उसने कितने रुपये की चवन्नी और कितने की दुअन्नी किई सो कहो।

उत्तर, ८ रुपये की चवन्नी और ४ रुपये की दुअन्नी।

(५९) अ और क दो मनुष्यों के पास कुछ रुपये थे। उनमें अ ने क से कहा कि मेरे पास जो और २५ रुपये होते तो मेरे पास तेरे रुपयों से दूने रुपये होते। तब क ने कहा कि मेरे पास जो और २० हि रुपये होते तो मेरे पास तेरे से तिगुना धन होता तो हर एक के पास कितने २ रुपये थे?

उत्तर, अ के पास १३ और क के पास १९ रुपये।

(६०) अ, ने क, से कहा कि जो तुम हम को १ रुपया देओ तो हमारे पास तुम से दूने रुपये हो जाएंगे और जो दो रुपये देओ तो तिगुने हो जाएंगे। तो हर एक के पास कितने २ रुपये थे?

उत्तर, अ, के पास ७ और क, के पास ५ रुपये।

(६१) एक पुरुष और उस की स्त्री दो मिल के एक बर्तन भर घी १० दिन में खाते थे। एक बेर ऐसा हुआ कि उन दोनों ने चार दिन उस में से घी साथ खाया फिर वह पुरुष कहीं बाहर चला गया तब पीछे बचा हुआ घी अकेली स्त्री ने २१ दिन में खाया तब अकेला पुरुष कितने दिन में सब घी खा सकेगा और अकेली स्त्री कितने दिन में खा सकेगी?

उत्तर, पुरुष १४ दिन में और स्त्री ३५ दिन में।

(६२) हर एक पुरुष को दो पैसे, स्त्री को डेढ़ पैसा और लड़के को धेला इस नियम से किसी दाता ने २० दरिद्रों को २० पैसे बांट दिये उन दरिद्रों में पुरुषों से लड़के ७ अधिक थे । तो बताओ उन में पुरुष, स्त्री और लड़के कितने २ थे ।

उत्तर, ६ पुरुष, १ स्त्री और १३ लड़के ।

(६३) कोई पुरुष उस की स्त्री और पुत्र इन तीनों के वय के वर्षों की संख्याओं का योग ६४ है उस में पुरुष और स्त्री इन के वयों के अन्तर के तुल्य पुत्र का वय था और ४ बरस पहिले स्त्री का वय पुत्र के वय से सात गुना था । तब उन तीनों का वय कितना २ था?

उत्तर, पुरुष का वय ३२ वर्ष, स्त्री का २५ और पुत्र का ७ ।

(६४) जिस भिन्न संख्या के अंश में १ घटा देओ और छेद में १ जोड़ देओ तो उस का मान $\frac{१}{२}$ होता है । और उस के अंश और छेद के अन्तर के तुल्य एक नया अंश और योग के तुल्य एक नया छेद मानो तो उस नई भिन्न संख्या का मान $\frac{१}{६}$ होता है तब वह पूर्व भिन्न संख्या क्या है?

उत्तर, $\frac{५}{७}$ ।

(६५) जिन दो संख्याओं में पहिली में १ घटाओ और दूसरी में ३ जोड़ देओ इन दो फलों का गुणनफल और पहिली में १ जोड़ देओ और दूसरी में दो घटा देओ इन दो फलों का गुणनफल प्रत्येक उन्हीं दो संख्याओं के गुणनफल के समान होता है । वे दो संख्या कौन हैं?

उत्तर, ५ और १२ ।

(६६) किसी गृहस्थ के घर पर चोरी हुई । उसी समय उस ने थोड़े काल तक इधर उधर खोजा पर कुछ मिला नहीं तब उस के मन में आया कि एक घण्टा भर पहिले जो मनुष्य यहां से गया वही चोर है

तब चोर जिस मार्ग में अपनी एकरूप गति से जाता था उसी मार्ग पर वह गृहस्थ भी उस चोर को पकड़ने के लिये अपनी एकरूप गति से चला । यह पहिले दो घण्टे तक इसी अपनी चाल से चला और तब यह जाना कि चोर मेरे से हर घण्टे में १ $\frac{१}{४}$ कोस अधिक चलता है । इस लिये उस ने तुरंत अपनी गति को दूना किया और जब वह घर से चला उस काल से ५ $\frac{१}{२}$ घण्टे में चोर को पकड़ा । तो चोर एक घण्टे में कितना चलता था और वह गृहस्थ आरम्भ में एक घण्टे में कितना चलता था और उस ने अपने घर से कितने अन्तर पर चोर को पकड़ा सो कहो ?

उत्तर, चोर हर घण्टे में ४ $\frac{१}{२}$ कोस चलता था, गृहस्थ पहिले हर घण्टे में ३ $\frac{१}{४}$ कोस चलता था, और अपने घर से २९ $\frac{१}{४}$ कोस पर चोर को पकड़ा ।

(६७) अ और क इन दो मनुष्यों को एक महाजन का कुछ २ ऋण था । अ ने महाजन को कुछ रुपये देके अपना $\frac{२}{३}$ ऋण दूर किया और इसी भांति क ने अपना $\frac{३}{४}$ ऋण दूर किया । तब अ को जितना ऋण शेष बचा उस से क को तिगुना ऋण बचा । जो इन को और तीन २ सौ रुपये अधिक ऋण होता और वे इसी भांति ऋण दूर करते तो अ के शेष ऋण से क का शेष ऋण दूना होता तो अ और क को कितना २ ऋण था ?

उत्तर, अ को ३७५ रुपये और क को १५०० रुपये ऋण ।

(६८) किसी महाजन के पास कुछ गौ घर पर थीं और कुछ गांव पर थीं । उन में हर महीने में घर की एक २ गौ को पांच २ रुपया और गांव की एक २ को दो २ रुपया लगता था । इस से गांव की सब गौओं के लिये जितना द्रव्य लगता था उस के दूने से एक रुपया अधिक इतना द्रव्य घर की सब गौओं के लिये लगता था । तब उस महाजन ने घर

को ९ गौ गांव पर भेज दिई इस से घर की और गांव की गौवों के लिये समान हि द्रव्य लगने लगा । तब पहिले उस महाजन की कितनी गौ घर पर थीं और कितनी गांव पर थीं?

उत्तर, घर पर २५ गौ और गांव पर ३१ ।

(६९) दो अङ्कों की एक ऐसी संख्या है कि जो उस में उन दो अङ्कों के योग का भाग देओ तो भजनफल ४ आता है और उस संख्या में जो उसी का आधा जोड़ देओ तो योग उन दो अङ्कों के योग के वर्ग के समान होता है । तो वह संख्या क्या है?

उत्तर, २४ ।

(७०) तीन संख्या ऐसी हैं कि जो उन में पहिली और दूसरी में एक २ जोड़ देओ तो पहिले योग से दूसरा योग दूना होगा, जो पहिली में और तीसरी में ६ जोड देओ तो पहिले योग से दूसरा योग तिगुना होगा और जो दूसरी में और तीसरी में १ जोड देओ तो पहिले योग से दूसरा योग चैागुना होगा । तो वे तीन संख्या क्या हैं सो कहो?

उत्तर, १, ३ और १५ ।

(७१) दो अङ्कों की एक संख्या ऐसी है की उस में जो ८ का भाग देओ तो लब्धि उन दो अङ्कों के योग के आधे के समान आती है और उस संख्या के दश स्थान के अङ्क के समान शेष रहता है । और उस संख्या के अङ्कों को पलट देने से जो संख्या बनेगी उस में जो ८ का भाग देओ तो भजनफल ६ आवेगा और पूर्व संख्या के एक स्थान के अङ्क के समान शेष बचेगा । तो वह संख्या क्या है?

उत्तर, ३५ ।

(७२) अ, क, ग और घ इन चार मनुष्यों ने सायंकाल के समय गांव के बाहर एक खेत में कुछ गड़ा हुआ धन देखा और आपुस में ठहराया कि कल प्रातःकाल आके यह सब धन बांट लेंगे । परंतु उस रात को

पहिले हि प्रहर में अ मनुष्य खेत में जाके उस ने उस सब धन के चार समान विभाग किये तो शेष कुछ नहीं रहा तब उस ने उस में से एक विभाग लेके तीन विभाग वहां रख दिये । फिर दूसरे प्रहर में क मनुष्य वहां गया उस ने शेष धन के समान चार विभाग किये तो शेष १ अशर्फी बची । तब क ने वह १ अशर्फी और एक विभाग लेके शेष धन वहां रख दिया। फिर तीसरे और चौथे प्रहर में क्रम से ग और घ मनुष्य वहां गये । इनों ने भी इसी प्रकार से उस में से धन लिया उस में ग के विभाग करने में दो अशर्फी और घ के विभाग करने में तीन अशर्फी बचीं । फिर दुसरे दिन प्रातःकाल चारो जने मिल के गये । उन्हो ने उस शेष धन के समान चार विभाग किये तो शेष कुछ नहीं रहा । तब वह एक २ विभाग चारों ने लिया और सब अपने २ घर चले गये । तब ऐसा जाना गया कि क और ग को जितनी अशर्फी मिलीं उन के योग से अ और घ के अशर्फिओं का योग ५६ अधिक था । तो सब धन में कितनी अशर्फी थीं और हर एक मनुष्य ने कितनी २ अशर्फी पाई सो कहो ?

उत्तर, सब धन में २०६० अशर्फी थीं और उस में से अ ने ६७७, क ने ५४९, ग ने ४५३ और घ ने ३८१ अशर्फी पाई ।

(७३) पांच मनुष्यों ने कुछ धन आपस में इस प्रकार से बांट लिया कि पहिले मनुष्य ने सब धन का चौथा भाग और २४३ रुपये लिये । फिर दूसरे ने जो शेष धन बचा उस का चौथा भाग और २४३ रुपये लिये । फिर जो शेष धन रहा सो भी क्रम से और तीन मनुष्यों ने इसी प्रकार से बांट लिया । तब अन्त में शेष कुछ नहीं रहा । तो बताओ वह सब धन कितना था और हर एक मनुष्य ने कितने २ रुपये लिये?

उत्तर, सब धन ३१२४ रुपये था और हर एक मनुष्य ने क्रम से १०२४, ७६८, ५७६, ४३२ और ३२४ रुपये लिये ।

(७४) एक बनिये ने कितने एक रुपयों के गेहूं १९ सेर के भाव के, कुछ रुपयों के १६ सेर के भाव के और ३३ रुपयों के १४ सेर के भाव के मोल लिये और ये तीनों प्रकार के गेहूं इकट्ठे करके सब १५ सेर के भाव से बेंच डाले तब उस में उस को १० रुपये लाभ हुआ। परंतु इन में जो पहिले दो प्रकार के गेहूं और छ२ रुपयों के मोल लेके मिला देता और सब १२ सेर के भाव से बेंचता तो उस को ४५ $\frac{3}{4}$ रुपये लाभ होता तो उस ने पहिले दो प्रकार के गेहूं कितने २ रुपयों के मोल लिये सो कहो?

उत्तर, पहिले प्रकार के गेहूं ३५ रुपयों के और दूसरे प्रकार के ४३ रुपयों के।

(७५) एक गाड़ी में चार चक्र थे। उन में आगे के समान दो चक्र छोटे थे और पीछे के समान दो चक्र बड़े थे। उस गाड़ी के ३६० हाथ भूमि चलने में जितनी बार बड़ा चक्र घूमता था उस से छोटा चक्र ९ बार अधिक घूमता था। परंतु बड़े चक्र का परिधि जो उस के $\frac{1}{5}$ के इतना और बड़ा होता और छोटे चक्र का परिधि उस के $\frac{1}{8}$ के इतना और बड़ा होता तो उतनी हि भूमि में जितनी बार बड़ा चक्र घूमता उस से छोटा चक्र १० बार अधिक घूमता। तो हर एक चक्र का परिधि कितने हाथ था सो कहो?

उत्तर, बड़ा परिधि १० हाथ और छोटा ८ हाथ।

(७६) एक कुण्ड में अ, क और ग ये तीन झरने थे। उस में केवल अ झरना खुला रखने से वह कुण्ड ३ घण्टे में भर जाता था और क खोल देने से ४ घण्टे में भर जाता था और ग खोल देने से पूरा कुण्ड दो घण्टे में खाली हो जाता था तो अ, क और ग इन तीनों को एक बेर खोल देने से वह कुण्ड कितने घण्टे में भर जावेगा?

उत्तर, १२ घण्टे में।

(७७) २९ और २३ इन दो संख्याओं के दो २ विभाग ऐसे करो कि उन दोनों संख्याओं के पहिले विभागों का योग २७ होवे और दूसरे विभागों का अन्तर १७ होवे।

उत्तर, २९ के क्रम से विभाग ८, २१ और २३ के १९, ४ अथवा २९ के विभाग २५, ४ और २३ के २, २१।

(७८) एक मनुष्य ने अपने मरणसमय में अपना सब धन अपने पुत्रों को बांट दिया सो इस प्रकार से कि उस का जितना धन था उस में से बड़े पुत्र को १२०० रुपये और शेष धन का $\frac{१}{९}$ (अर्थात् नौवां अंश) दिया। फिर जो शेष धन बचा उस में से दूसरे पुत्र को १८०० रुपये और शेष धन का $\frac{१}{९}$ दिया। यों ही आगे भी शेष धन में से हर एक पुत्र को उस के पहिले से ६० रुपये अधिक और शेष धन का $\frac{१}{९}$ दिया। तब अन्त में सब पुत्रों को समान धन मिला। तो उस मनुष्य का सब धन कितना था और उस को कितने पुत्र थे सो कहो?

उत्तर, सब धन ३३६०० रुपये था और ७ पुत्र थे।

(७९) तीन अङ्कों की एक संख्या ऐसी है कि उस में जो उन तीनों अङ्कों के योग का भाग देओ तो भजनफल ३० आता है और ६ शेष रहता है और उस संख्या में जो उस का आधा जोड़ के ३० घटा देओ तो शेष में उस संख्या के एक स्थान और शत स्थान के अङ्कों की स्थिति पलट जाती है और जो उस संख्या में ९ जोड़ देओ तो योग में उस संख्या के एक स्थान और दश स्थान के अङ्कों की स्थिति पलटती है तो वह संख्या क्या है?

उत्तर, ४५६।

(८०) दो अङ्कों की एक ऐसी संख्या है कि उस में ३ जोड़ के जो योग में उन दो अङ्कों के योग का भाग देओ तो भजनफल ३ आता है। परंतु उन दो अङ्कों की स्थिति को पलट देने से जो संख्या बनेगी

उन में ७ जोड़ के जो योग में उन दो अङ्कों के योग का भाग देओ तो लब्धि ८ आती है । वह संख्या क्या है?

उत्तर, ३७ ।

(८१) एक मनुष्य को पांच पुत्र थे । उस ने अपने मरण समय में अपना सब धन उन पांचों पुत्रों को इस प्रकार से बांट दिया । उस के जितने सब रुपये थे उन के समान पांच भाग किये तब एक रुपया शेष बचा । वह एक रुपया और एक भाग के रुपये सब बड़े लड़के को दिये तब जो शेष बचा उस के भी समान ५ भाग किये तब भी एकहि रुपया शेष बचा । वह एक रुपया और वह पांचवा भाग यह दूसरे लड़के को दिया और इसी प्रकार से और तीन लड़कों को भी धन दिया । तब अन्त में जो शेष धन बचा उस के भी समान ५ भाग किये तब शेष कुछ नहीं रहा तब उस ने वे पांचों समान भाग पांचों लड़कों को दे दिये । उस में सब से बड़े लड़के को सब से छोटे लड़के की अपेक्षा से ३६९ रुपये अधिक मिले । तब उस मनुष्य के कितने रुपये थे और हर एक लड़के को कितने२ रुपये मिले सो कहो ।

उत्तर, उस मनुष्य का सब धन ३१२१ रुपये और पांचो लड़कों को क्रम से ८२९, ७०४, ६०४, ५२४ और ४६० इतने रुपये मिले ।

(८२) अ और क ये दो मनुष्य अलग अलग ५००० रुपये लेके व्यापार करने लगे । कुछ दिन में अ को उस व्यापार में लाभ हुआ और क को घाटा हुआ । तब अ के पास क के बचे हुए धन से दूना धन हो गया । परंतु क को जितना घाटा हुआ इतना जो अ को लाभ होता और अ को जितना लाभ हुआ इतना क को घाटा होता तो अ के पास क के बचे द्रव्य से तिगुना द्रव्य हो जाता । तो अ को कितने रुपये लाभ हुआ और क को कितने रुपये घाटा हुआ सो कहो ।

उत्तर, अ को ३००० रुपये लाभ हुआ और क को १००० रुपये घाटा हुआ ।

(८३) एक नदी के तीर पर अ और क ये दो गांव परस्पर १२ कोस के अन्तर पर थे। उस में उस नदी का जल अ गांव से क गांव की ओर वेग से बहता था। एक डोंगी अ गांव से क गांव की ओर नदी के बीच धारा में चलाई वह दो घण्टे में क गांव में पहुंची। उस को फिर अ गांव में ले आना था और नदी के बीच धारा में जल का वेग बहुत था परंतु तीर के पास उस वेग का $\frac{1}{3}$ वेग था। इस लिये डोंगी को तीर के पास होके चलाया तब वह ३ घण्टे में अ गांव में पहुंची तो १ घण्टे में पानी की और डोंगी की गति कितनी २ थी।

उत्तर, १ घण्टे में पानी की गति १$\frac{1}{2}$ कोस और डोंगी की ४$\frac{1}{2}$ कोस।

(८४) अ, क और ग इन तीनों के मिल के १०००० रुपये थे उस में अ और क इन के रुपये मिल के क से १८४२ अधिक थे और क और ग इन के रुपये मिल के अ से २९१६ अधिक थे तब हर एक के कितने २ रुपये थे?

उत्तर, अ के ३५४२, क के २३७९ और ग के ४०७९।

(८५) एक बर्तन ६ सेर दूध और ४ सेर पानी इकट्ठा मिला के उस से भरा हुआ था और दूसरा बर्तन ३ सेर दूध और ५ सेर पानी मिला के उस से भरा हुआ था। अब इन दोनों बर्तनों में से कुछ कुछ मिश्र पदार्थ ले के एक तीसरा ९ सेर का बर्तन भर देना है ऐसा कि जिस में आधा दूध और आधा पानी होवे तो हर एक पात्र में से कितना २ मिश्र पदार्थ लिया चाहिये सो कहो?

उत्तर, पहिले में से ५ सेर और दूसरे में से ४ सेर।

(८६) एक बनिये ने कितने एक रुपयों के चावल १५ सेर के भाव से मोल लिये और कितने एक रुपयों के ११ सेर के भाव से लिये। और वे दोनों प्रकार के चावल इकट्ठे कर के १२ सेर के भाव से बेच

डाले। तब उस को उस में १०० रुपये लाभ हुआ। परंतु उस ने जितने रुपयों के चावल १५ सेर के भाव से मोल लिये उतने रुपयों के जो ११ सेर के भाव से मोल लेता और ११ के भाव के मोल लेने में जितने रुपये लगे उन रुपयों के १५ के भाव के मोल लेता और फिर इन को मिला के पहिले के नाई बेंच डालता तो उस में उस को ११० रुपये लाभ होता। तो उस ने कितने २ रुपयों के दोनों प्रकार के चावल मोल लिये?

उत्तर, ६१५ रुपयों के चावल १५ सेर के भाव से मोल लिये और ६४५ रुपयों के चावल ११ सेर के भाव से लिये।

(८७) एक मनुष्य के पास तीन थैली समान रुपयों से भरी हुई थीं वह तीनों थैली ले के बाजार में गया। वहां एक जवहरी की दूकान पर जाके अपनी एक थैली में से ५ रुपये निकाल लिये तब उस थैली में जितने रुपये बचे उतने उस जवहरी को दे के उस से दो हीरे मोल लिये। इसी प्रकार से अपनी दूसरी थैली में से १५ रुपये ले के शेष रुपये उस जवहरी को दिये और २४ मानिक मोल लिये और यों ही तीसरी थैली में से २५ रुपये ले के शेष रुपये जवहरी को दिये और उस से ५५ मोती मोल लिये। उस में एक हीरा, एक मानिक और एक मोती इन तीनों का मोल मिल के ८२ रुपये था। तो एक २ रत्न का अलग २ कितना मोल था और हर एक थैली में कितने रुपये थे सो कहो?

उत्तर, एक हीरे का मोल ७५ रुपये, मानिक का ५ रुपये और मोती का २ रुपये और हर एक थैली में १३५ रुपये थे।

(८८) किसी महाजन ने ७००० रुपयों के दो विभाग कर के अलग २ भाव से ब्याज दिये उस में बड़े विभाग में एक बरस में सौ रुपयों का जितना ब्याज था उस से छोटे विभाग में ३ रुपये अधिक था। पीछे कुछ काल में बड़े विभाग में सौ को एक रुपया ब्याज बढ़ा दिया

और छोटे में सा का उतना ही घटा दिया । इस से सब रुपयें का व्याज उस के $\frac{१}{४४}$ के इतना बढ गया । परन्तु जो बड़े विभाग में व्याज का भाव ज्यों का त्यों रख के छोटे विभाग में सा का व्याज दो रुपये घटाया जाता तो एक बरस में सब रुपयें के व्याज के $\frac{३}{४}$ से ५० रुपये अधिक व्याज आता । तो मूल धन के दो विभाग कितने २ थे और हर एक विभाग में सा का कितना २ व्याज था सो कहो?

उत्तर, बड़ा विभाग ४००० रुपये और छोटा ३००० रुपये और बड़े में एक बरस में सा को ५ रुपये व्याज और छोटे में ८ रुपये ।

(८९) एक आराम (अर्थात् बगीचा) आयत क्षेत्र के आकार का था उस में एक कोने में उसी आकार का एक तलाव ऐसा था कि उस का कर्णसूत्र आराम के कर्णसूत्र ही में था और उस की परिमिति (अर्थात् चारों भुजों का योग) आराम की परिमिति से ४२० हाथ न्यून थी और उस का क्षेत्रफल आराम के क्षेत्रफल का $\frac{१}{१६}$ अर्थात् षोडशांश था । जो उस आराम की लम्बाई ४ हाथ और अधिक होती और चौडाई ३ हाथ अधिक होती तो उस आराम का क्षेत्रफल ९७२ वर्ग हाथ बढ जाता । तो उस आराम की परिमिति कितनी थी और उस की लम्बाई और चौडाई कितनी २ थी?

उत्तर, आराम की परिमिति ५६० हाथ, लम्बाई १६० हाथ और चौड़ाई १२० हाथ ।

(९०) एक महाजन ने ३०३७ रुपयें के विषम तीन विभाग कर के तीन मनुष्यों को ऋण दिये । उस में एक बरस में सा रुपयें को ४ रुपये व्याज के भाव से पहिले मनुष्य को दिये, ५ रुपये व्याज के भाव से दूसरे को और ६ रुपये व्याज के भाव से तीसरे को दिये । उन तीनो मनुष्यों ने अढाई बरस में अपना २ व्याज समेत ऋण समान हि ले

आके महाजन को दे दिया उस से तीनों ऋणमुक्त हुए। तो उस महाजन ने हर एक मनुष्य को कितना२ ऋण दिया था सो कहो?

उत्तर, पहिले मनुष्य को १०३५ रुपये, दूसरे को १०१२ रुपये और तीसरे को ९९० रुपये ऋण दिया था।

(९१) अ, क और ग इन तीन बनियों के पास कुछ२ रुपये थे। उस में अ ने अपने रुपयों के १२ सेर के भाव से चने मोल लेके १० सेर के भाव से बेंच डाले। यों क ने अपने रुपयों की १० सेर के भाव से दाल ले के ८ सेर के भाव से बेंच डाली और ग ने अपने रुपयों के ८ सेर के भाव से चावल ले के ६ सेर के भाव से बेंच डाले। तब अ, क और ग इन तीनों को मिल के २१ रुपये लाभ हुआ। जो वे तीनों पहिले अपने सब रुपये इकट्ठे कर के उन सब के ९ सेर के भाव से गेहूं मोल ले के ७ सेर के भाव से बेंच डालते तो तीनों को मिल के २४ रुपये लाभ होता। परंतु पहिले व्यापार से इस व्यापार में क को जितना अधिक धन मिलता उतना हि ग को घाटा होता। तो हर एक बनिये के पास पहिले कितने२ रुपये थे?

उत्तर, अ के पास ३५, क के २८ और ग के २१ रुपये थे।

(९२) किसी दाता के द्वार पर कुछ पुरुष, स्त्री और लड़के भीख मांगने के लिये खड़े थे। उन में पुरुषों से स्त्री ४ अधिक थीं और स्त्रियों से लड़के ६ अधिक थे। तब वह दाता घर में से समान पैसों से भरी हुई तीन थैली बाहर ले आया। उन में एक थैली के पैसे सब पुरुषों को समान बांट दिये, दूसरी के सब स्त्रियों को और तीसरी के सब लड़कों को। तब जाना गया कि हर एक लड़के को जितने२ पैसे मिले उन से हर एक स्त्री को एक एक पैसा अधिक मिला और हर एक पुरुष को दो दो पैसे अधिक मिले। तो उन याचकों में पुरुष, स्त्री और लड़के कितने२ थे और प्रत्येक थैली में कितने पैसे थे?

उत्तर, २० पुरुष, २४ स्त्री और ३० लड़के और प्रत्येक थैली में १२० पैसे थे।

(९३) कोई मनुष्य एक दिन अपने गांव से दूसरे गांव चला । वह पहिले कुछ कोस तक अपनी साधारण गति से चला जब उस ने जाना कि जिस गांव पर जाना है वह यहां से ९ कोस दूर है तब उस ने अपने चलने का वेग १ घड़ी में एक कोस अधिक जाने का किया । परंतु जो वह अपने वेग को न बढ़ाता और अपनी साधारण गति से चलता तो उस दूसरे गांव में डेढ़ घड़ी पीछे से पहुंचता और जो प्रारम्भ ही से वह बढ़ाए हुए वेग से चलता तो उस गांव में १ घड़ी पहिले पहुंचता । तो उन दो गांव के बीच में कितने कोस अन्तर था?

उत्तर, १५ कोस ।

(९४) अ, क, ग, और घ ये चार भिन्न रत्नों के व्यापारी थे। उन में अ के पास समान मोल के १६ मानिक थे । वैसे ही क के पास २० नीलमणि, ग के पास ९२ मोती और घ के पास ७ हीरे थे। इन में हर एक ने अपने पास का एक २ रत्न और तीनों को दिया । तब सब के जितने २ रत्न हुए उन का द्रव्य तुल्य हुआ । अब चारो जात के चार रत्नों का मोल मिल के २५९ रुपये था । तो हर एक रत्न का मोल क्या था सो कहो?

उत्तर, एक मनिक का मोल ४४ रुपये, नीलमणि का ३३ रुपये, मोती का ६ रुपये और हीरे का १७६ रुपये ।

(९५) अ, क, ग और घ ये चार मनुष्य पशुओं का व्यापार करते थे उन में अ के पास ६ घोड़े, ३ ऊंट, ९ बैल और ८ कुत्ते इतने पशु थे और ये ही पशु, क के पास क्रम से ४, ८, ३ और २ थे, ग के पास ७, ५, २ और ३ थे और घ के पास ९, २, ४ और १ इतने थे । इन चारो व्यापारिओं ने अपने २ सब पशु बेंच डाले इस से सभों को समान रुपये मिले । अब इन में सब सजातीय पशुओं का मोल समान था और इन चारों जात के चार पशुओं का मोल मिल के १८६ रुपये था । तो हर एक पशु का मोल क्या था सो कहो ?

उत्तर, एक घोड़े का मोल ८१ रुपये, ऊंट का ७२, बैल का ३० और कुत्ते का ३ रुपये ।

(९६) एक कुण्ड में पानी आने के लिये चार झरने थे जो वे चारों खुले रहें तो एक दिन रात में अर्थात् २४ घण्टे में चारों झरनों से पानी मिल के ७३ मन आवे। और इतना उस कुण्ड में नहीं समाता था। परंतु जो पहिला झरना १२ घण्टे खुला रहे और तीनों दिन रात खुले रहें तो समय कुण्ड जल से भर जावे। वा जो दूसरा झरना ८ घण्टे खुला रहे और तीनों दिन रात खुले रहें तौभी कुण्ड समय जल से भर जावे। वा जो तीसरा झरना ६ घण्टे और सब तीनों २४ घण्टे तक खुले रहे तौभी वह जल से भर जाता था। ऐसा हि जो चौथा झरना केवल ४ घण्टे ४८ मिनिट तक खुला रहे और सब रात दिन खुले रहे तौभी एक अहोरात्र में सब कुण्ड जल से पूर्ण होता था। तो २४ घण्टों में हर एक झरने से कितना २ पानी आता था और उस कुण्ड में कितने मन पानी समाता था सो कहो।

उत्तर, पहिले झरने से २४ मन, दूसरे से १८, तीसरे से १६ और चौथे से १५ और उस कुण्ड में ६१ मन पानी समाता था।

(९७)। अ, क, ग और घ ये चार मनुष्य कुछ २ रुपये लेके इकट्ठे द्यूत खेलने बैठे उस में अ और घ के रुपये मिलके क और ग के रुपयों के योग से २४४ अधिक थे। उस खेल में पहिले अ मनुष्य जीता तब उस ने अपने पास जितने रुपये थे उतने २ रुपये और तीनों से ले लिये। फिर दूसरी बार खेल में क जीता तब उस ने भी अपने पास जितना धन था उतना २ धन औरों से लिया। तब क्रम से ग, और घ ये दोनो जीते उन्हों ने भी वैसा ही धन औरों से लिया। तब अन्त में सब के पास समान रुपये हो गये। तब खेल के आरम्भ में हर एक के पास कितने २ रुपये थे सो कहो।

उत्तर, अ के पास १२५, क के २२५, ग के ३०५ और घ के ३६९ रुपये।

(९८)। एक मनुष्य ने ३ रुपयों के ५ कबूतर, ५ रुपयों के ७ सारस पक्षी, ७ रुपयों के ८ हंस पक्षी और ८ रुपयों के ३ मोर इस भाव से १००

रुपयों के १०० पक्षी इसी भांति मोल लिये कि उनमें जितने सारस पक्षी थे उतने हि मोर थे और जितने रुपयों से हंस पक्षी मोल लिये उस से दूने रुपयों के मोर लिये तो बताओ उस मनुष्य ने वे चारों जाति के पक्षी कितने २ मोल लिये?

उत्तर, ४५ कबूतर, १४ सारस पक्षी, २७ हंस और १४ मोर ।

(९९) पांच मनुष्य अपने पास कुछ २ धन ले के इकट्ठे द्यूत खेलने बैठे उन में आरम्भ में पांचवे मनुष्य के पास जितने रुपये थे उस से पहिले मनुष्य के पास ३२५ रुपये अधिक थे । तब खेल में पहिले हि प्रथम मनुष्य हार गया तब उसने और चारों के पास जितना २ धन था उस के आधे से एक रुपया अधिक इतना २ धन सब को दिया । इसी भांति दूसरा तीसरा इत्यादि मनुष्य क्रम से हार गये और उन्हों ने भी ऐसा हि धन औरों को दिया । तब अन्त में सभों के पास समान रुपये हो गये । तब खेल के आरम्भ में हर एक मनुष्य के पास कितने २ रुपये थे सो कहो ।

उत्तर, पांचों मनुष्यों के पास क्रम से ४३५, ३००, २१०, १५० और ११० इतने रुपये थे ।

(१००) एक गढ के चारों कोनों पर मिल के १९४० योधा लोग रहते थे । एक बार जिस कोने पर थोड़े लोग थे उधर शत्रु आके लड़ने लगा तब उस कोने पर जितने लोग थे उतने हि उतने लोग और तीन कोनों से उस पर आके वहां से उस शत्रु को हटा दिया पर उन लोगों में से लड़ाई में आधे लोग मर गये । तब शत्रु दूसरे कोने पर गया वहां भी ऐसा हि हुआ और योंही तीसरे और चौथे कोने पर हुआ । फिर देखते हैं तो सब कोनों पर समान लोग हुए तो पहिले हर एक कोने पर कितने २ लोग थे?

उत्तर, पहिले कोने पर २७०, दूसरे पर ४५०, तीसरे पर ५७०, और चौथे पर ६५० ।

८३ । अब इस के उत्तर पक्रमों में प्रश्नसम्बन्धि कुछ विशेष कह के इस अध्याय को और पूर्वार्ध को भी समाप्त करते हैं ।

ऊपर के प्रक्रम में जो प्रश्न लिखे हैं इन में जहां किसी पदार्थ की सामान्य रूप से गति की चर्चा आवेगी वहां उस गति को एकरूप समझना चाहिये । जैसा । किसी मनुष्य की वा जल के प्रवाह की गति १ घड़ी में अ कोस कही हो तो वह मनुष्य वा जल दो घड़ी में २ अ कोस, तीन में ३ अ, चार में ४ अ और य घड़ी में अय कोस गति जानो । इसी प्रकार से कोसी झरने में से पानी के आने वा जाने की बात जहां हो वहां भी एक पल में जितना पानी आवेगा वा जायगा दो पल में उस से दूना, तीन पल में उस से तिगुना उत्यादि जानो । ऐसा हि कोइ मनुष्य जो कुछ काम बनाता हो उस में एक घड़ी में जितना बनता हो दो घड़ी में उस से दूना और अ घड़ी में उस से अ गुण इत्यादि । इसी प्रकार से सजातीय प्राणिओं के सामान्य रूप से बेंचने वा मोल लेने में सब सजातीय प्राणिओं का मोल समान जानो । इत्यादि सर्वत्र इस में गति की वृद्धि वा ह्रास और सजातीय पदार्थ का मोल इत्यादि को एकरूप समझो । और किसी की अनियत गति वा मान से प्रश्न का उत्तर न बनेगा ।

८४ । बीजगणितसंबन्धि प्रश्न के उत्तर में जब कि धन, धान्य आदि पदार्थ वा देश अर्थात् रेखा, क्षेत्र इत्यादि जिस में लम्बाई रहती है वा काल अर्थात् घड़ी, दिन मास इत्यादि इसी की संख्या प्रायः रहती है और वह अभिन्न वा भिन्न प्रत्येक धन वा ऋण होती है । उस में व्यक्तगणित में केवल संख्या का अभिन्नत्व और भिन्नत्व मात्र दिखलाया है परंतु उस के धनत्व और ऋणत्व की चर्चा उस में नहीं है । यह चर्चा बीजगणित में है । इस लिये अब हम पदार्थ, देश और काल इन के धनत्व और ऋणत्व के विषय में कुछ यहां संक्षेप से लिखते हैं ।

किसी के पास जो द्रव्य वा धान्य इत्यादि पदार्थ उसी का है वह उस का धन है इस लिये उस पदार्थ की संख्या धन कहाती है और जो पदार्थ उस के पास दूसरे का हो वह उस का ऋण है इस लिये उस पदार्थ की संख्या ऋण कहाती है। यों पदार्थ का धनत्व और ऋणत्व है। इसी प्रकार से जब एक स्थान से कोइ किसी एक दिशा में चला जाता है तब उस का उस स्थान से जितना अन्तर हो वह अन्तर देश उस का धन है। इस लिये उस अन्तर देश की संख्या धन कहलाती है। और जब वह उसी दिशा की विपरीत दिशा में चलेगा अर्थात् उसी मार्ग में पीछे चलेगा तब वह चलने का देश उस का ऋण है इस लिये उस उलटी दिशा में चले हुए देश की संख्या ऋण कहाती है। जैसा कोइ मनुष्य किसी नगर से पूर्व दिशा में १० कोस गया और फिर वहां से लौट के पश्चिम दिशा में अर्थात् पूर्व दिशा की विपरीत दिशा में ७ कोस पीछे चला गया तब यहां १० यह संख्या धन है और ७ यह ऋण संख्या है। यहां जो ऐसा प्रश्न हो कि वह मनुष्य तब उस नगर से कितनी दूर पर किस दिशा में होगा? तो यहां + १० और − ७ इन का योग + ३ है इस लिये वह मनुष्य उस नगर से ३ कोस पर होगा और तीन धन है इस लिये उस नगर से पूर्व दिशा में होगा। यह उस प्रश्न का उत्तर है। और जो वह मनुष्य लौट के पश्चिम दिशा में १२ कोस चला हो तो यहां १२ यह संख्या ऋण होगी। तब + १० और − १२ इन का योग − २ है इस लिये वह मनुष्य उस नगर से पश्चिम में दो कोस पर होगा। यह उत्तर है। यों देश का धनत्व और ऋणत्व है। और इसी भांति किसी क्षण से जैसा सूर्योदय से १० घड़ी बीती हैं यह १० संख्या धन है तब यहां से पीछे उलटा जो काल होगा उस की संख्या ऋण है। यों काल का धनर्णत्व है। यों सर्वत्र धन संख्या से विपरीत ऋण संख्या जानो। इस लिये प्रश्न के उत्तर में जो कोइ मान ऋण आवे तो जो वह वृद्धि का मान हो तो उतना ह्रास जानो। जो ह्रास का मान ऋण आवे तो उतनी वृद्धि समझो। यों जो लाभ का मान ऋण हो तो उतनी हानि

जानो । जो हानि का मान ऋण हो तो उतना लाभ जानो । इत्यादि । यों जो पूर्व देश का मान ऋण आवे तो वह पश्चिम देश का मान होगा । पश्चिम देश का मान ऋण हो तो पूर्व देश का होगा । यों उत्तर देश के ऋण मान को दक्षिण देश का और दक्षिण देश के ऋण मान को उत्तर देश का मान जानो । इत्यादि । इसी प्रकार से किसी क्षण से उत्तर अर्थात् भविष्यत् काल का मान जो ऋण आवे तो वह उस क्षण के पीछे का उलटा काल अर्थात् भूतकाल जानो । जो भूतकाल का मान ऋण आवे तो वह भविष्यत् काल का जानो । इत्यादि । यों ही जब प्रश्न के उत्तर में केवल संख्या का मान ऋण आवे तो प्रश्न की बोली में जहां उस संख्या को जोड़ने कहा होगा वहां घटाना और जहां घटाना कहा होगा वहां जोड़ देना कहो । इस लिये प्रश्न के उत्तर में जो ऋण मान आवे तो ऊपर जो ऋणत्व का प्रतिपादन किया है उस के अनुसार प्रश्न के उस उत्तर की प्रतीति कर लेओ ।

९५ । ऊपर के प्रक्रम में जो प्रतिपादन किया है उस का अच्छी भांति बोध होने के लिये इस में बीजसूत्र का लक्षण लिख के उस पर और कुछ विशेष लिखते हैं ।

बीजगणित के प्रश्न में जो मान व्यक्त अर्थात् ज्ञात हैं उन के स्थान में अ, क इत्यादि वा प, फ इत्यादि अक्षर मान के जो अव्यक्त राशि का मान उन्हीं अक्षरों में ले आओ तो अन्त में जो समीकरण उत्पन्न होता है अर्थात् जिस में अव्यक्त राशि के समान व्यक्त राशिओं के द्योतक अक्षरों में एक पक्ष उत्पन्न होता है वह समीकरण 'बीजसूत्र' कहलावे । इस बीजसूत्रसंज्ञक समीकरण में व्यक्त अक्षरों का उन की संख्याओं से उत्थापन करने से तुरंत अव्यक्त राशि का मान ज्ञात होता है । और इस प्रकार से जिस प्रश्न का बीजसूत्र उत्पन्न करो उस से उस प्रश्न के सजातीय जितने प्रश्न होंगे उन सभों का उत्तर केवल व्यक्त की रीति से जानने का सूत्र अर्थात् विधि उत्पन्न होता है । जैसा ऊपर

(९२) वे प्रक्रम में जिन प्रश्नों का गणित करके दिखलाया है उन में (८) वे और (९) वे प्रश्न के गणित में उस २ प्रश्न का बीजसूत्र उत्पन्न किया है। इस बीजसूत्र पर और विचार करने के लिये कुछ प्रश्न लिखते हैं।

प्रश्न १। जिस संख्या को अ में घटा के अन्तर को क में जोड़ देओ तो योग ग होता है वह संख्या क्या है?

मानो, य = वह संख्या

तब, क + (अ − य) = ग

∴ समक्रिया से, य = अ + क − ग।

इस लिये य = अ + क − ग, यह इस भांति के प्रश्न का बीजसूत्र है। इस में अ, क और ग इन का मान चाहो सो मान के उन का उत्थापन करने से य का मान तुरंत ज्ञात होगा।

जैसा। जो अ = ४, क = ५ और ग = ६ मानो

तो य = ४ + ५ − ६ = ३।

अर्थात् जिस संख्या को ४ में घटा के अन्तर को ५ में जोड़ देओ तो योग ६ होता है वह संख्या ३ है। क्यों कि ३ को ४ में घटा देने से अन्तर १ होता है इस को ५ में जोड़ देओ तो योग ६ होता है। इस लिये ३ यह उस संख्या का मान ठीक है।

परंतु जो अ = ५, क = ७ और ग = ४ मानो

तो य = ५ + ७ − ४ = ८।

अर्थात् जिस संख्या को ५ में घटा के अन्तर को ७ में जोड़ देओ तो योग ४ होता है वह संख्या ८ है। इस लिये उस संख्या का मान जो ८ कहें तो प्रश्न की बोली के अनुसार इस की प्रतीति नहीं होती। क्यों कि ८ यह संख्या पहिले हि ५ में नहीं घट सकती। यों लोक में यह उत्तर अनुपपन्न अर्थात् प्रतीति करने के योग्य नहीं है। इस लिये ऊपर के प्रक्रम में जो ऋणत्व का प्रतिपादन किया है उस के अनुसार इस प्रश्न की बोली यों पलट दिई जावे कि जिस संख्या में ५ घटा के अ-

न्तर को ७ में घटा देखो तो अन्तर ४ होता है तो इस प्रश्न का ८ यह उत्तर उपपन्न अर्थात् प्रतीति के योग्य हो सकता है।

इस प्रकार से श्रीभास्कराचार्य ने भी लिखा है कि

यत्र क्वचिच्छुद्धिविधौ यदेह
शोध्यं न शुध्येद्विपरीतशुद्धा ।
विधिस्तदा प्रोक्तवदेव किंतु
योगे वियोगः सुधिया विधेयः ॥

इस का अर्थ । यहां जब कहीं अन्तर करने में घटाने की संख्या न घट सके वहां उलटा घटा के (अर्थात् जिस में घटाना है उसी को घटाने की संख्या में घटा के) उस अन्तर से आगे जो विधि कहा हो उसी के अनुसार बुद्धिमान् सब गणित करे किंतु जहां योग करना हो वहां अन्तर करे।

इसी प्रकार से य = अ + क − ग इस बीजसूत्र में
जो अ = ३, क = ८ और ग = १३ मानो
तो य = ३ + ८ − १३ = − २ ।

अर्थात् जिस संख्या को ३ में घटा के अन्तर को ८ में जोड़ देखो तो योग १३ होता है वह संख्या क्या है? इस प्रश्न का उत्तर − २ आता है। परंतु केवल ऋण संख्या लोक में अनुपपन्न है इस लिये ऊपर के प्रक्रम के अनुसार इस प्रश्न की बोली यों पलट दिई जावे कि जिस संख्या को ३ में जोड़ के योग को ८ में जोड़ देखो तो योग १३ होता है तो वह संख्या २ है यह इस प्रश्न का उत्तर प्रतीति के योग्य होता है।

प्रश्न २ । आ मनुष्य का वय अ बरस है और का का क बरस है तो कब आ का वय का के वय से गगुण होगा?

यहां मानो कि य बरस के उपरान्त गगुण होगा
इस लिये अ + य = ग (क + य)
समक्रिया से, $य = \frac{अ - कग}{ग - १}$

इस लिये इस जाति के प्रश्न का $य = \frac{अ - कग}{ग - १}$ यह बीजसूत्र है। इस में अ, क और ग इन का इष्ट संख्याओं से उत्थापन करने से य का मान स्पष्ट होगा।

अब इस बीजसूत्र को देखने से स्पष्ट ज्ञात होता है कि जो इस में य का मान धन अभीष्ट हो तो क और ग इन के गुणनफल से अ का मान अवश्य बड़ा चाहिये नहीं तो य का मान ऋण होगा।

जैसा। जो अ = २५, क = ११ और ग = २

तो $य = \frac{२५ - ११ \times २}{२ - १} = ३$

अर्थात् आ का वय २५ बरस और का का ११ बरस हो तो तीन बरस उपरान्त आ का वय का के वय से दूना होगा।

परंतु जो अ = ३४, क = १८ और ग = २

तो $य = \frac{३४ - १८ \times २}{२ - १} = -२$ ।

यहां कग से अ का मान छोटा है इस से य का मान ऋण हो है इस लिये ऊपर के प्रक्रम में जो लिखा हैं उस के अनुसार यहां आ का वय ३४ बरस और का का वय १८ बरस हो तो आ का वय का के वय से दूना कब होगा? इस प्रश्न का यह उत्तर होगा कि दो बरस पहिले आ का वय का के वय से दूना था।

इस प्रकार से यहां स्पष्ट है कि धन मान जो भविष्यत्काल का हो तो ऋण मान भूतकाल का होगा।

प्रश्न ३। एक कुण्ड में अ, क और ग ये तीन पानी के झरने हैं उन में जो अ और क ये दो झरने एक काल में खोल देओ ते वह कुण्ड प घड़ी में जल से भर जाता है, जो अ और ग ये दो खोल देओ तो वह कुण्ड फ घड़ी में भरता है और क और ग इन दो झरनों को खोल देने से वह कुण्ड ब घड़ी में भरता है तो अलग २ एक २ झरना खुला रखने से वह कुण्ड कितनी २ घड़ी में भरेगा?

मानो कि अ, क और ग ये तीन झरने अलग २ काल में खुले रखने से क्रम से य, र और ल घड़ी में सब कुण्ड जल से भर जायगा

इस लिये $\frac{१}{य}+\frac{१}{र}=\frac{१}{प}$, $\frac{१}{य}+\frac{१}{ल}=\frac{१}{फ}$ और $\frac{१}{र}+\frac{१}{ल}=\frac{१}{ब}$ ।

∴ समक्रिया से, $य=\frac{२ पफब}{पब+फब-पफ}$, $र=\frac{२ पफब}{पफ+फब-पब}$,

और $ल=\frac{२ पफब}{पफ+पब-फब}$ ।

इस प्रकार से इस प्रश्न में तीन अव्यक्तों के लिये तीन बीजसूत्र हैं । इन में जो प = १२, फ = १५ और ग = २० हो

$$तो \quad य=\frac{२ पफब}{पब+फब-पफ}=\frac{७२००}{३६०}=२०,$$

$$र=\frac{२ पफब}{पफ+फब-पब}=\frac{७२००}{२४०}=३०,$$

$$और \quad ल=\frac{२ पफब}{पफ+पब-फब}=\frac{७२००}{१२०}=६० ।$$

अर्थात् एक कुण्ड में जो अ और क ये दो झरने एक काल में खोल देओ तो वह कुण्ड १२ घड़ी में जल से भरेगा, अ और ग को एक काल में खोल देओ तो १५ घड़ी में भरेगा और क और ग को खोल देओ तो २० घड़ी में भरेगा । तो अलग २ काल में हर एक झरने से कितनी २ घड़ी में वह कुण्ड जल से भरेगा? इस में अ, क और ग ये तीनो झरने अलग २ काल में खुले रखने से वह कुण्ड क्रम से २०, ३० और ६० घड़ी में भर जायगा ।

परंतु इन बीजसूत्रों में जो प = १२, फ = ३० और ब = ६० मानो

$$तो, \; य=\frac{२ पफब}{पब+फब-पफ}=\frac{४३२००}{७२०+१८००-३६०}=\frac{४३२००}{२१६०}=२०,$$

$$र=\frac{२ पफब}{पफ+फब-पब}=\frac{४३२००}{३६०+१८००-७२०}=\frac{४३२००}{१४४०}=३०,$$

$$ल=\frac{२ पफब}{पफ+पब-फब}=\frac{४३२००}{३६०+७२०-१८००}=\frac{४३२००}{-७२०}=-६० ।$$

अर्थात् अ, क और ग इन तीनों झरनों में दो २ झरने खुले रखने से जो वह कुण्ड क्रम से १२, ३० और ६० घड़ी में भरेगा तो केवल अ झरना खुला रखने से २० घड़ी में भरेगा, क खुला रखने से ३० घड़ी में भरेगा और ग झरने के काल का मान ऋण ६० घड़ी आया है परंतु

ऊपर के प्रक्रम में दिखलाया है कि काल की ऋण संख्या भूतकाल की अर्थात् पीछे के काल की द्योतक है । इस लिये जैसा अ और क झरनों के काल का मान धन है इस कारण से जब कुण्ड जलरहित है उस काल के उपरान्त २० घड़ी तक अ झरना खुला रहे वा ३० घड़ी तक क झरना खुला रहे तो वह कुण्ड जल से पूर्ण हो जाता है तैसा ग झरने के काल का मान ऋण होने से जब कुण्ड जलरहित है उस काल के पीछे ६० घड़ी तक ग झरना खुला रहे तो वह कुण्ड जल से पूर्ण रहता है । यह ६० घड़ी के ऋणात्व का अर्थ है । इस से स्पष्ट प्रकाशित होता है कि उस कुण्ड में अ और क ये दो झरने उस में पानी आने के लिये थे और इन से क्रम से २० और ३० घड़ी में वह कुण्ड जल से पूर्ण होता था । और ग यह झरना कुण्ड का पानी उस में से निकलने के लिये था और इस से वह कुण्ड भर जल ६० घड़ी में सब निकल जाता था ।

९६ । ऊपर के प्रक्रम में उस २ प्रकार के प्रश्न का उत्तर जानने के लिये अलग २ बीजसूत्र उत्पन्न करने का प्रकार दिखलाया । परंतु जिस से एकवर्णएकघातसमीकरणसंम्बन्धि प्रश्नमात्र का उत्तर ज्ञात हो ऐसा भी बीजसूत्र उत्पन्न हो सकता है । उस में लाघव के लिये जिन प्रश्नों में अव्यक्त राशि किसी व्यक्त संख्या से गुणा वा भागा हुआ हो वा अपने हि किसी अंश से जोड़ा हुआ वा घटाया हुआ हो ऐसे प्रश्नों के उत्तर के लिये एक छोटा बीजसूत्र होता है । और (एकवर्णएकघातसंबन्धि) सकल प्रश्नों के उत्तर के लिये एक बड़ा बीजसूत्र है । उस में पहिले बीजसूत्र से जो विधि उत्पन्न होता है उस को दृष्टकर्म कहते हैं और दूसरे से जो विधि बनता है उस को द्वीष्टकर्म कहते हैं । इन बीजसूत्रों के विधिओं से एकवर्णएकघातसंबन्धि समग्र प्रश्नों के उत्तर अव्यक्त अक्षर की कल्पना के विना केवल व्यक्त की रीति से ज्ञात हो सकते हैं । इस लिये अनन्तर के दो प्रक्रमों में क्रम से वे दो बीजसूत्र और उन के विधि लिखते हैं ।

९७। एकवर्णएकघातसमीकरणसंबन्धि प्रश्नों में जिन में अव्यक्त राशि किसी व्यक्त संख्या से गुणित वा भक्त वा अपने किसी अंश से सहित वा रहित हो उन में स्पष्ट है कि उन प्रश्नों से अय = क, ऐसा एक समीकरण उत्पन्न होगा। इन में क यह व्यक्त संख्या प्रश्न में ज्ञात रहती है इस को दृष्ट कहते हैं। अब ऐसे प्रश्न में जो अव्यक्त राशि का मान कोइ इष्ट अर्थात् चाहो सो मानो, जैसा इ, तो स्पष्ट है कि अइ यह क के समान न होगा किंतु और कोइ होगा सो मानो कि न होगा इस को निष्पन्न कहते हैं। तो अइ = न, यह दूसरा समीकरण है। इस से अ = $\frac{न}{इ}$। इस अ की उन्मिति को अय = क, इस समीकरण में अ के स्थान में रखने से $\frac{न}{इ} \times य = क \therefore य = \frac{क \times इ}{न}$। इस प्रकार से ऐसे प्रश्नों के उत्तर के लिये $य = \frac{क \times इ}{न}$ यह बीजसूत्र है। इस से यह नीचे लिखा हुआ विधि उत्पन्न होता है। इस विधि को इष्टकर्म कहते हैं।

इष्टकर्म। जिस ऐसे प्रश्न का उत्तर जानना हो उस में पहिले अव्यक्त संख्या के स्थान में जो चाहो सो संख्या मान लेओ उस को इष्ट कहते हैं उस में प्रश्न की बोली के अनुसार सब गणित करो तब अन्त में जो निष्पन्न होगा उस का इष्ट और दृष्ट इन के गुणनफल में भाग देओ जो लब्धि आवेगी वही अव्यक्तराशि का मान होगा। उस से प्रश्न का उत्तर स्पष्ट होगा।

उदा०। जिस संख्या को दो से गुणा के फल में उसी संख्या का आधा और तिहाई घटा देओ तो ४९ शेष रहता है वह संख्या क्या है?

मानो कि वह संख्या ६ है, तब

$$६ \times २ - ६ \times \frac{१}{२} - ६ \times \frac{१}{३}$$

$$= १२ - ३ - २ = ७ \text{ यह निष्पन्न है।}$$

और प्रश्न में ४९ दृष्ट है।

इस लिये $\frac{४९ \times ६}{७} = ४२$, यही अभीष्ट संख्या है। यह उत्तर।

९८। जब कि एकवर्णएकघातसमीकरणसम्बन्धि प्रश्न मात्र में अय + क, और गय + घ ऐसे दो समान पक्ष उत्पन्न होते हैं यह स्पष्ट है। इस लिये इन दो पक्षों का अन्तर अवश्य ० होगा

अर्थात् अय + क − (गय + घ) = ०

∴ (अ − ग) य + (क − घ) = ०

अब ऐसे प्रश्न में जो अव्यक्तराशि का मान इष्ट अर्थात् चाहो सो मानो जैसा इ तो स्पष्ट है कि इस से प्रश्न की बोली के अनुसार जो अइ + क और गइ + घ, ये दो पक्ष उत्पन्न होंगे ये परस्पर समान न होंगे इस लिये इन का अन्तर ० नहीं होगा। तो मानो कि इन दो पक्षों का अन्तर न है

अर्थात् अइ + क − (गइ + घ) = न

∴ (अ − ग) इ + (क − घ) = न

और ऊपर का समीकरण, (अ − ग) य + (क − घ) = ०

अन्तर करने से, (अ − ग) (इ − य) = न

इसी प्रकार से जो अव्यक्तराशि का मान कोई दूसरा इष्ट जैसा उ मानो और इस इष्ट से जो दो पक्ष होंगे उन का अन्तर म मानो तो ऊपर की युक्ति से (अ − ग) (उ − य) = म, यह समीकरण उत्पन्न होगा।

∴ भागहार से $\frac{(\text{अ} - \text{ग})(\text{इ} - \text{य})}{(\text{अ} - \text{ग})(\text{उ} - \text{य})} = \frac{\text{न}}{\text{म}}$

अर्थात्, $\frac{\text{इ} - \text{य}}{\text{उ} - \text{य}} = \frac{\text{न}}{\text{म}}$

वा, मइ − मय = नउ − नय

∴ (न − म) य = नउ − मइ

और $\text{य} = \frac{\text{नउ} - \text{मइ}}{\text{न} - \text{म}}$

इस प्रकार से एकवर्णएकघातसमीकरणसम्बन्धि प्रश्नों के उत्तर के लिये $\text{य} = \frac{\text{नउ} - \text{मइ}}{\text{न} - \text{म}}$ यह बीजसूत्र है। इस से उन प्रश्नों का उत्तर जानने के लिये नीचे लिखा हुआ सामान्य विधि उत्पन्न होता है। इस को द्वीष्टकर्म कहते हैं।

द्वीष्टकर्म। प्रश्न में जो अव्यक्त राशि होगा उस के स्थान में कोइ इष्ट संख्या मान के उस में प्रश्न की बोली के अनुसार सब गणित करके के समान दो पक्षों की संख्या सिद्ध करो जो वे दो संख्या परस्पर समान हों तो जो इष्ट माना है वही अव्यक्त राशि का मान होगा। परंतु जो वे संख्या परस्पर समान न हों तो उन का अन्तर करो और पहिले पक्ष की संख्या से दूसरे पक्ष की संख्या जैसी छोटी वा बड़ी होगी उस के अनुसार वह अन्तर धन वा ऋण जानो। इसी प्रकार से अव्यक्त राशि के स्थान में दूसरी एक इष्ट संख्या मान के दूसरा अन्तर धन वा ऋण सिद्ध करो। फिर पहिले अन्तर को दूसरी इष्ट संख्या से गुण देओ और दूसरे अन्तर को पहिली इष्ट संख्या से गुण देओ। तब जो वे अन्तर दोनों धन वा दोनों ऋण हों तो इन दो गुणनफलों के अन्तर में उन दो अन्तरों के अन्तर का भाग देओ। परंतु जो एक अन्तर धन हो और एक ऋण हो तो गुणनफलों के योग में अन्तरों के योग का भाग देओ। यों करने से जो लब्धि आवेगी वही अव्यक्तराशि का मान होगा। उस से प्रश्न का उत्तर स्पष्ट होगा।

उदा०। जिस संख्या को दो से गुण के फल में १७ घटा देओ तो शेष, उस संख्या के आधे से १ अधिक रहता है वह संख्या क्या है?

मानो कि वह संख्या १४ है,

तो $१४ \times २ - १७ = ११$, परंतु $१४ \times \frac{१}{२} + १ = ८$,

$\therefore ११ - ८ = ३$ यह पहिला अन्तर धन है।

फिर मानो कि वह संख्या १८ है,

तो $१८ \times २ - १७ = १९$ और $१८ \times \frac{१}{२} + १ = १०$,

$\therefore १९ - १० = ९$ यह दूसरा भी अन्तर धन है।

अब $३ \times १८ = ५४$ और $९ \times १४ = १२६$

इस लिये $\frac{१२६ - ५४}{९ - ३} = \frac{७२}{६} = १२$ यही अभीष्ट संख्या है। यह उत्तर।

बीजगणित का पूर्वार्ध समाप्त हुआ॥